seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ९ दिन
माँ सिद्धिदात्री
यह रूप आत्मसमर्पण का प्रतीक

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 55 ■ अंक : 286 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, सोमवार, 19 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

न्यूज इन ब्रीफ

फैक्टरी में भीषण लगी आग, अफरा-तफरी

लुधियाना। शहर के बहादुरके इलाके में रविवार को एक प्रिंटिंग फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार खजूर वाली गली स्थित आरवी निट्स इंडिया की फैक्टरी के ग्राउंड फ्लोर पर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते धुएं का गुबार उठने लगा और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

कार से तीन करोड़ रुपए बरामद

लखनऊ। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने खुफिया सूचना के आधार पर पिलखुवा के छिजारसी टोल के पास शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही एक कार से तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए। तलाशी के दौरान बैग से 35 लाख रुपये तथा कार के दरवाजों में बने गुप्त खानों से 2.65 करोड़ रुपये मिले। कार सवार लोग नकदी से संबंधित कोई दस्तावेज या स्रोत नहीं बता सके। इसके बाद डीआरआई ने मामला आयकर विभाग को सौंप दिया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आगामी चुनावों के मद्देनजर जांच को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, हालांकि नकदी का चुनाव से संबंध अभी प्रमाणित नहीं हुआ है।

पादरी की जमानत याचिका खारिज

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल में स्थानीय अदालत ने कथित धर्मांतरण मामले के मुख्य आरोपी पादरी रेगलीन इमैनुएल की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने अपराध की गंभीरता, पूर्व आपराधिक मामलों और गवाहों को प्रभावित किए जाने की आशंका को आधार माना। मामला 27 सितंबर को दर्ज हुआ था। शिकायत में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। मामले की न्यायिक प्रक्रिया जारी है।

बेकाबू हाथी ने महावत को पटका

वाराणसी। रामनगर के पंचवटी मैदान में रविवार को रामलीला के दौरान शामिल होने आया हाथी अचानक बेकाबू हो गया। हाथी ने अपने महावत को पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के लिए क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया। आजमगढ़ से लाया गया हाथी समाचार लिखे जाने तक नियंत्रण में नहीं आ सका था।

टैंकर से 2947 किलो पोस्त बरामद

सिरोही। पिण्डवाड़ा थाना पुलिस ने एक टैंकर से 2,947 किलो 100 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 4.42 करोड़ रुपये है। आरोपी टैंकर चालक शुभम चौहान निवासी जोधपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

आक्रोश ● पेरिस समेत कई शहरों में आगजनी और लूटपाट; सरकार ने कट्टरपंथी समूहों पर लगाया आरोप, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मैक्रो से सीमाएं बंद करने को कहा

बढ़ती महंगाई के खिलाफ फ्रांस में प्रदर्शन हिंसक, 1800 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए

पेरिस। फ्रांस में बढ़ती महंगाई, जीवनयापन की लागत और सरकारी सेवाओं की स्थिति के विरोध में निकाले गए प्रदर्शन हिंसक हो गए। देशभर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं सामने आईं। अधिकारियों के अनुसार, हिंसा के मामलों में करीब 1800 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदर्शन में लाखों लोग, कई शहरों में तनाव

शनिवार को हुए विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अधिकारियों के मुताबिक करीब 5.50 लाख लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग 8 लाख बताई। प्रदर्शनकारियों में छात्र, ट्रेड यूनियन सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठन शामिल थे। प्रदर्शन का उद्देश्य शुरूआत में महंगाई, शिक्षा व्यवस्था और सरकारी सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाना था, लेकिन बाद में कई स्थानों पर हालात बिगड़ गए। नकाबपोश समूहों ने सार्वजनिक इमारतों, दुकानों और सरकारी कार्यालयों को निशाना बनाया व लूटपाट भी की।



पेरिस में तोड़फोड़, पुलिस ने किया बल प्रयोग

राजधानी पेरिस में पुलिस ने हिंसा रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर और अन्य वस्तुएं फेंकीं। पुलिस के अनुसार, कई समूहों ने अनधिकृत मार्च निकाले और दोपहर बाद हिंसा शुरू हुई। एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई, जबकि पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के कई कर्मी घायल हुए। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू और गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने कहा कि कुछ लोग प्रदर्शन का फायदा उठाकर लूटपाट और अराजकता फैलाने में शामिल हुए। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

ऐतिहासिक इमारतों को नुकसान

लिमोजेस शहर में 143 वर्ष पुराने ऐतिहासिक सिटी हॉल का एक हिस्सा आग से क्षतिग्रस्त हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हिंसा के लिए बाहरी तत्वों को जिम्मेदार बताते हुए फ्रांस से सीमाएं बंद करने की अपील की है।

त्योहारी मांग से चीनी-दालों में तेजी, खाद्य तेल भी महंगे

एक सप्ताह में चीनी 239, तुअर दाल 390 रुपये प्रति क्विं. तक चढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजार में त्योहारी मांग बढ़ने से खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। बीते सप्ताह चीनी के साथ चावल, गेहूं, दालों और खाद्य तेलों के भाव में बढ़ोतरी हुई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार त्योहारों से पहले मिठाइयों और खाद्य सामग्री की मांग बढ़ने से चीनी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

अल नीनो की चुनौती

रबी सीजन पर चिंता

वर्ष 2026 का दक्षिण-पश्चिम मानसून समाप्त होने के बाद देश में सामान्य से 12.6 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। जून से सितंबर के दौरान 759.4 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य औसत 868.6 मिमी है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि तेजी से मजबूत हो रहा अल नीनो 2027 की शुरूआत तक मौसम को प्रभावित कर सकता है। इससे रबी फसलों, मिट्टी की नमी और जल स्रोतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर के उत्तर-पूर्वी मानसून से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

प्रमुख जिंसों के भाव में बदलाव

- **चीनी**: औसत भाव में 239 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सप्ताहांत में कीमत बढ़कर 5,386 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गई। खुदरा बाजार में भी चीनी करीब 2.40 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हुई।
- **गुड़**: कीमत में 24 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी दर्ज की गई।
- **चावल** : औसत भाव 193 रुपये बढ़कर 4,317 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।
- **गेहूं**: कीमत में 4 रुपये की तेजी के साथ भाव 2,891 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गया।
- **आटा** : इसके भाव में राहत रही और कीमत 14 रुपये घटकर 3,350 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।



दालों में उछाल

दालों में सबसे अधिक तेजी तुअर दाल में रही। बाजार में प्रमुख बदलाव इस प्रकार रहे–

■ तुअर दाल : 390 रुपये प्रति क्विंटल महंगी। ■ चना दाल : 203 रुपये प्रति क्विंटल तेज। ■ उड़द दाल : 203 रुपये प्रति क्विंटल महंगी। ■ मूंग दाल : 178 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। ■ मसूर दाल : 67 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

खाद्य तेलों में भी तेजी का रुख रहा

- **सरसों तेल:** 182 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त। ● **सोया तेल:** 122 रुपये प्रति क्विंटल महंगा। ● **वनस्पति:** 107 रुपये प्रति क्विंटल तेज।
- **पाम ऑयल:** 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। ● **मूंगफली तेल:** 56 रुपये प्रति क्विंटल
- **सूरजमुखी तेल:** 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

सत्ता परिवर्तन के दावों पर सवाल

शिमला। बीजेपी हिमाचल प्रदेश के महासचिव संजीव कटवाल ने राहुल गांधी और कांग्रेस से कथित सत्ता परिवर्तन की योजनाओं, प्रदर्शनकारियों को पैसे देने के आरोपों और महिला पुलिस अधिकारी से दुर्व्यवहार मामले पर जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बदलने का एकमात्र रास्ता जनता का जनादेश है। कटवाल ने हिंसा, धमकी और असंवैधानिक गतिविधियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।

एसआईआर रोकी जाए : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की पारदर्शिता और संवैधानिक मतदान अधिकारों की सुरक्षा के लिए आयोग में व्यापक सुधार जरूरी हैं।

जिला परिषद चुनाव की अधिसूचना आज जारी

प्रत्याशियों के पैनल तैयार हो रहे, कल जयपुर पहुंचेंगे, नामांकन प्रक्रिया 23 अक्टूबर तक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला परिषद सदस्यों के चुनाव की लोकसूचना 19 अक्टूबर 2026 को जारी होगी। इसके बाद नामांकन प्रक्रिया 23 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। 24 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच, 26 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी और इसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। जिला प्रमुख, उपप्रमुख, प्रधान और उपप्रधान के चुनाव की तिथियां राज्य निर्वाचन आयोग अलग से घोषित करेगा। पंच-सरपंच चुनाव चार चरणों में 24 अक्टूबर से 16 नवंबर तक होंगे। जिला परिषद डायरेक्टर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन की कवायद तेज कर दी है।

कांग्रेस ने करणपुर विधायक निवास पर बैठक कर संभावित उम्मीदवारों के पैनल पर चर्चा की, वहीं भाजपा ने जिला कार्यालय में बैठक कर प्रारंभिक पैनल तैयार किया। दोनों दलों में आगे भी मंथन जारी रहेगा। उधर, हनुमानगढ़ में भाजपा की बैठक सोमवार दोपहर 12 बजे प्रस्तावित है।

जैसलमेर में सेना का 'अखंड प्रहार-2' अभ्यास

जैसलमेर। मरुस्थलीय क्षेत्र में सैन्य तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय सेना की ब्लैक मेस ब्रिगेड और बैटल एक्स डिवीजन ने संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अखंड प्रहार-2' आयोजित किया। अभ्यास में आधुनिक सैन्य उपकरणों, तकनीक आधारित अभियानों और विभिन्न सैन्य इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल का परीक्षण किया गया। सेना ने बदलती युद्ध परिस्थितियों में त्वरित एवं सटीक कार्रवाई की क्षमता का प्रदर्शन किया। कोणार्क कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एवीएस राठी ने सैन्य क्षमताओं और परिचालन दक्षता की सराहना की।

14 लाख रुपए दो, सरकारी नौकरी लो

पूर्व उपराष्ट्रपति का रिश्तेदार बन करोड़ों रुपयों की ठगी

2.41 करोड़ रुपए ठगे, CBI ने दर्ज किया केस

नई दिल्ली। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर हरियाणा के कई लोगों से करीब 2.41 करोड़ रुपये ठगने के आरोप में सीबीआई ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पानीपत निवासी की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोप है कि आरोपियों ने खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति का रिश्तेदार बताकर लोगों का भरोसा जीता। शिकायत के अनुसार, अगस्त 2023 से शुरू हुई इस कथित ठगी में सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर उम्मीदवारों से 8 से 14 लाख रुपये तक वसूले गए। आरोप है कि फर्जी ईमेल, नियुक्ति पत्र, मेडिकल जांच, पुलिस सत्यापन और तीन माह की कथित ट्रेनिंग के जरिए पूरे भर्ती प्रक्रिया का नाटक रचा गया। उम्मीदवारों को सिरसा सहित विभिन्न स्थानों पर ले जाकर फर्जी प्रशिक्षण और परीक्षाएं भी कराई गईं। शिकायत में 11 अन्य पीड़ितों का भी उल्लेख है, जिनसे लाखों रुपये लेने का आरोप है। बार-बार मांगने पर केवल 3.5 लाख रुपये लौटाए गए। सीबीआई ने प्रारंभिक जांच में आरोपों को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए मामला दर्ज किया है।

सीएम बोले– महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता, 2023 की तुलना में महिला उत्पीड़न मामलों में 48% की कमी

महिला सुरक्षा को ताकत, 100 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शुरू

जयपुर।

नवरात्रि के अवसर पर राजस्थान में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को 100 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में इन यूनिटों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, स्वतंत्रता और समान अवसरों से जुड़ा मुद्दा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में तैनात महिला पुलिसकर्मियों को थानों में कार्यरत कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल और एएसआई की तरह यात्रा भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023 की तुलना में 2026 में महिला उत्पीड़न के मामलों में करीब 48 प्रतिशत की कमी आई है।



महिला सुरक्षा के लिए कई स्तरों पर प्रयास : मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 47 हजार असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। लगभग 50 लाख महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई, जबकि 18 लाख महिलाओं को साइबर सुरक्षा और 16.70 लाख महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ रोकने के लिए 65 एंटी रोमियो एस्कॉर्ट तैनात हैं। महिला हेल्पलाइन 1090 पर तीन वर्षों में 28 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अभय कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के माध्यम से 12,500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। महिला अपराध मामलों में अनुसंधान का औसत समय घटकर 48 दिन रह गया है। मुख्यमंत्री ने कालिका यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

■ सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया

मुख्यमंत्री ने सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने पर जोर देते हुए बताया कि इससे 2.60 लाख से अधिक सदस्य जुड़े हैं, जिनमें 84 हजार युवा और 29 हजार ग्राम रक्षक शामिल हैं। उन्होंने थानों में नियमित बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली, जुहू के पुष्पा पार्क के पास वारदात, बाइक सवार हमलावरों पर आरोप

मुंबई। मुंबई के जुहू स्थित पुष्पा पार्क क्षेत्र में रविवार को अभिनेता टाइगर श्रॉफ के पास फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार तीन अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी की। घटना के समय टाइगर अपनी कार से वहां से निकल रहे थे। मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभिनेता पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है।



ड्राइवर, एक अन्य घायल

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फायरिंग में टाइगर श्रॉफ के ड्राइवर और एक ऑटो चालक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

जांच में जुटी पुलिस

मुंबई पुलिस और अपराध शाखा ने हमलावरों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। घटना के समय पार्क के आसपास लोगों और प्रशंसकों की भीड़ मौजूद थी। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है और हमले के उद्देश्य का पता लगाने में जुटी है।

कथित जिम्मेदारी के दावे की भी जांच

सोशल मीडिया पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम से हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और इसकी सत्यता की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने कहा है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

पुलिस को मारने-पीटने या दुर्व्यवहार का अधिकार नहीं

मुजफ्फरनगर। खतौली पुलिस के दो कर्मचारियों पर गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए आरोपी से मार पीट करने का आरोप लगा है। आरोपी दीपक उर्फ शेरू ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर के समक्ष पेशी के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा पिटाई किए जाने की शिकायत की। न्यायाधीश ने आरोपी के बयान को केस डायरी में दर्ज करते हुए एसएसपी सूरज कुमार राय को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। न्यायालय ने कहा कि पुलिस को कानून के तहत कार्रवाई का अधिकार है, लेकिन किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट या दुर्व्यवहार करने का अधिकार नहीं है। जानकारी के अनुसार, खतौली पुलिस ने गश्त के दौरान सद्दीकनगर स्थित कनस्तर फैक्ट्री वाली गली से दीपक उर्फ शेरू को पकड़ा था।

कोर्ट ने जांच के दिए आदेश



आवासीय नक्शे की आड़ में बना डाला दो मंजिला व्यावसायिक भवन

अवैध निर्माण पर नगरपरिषद मेहरबान! तकनीकी रिपोर्ट में पुष्टि, फिर भी नोटिसों तक सिमटी कार्रवाई



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

ब्लॉक एरिया में निर्माण स्वीकृति के नियमों को ताक पर रखकर कथित रूप से किए गए निर्माण को लेकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। सबसे रोचक बात यह है कि नगर परिषद की तकनीकी शाखा के कार्मिकों की कमेटी अपनी रिपोर्ट में निर्माण को नियम विरुद्ध और अतिक्रमण मान चुकी है। इसके बावजूद मई से अब तक कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस जारी किए जाने का मामला सामने आया है।

शिकायतकर्ता राधेश्याम गोयल के अनुसार, ब्लॉक एरिया में धरनाराज निवासी 22 के ब्लॉक से संबंधित भवन का निर्माण नगर परिषद से आवासीय निर्माण की स्वीकृति लेकर करवाया गया था। स्वीकृत नक्शे के विपरीत भवन को तीन मंजिला बना दिया गया। गोयल के अनुसार निर्माण स्वीकृति भी महज 8.4 फीट गुणा 50 फीट क्षेत्र के लिए थी, जबकि मौके पर करीब 12 फीट गुणा 50 फीट क्षेत्र में निर्माण कर लिया गया। शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध करवाए दस्तावेजों के मुताबिक, नगर परिषद जुलाई से अब तक स्वीकृत निर्माण नक्शे के विपरीत किए गए निर्माण को लेकर कई नोटिस जारी कर चुकी है। प्रत्येक नोटिस में कथित रूप से नियम विरुद्ध निर्माण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि निर्धारित अवधि में निर्माण नहीं हटाने पर नगर परिषद नियमानुसार कार्रवाई करेगी और कार्रवाई पर होने वाला खर्च भी संबंधित पक्ष से वसूल किया जाएगा।

सात दिन का अल्टीमेटम, लेकिन कार्रवाई का अता-पता नहीं

शिकायतकर्ता गोयल के अनुसार नोटिस पर नोटिस जारी होने के बावजूद न तो कथित अतिक्रमण हटाया गया और न ही कार्रवाई हुई। शिकायतकर्ता राधेश्याम गोयल का आरोप है कि करीब 13 दिन पूर्व भी नगर परिषद आयुक्त की ओर से संबंधित भवन मालिक को अतिक्रमण के संबंध में नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद नोटिस में निर्धारित समयावधि गुजर जाने के बाद भी मौके पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि लगातार नोटिस जारी होने के बावजूद यदि निर्माण यथावत बना हुआ है। इतना ही नहीं गोयल के पुत्र के अनुसार अधिकारियों ने उनके मोबाइल नंबर को भी ब्लॉक कर दिया। शिकायतकर्ता राधेश्याम गोलय के अनुसार, इसी प्रकरण में पिछले वर्ष तत्कालीन अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) की ओर से एक कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी की जा चुकी है। परन्तु इसमें भी कार्यवाही को करीब एक साल से नगरपरिषद अधिकारियों ने दबा रखा है। वहीं जब इस संबंध में निर्माण शाखा के अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उनके फोन ऑउट ऑफ कवरेज एरिया बता रहा था।

खाटू श्याम धाम में भव्य संकीर्तन



श्रीगंगानगर। सुदामानगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर में आयोजित भव्य संकीर्तन में श्रद्धालु माता जगदम्बे और बाबा श्याम के जयकारों से भाव-विभोर हो गए। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि जयमल टाक, राजेश, राजन, केवी मिड्ढा और लविश ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर को पापांकुशा एकादशी महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा तथा रात्रि 7 बजे से भजन संध्या होगी। वहीं 25 अक्टूबर को तपोवन ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 5 19 अक्टूबर

सीमा सन्देश

ट्रैक्टर, टायर और पार्ट्स की नई कीमत अलग पूछें, फिर समझें कंपनी का फेस्टिवल डिस्काउंट

जीएसटी घटा, ट्रैक्टर की कीमत में कितनी राहत मिली? त्योहार के ऑफर में कहीं दब न जाए आपका फायदा!

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

ट्रैक्टर खरीदने की योजना बना रहे हैं तो शोरूम में मिलने वाले त्योहार के ऑफर पर फैसला लेने से पहले जीएसटी में हुई कटौती का हिसाब जरूर समझ लें। सरकार ने ट्रैक्टर पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। टायर और ट्रैक्टर के कई पार्ट्स पर भी जीएसटी में राहत दी गई है। ऐसे में किसानों के लिए जरूरी है कि वे जानें कि इस बदलाव से कीमत में कितनी कमी आनी चाहिए और वास्तव में उन्हें कितनी बचत मिल रही है। सीमा संदेश के विशेष जागरूकता अभियान 'जागो किसान जागो' की इस कड़ी का उद्देश्य किसानों को जीएसटी की राहत, ट्रैक्टर की कीमत और त्योहार के दौरान मिलने वाले ऑफर के बीच का अंतर समझाना है, ताकि वे पूरी जानकारी के साथ खरीदारी का फैसला ले सकें।

जीएसटी की राहत और त्योहार का ऑफर अलग-अलग समझें: त्योहारों के दौरान ट्रैक्टर कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एक्सचेंज बोनस, नकद छूट, मुफ्त सामान और अन्य आकर्षक ऑफर देती हैं। ऐसे में किसान के लिए यह समझना जरूरी है कि उसे मिलने वाली राहत में जीएसटी कटौती का कितना हिस्सा है और कंपनी की ओर से कितना अतिरिक्त डिस्काउंट दिया जा रहा है। शोरूम में यदि बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर बड़ी छूट मिल रही है, तो केवल कुल छूट सुनकर निर्णय न लें। डीलर से पहले जीएसटी में कटौती के बाद ट्रैक्टर की संशोधित कीमत पूछें। इसके बाद त्योहार के ऑफर, एक्सचेंज बोनस और अन्य छूट का अलग-अलग ब्योरा लें। इससे पता चल सकेगा कि सरकार की ओर से मिली कर राहत का लाभ कीमत में कितना दिखाई दे रहा है और कंपनी की ओर से वास्तविक अतिरिक्त छूट कितनी है।

पुरानी कीमत से करें नई कीमत की तुलना: किसान ट्रैक्टर खरीदने से पहले कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर संबंधित मॉडल की मौजूदा कीमत देखें। इसके बाद शोरूम से लिखित कोटेशन लेकर दोनों का मिलान करें। तुलना करते समय यह भी स्पष्ट करें कि बताई गई कीमत एक्स-शोरूम है या उसमें बीमा, पंजीकरण, अन्य शुल्क और अतिरिक्त सामान भी शामिल हैं। यह ध्यान रखें कि जीएसटी दर में कमी का अर्थ हर ट्रैक्टर की कुल कीमत में एक समान प्रतिशत की कमी होना नहीं है। अंतिम कीमत पर मॉडल, मूल कीमत, अन्य शुल्क और लागू कर दरों का असर पड़ता है। इसलिए सही तुलना के लिए पुराने और नए मूल्य का स्पष्ट ब्योरा लेना जरूरी है।

टायर और पार्ट्स खरीदते समय भी पूछें हिसाब: जीएसटी में राहत का मामला केवल नया ट्रैक्टर खरीदने तक सीमित नहीं है। किसान ट्रैक्टर के टायर, स्पेयर पार्ट्स और मरम्मत से जुड़ा सामान खरीदते समय भी बिल में लागू जीएसटी दर जरूर देखें। यदि कोई सामान बदलवाया जा रहा है, तो दुकानदार से सामान की मूल कीमत और कर की राशि अलग-अलग लिखवाएं। इससे पता चलेगा कि कर में मिली राहत का लाभ बिल में दिखाई दे रहा है या नहीं।

छूट मौखिक नहीं, लिखित में लें

किसान डीलर से मिलने वाले ऑफर की शर्तें लिखित में लें। यदि एक्सचेंज में पुराना ट्रैक्टर दिया जा रहा है, तो उसकी कीमत, नए ट्रैक्टर की कीमत और अलग से मिलने वाले बोनस का ब्योरा भी मांगें। इससे अलग-अलग कंपनियों और शोरूम के ऑफर की निष्पक्ष तुलना की जा सकती है।

युद्ध ने छिन ली किसानों को मिलने वाली राहत

कृषि में उपयोग होने वाले वाहन यानी ट्रैक्टर पर पहले 5 से 7 प्रतिशत जीएसटी था। परन्तु करीब दो-तीन साल पहले सरकार ने इसे बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया। इससे ट्रेक्टर की लागत काफी बढ़ गई। किसानों द्वारा कृषि में उपयोग होने वाले संसाधन और उपकरणों पर जीएसएटी कम करने की मांग की गई। इस पर सरकार ने गत वर्ष ट्रैक्टर पर 7 प्रतिशत कम कर दी। जीएसटी कम होने रेटों में भारी कमी आई और ट्रैक्टरों की मांग बढ़ी। परन्तु इसी बीच अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते ट्रैक्टर निर्माण इस्तेमाल में आने वाली सामग्री और ईंधन महंगा हो गया। नतीजा यह हुआ कि कम्पनियों ने एक माह बाद ही धीरे-धीरे इनके दाम बढ़ा दिए। परिणाम स्वरूप जीएसटी कम होने के बाद भी वर्तमान में रेट वहीं है जो 12 प्रतिशत जीएसएटी पर थे। कम्पनियां ट्रैक्टर खरीदने वाले किसानों/ग्राहकों को कोई खास ऑफर या छूट भी नहीं दे रही। इससे बिक्री पर असर पड़ा है। फिलहाल कूपन दिए जा रहे ड्रा के रूप में। वह भी जरूरी नहीं कि हर खरीददार के निकले। इसमें 1 से 2 हजार रुपए का इनाम होता है।

- विनोद खुराना, खुराना आईसर, सूरतगढ़ रोड श्रीगंगानगर

6 माह तक लाभ मिला था

जीएसटी घटने के बाद 6 माह तक किसानों/खरीददारों को इसका पूरा फायदा मिला था। पिछले एक साल में कम्पनियों ने दो बार इसके दाम भी बढ़ा दिए। परन्तु यह ज्यादा नही बढ़े। ट्रैक्टर की बिकवाली पहले के मुकाबले काफी कम है। यह पूरी खेती और मानसून पर निर्भर है। इस बार दोनों ही मामले में हमारा इलाका पिछड़ा है। जब छूट थी तब 4 लाख वाले ट्रेक्टर पर 28 हजार और 7 लाख वाले ट्रैक्टर पर 50 हजार रुपए तक का फायदा खरीदारों को हुआ था।

- विनोद कुमार
श्री ट्रैक्टर फार्मट्रेक डीलर

बिल में इन 5 बातों की जरूर करें जांच

- ट्रैक्टर के मॉडल की जीएसटी कटौती के बाद लागू कीमत।
- बिल में जीएसटी की दर और उसकी राशि।
- कंपनी का त्योहार डिस्काउंट और एक्सचेंज बोनस अलग-अलग।
- बीमा, पंजीकरण और अन्य शुल्क का स्पष्ट ब्योरा।
- कंपनी की वेबसाइट, शोरूम के कोटेशन और अंतिम बिल में कीमत का अंतर।

सीमा संदेश की सलाह

जीएसटी में कटौती सरकार की ओर से दी गई कर राहत है, जबकि त्योहार का डिस्काउंट कंपनी या डीलर की योजना हो सकता है। दोनों को एक ही छूट बताकर पेश किए जाने के बजाय उनका अलग-अलग हिसाब समझें। आपका अधिकार है कि खरीदारी से पहले कीमत, कर और छूट का पूरा ब्योरा जानें। जागरूक किसान ही अपने पैसे का सही मूल्य प्राप्त कर सकता है।

जागो किसान जागो अभियान के तहत जानिए जीएसटी कटौती का पूरा हिसाब

कल · 20 अक्टूबर
"कागज़ ही असली ताकत"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

मकान तोड़कर नकदी और गहने चोरी

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। वार्ड नं. 8 में मकान का ताला तोड़कर नकदी व गहने चोरी करने का मामला सामने आया है। महिला अपने बेटे के साथ बीकानेर दवाई लेने गई थी। उसकी रिपोर्ट पर सिटी पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सुखदीप कौर पत्नी सतनाम सिंह ने बताया कि वह 16 अक्टूबर को सुबह करीब 6 बजे मकान पर ताला लगाकर बेटे लवप्रीत सिंह के साथ बीकानेर गई थी। अगले दिन दोपहर करीब 2:45 बजे मोटरसाइकिल पर दो युवक उसके घर पहुंचे। आरोप है कि एक युवक दीवार फांदकर अंदर घुसा और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। इसी दौरान एक राहगीर ने युवक को घर से निकलकर दीवार फांदते देखा और शोर मचा दिया। लोगों के एकत्रित होने पर दोनों युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। पड़ोसी मोतीराम ने फोन कर महिला के बेटे को घटना की जानकारी दी। शनिवार शाम करीब 7 बजे घर लौटने पर महिला को मुख्य दरवाजे और कमरे का ताला टूटा मिला। कमरे में सामान बिखरा था। महिला के अनुसार, अलमारी से 15 हजार रुपए नकद, चार तोले की चांदी की चेन, आर्टिफिशियल चूड़ियां, एक जोड़ी झुमकी सहित अन्य सामान गायब था। महिला ने हरदीप सिंह निवासी ढालिया और सलमान खान निवासी गांव नवा, हनुमानगढ़ पर चोरी में शामिल होने का संदेह जताया है। पुलिस ने जांच एएसआई राजेंद्र कुमार को सौंपी है। इसके अलावा भी त्रिमूर्ति मंदिर के पास दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी चोरी होने की सूचना है।

हेरोइन सहित एक पकड़ा

सूरतगढ़। श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे-62 पर मानकसर के पास फ्लाईओवर के नजदीक पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को 4.01 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। पुलिस के अनुसार सिटी थाने के सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने गश्त के दौरान फ्लाईओवर के पास यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान वार्ड नंबर 31 निवासी वेद प्रकाश तंवर के रूप में की है। मामले की आगे की जांच सदर थाने के उप निरीक्षक संपतराम धायल के सुपुर्द की गई है।

श्री दुर्गा महाष्टमी महोत्सव पर आज 3100 ज्योत की महाआरती, 108 कन्याओं का होगा पूजन



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रि श्री दुर्गा महाष्टमी महोत्सव के तहत सोमवार को रात्रि 8 बजे श्री दुर्गा मंदिर में 3100 ज्योत की महाआरती होगी। पं. ऋषिराज शर्मा, पं. मनोज दुबे, पं. घनश्याम मिश्रा तथा पं. शेषनारायण उपाध्याय द्वारा विधि-विधानपूर्वक माँ दुर्गा का पूजन किया जाएगा। इस मौके पर यजमानों द्वारा 108 कन्याओं का पूजन किया जाएगा तथा महाआरती के पश्चात भक्तों को माता रानी का खजाना व प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री दुर्गा मन्दिर प्रबन्धक समिति सचिव राजेश वाटस ने बताया कि विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित नवरात्रि महोत्सव के तहत रविवार को भक्तों द्वारा लगातार दूसरे दिन माँ भगवती के सातवें स्वरूप माँ कालरात्रि का पूजन किया गया। माता की पूजा-अर्चना के लिए श्री दुर्गा मंदिर में प्रातःकाल से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रातःकाल एवं सायंकाल आरती की जा रही है। छोटी कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर एवं नारियल व उपहार देकर कन्या पूजन किया जाता है। मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी लाइटों व चुन्नियों से सजाया गया है।

पदमपुरः दृष्टिहीन बालिका को मिली स्कूटी

सीमा सन्देश # पदमपुर



समाजसेवी शिव कुमार गोयल की प्रेरणा से भामाशाहों ने गांव नेतेवाल निवासी दृष्टिहीन दिव्यांग बालिका के परिवार को स्कूटी उपलब्ध करवाई। बालिका को अंध विद्यालय श्रीगंगानगर आने-जाने में परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मानवता के इस प्रयास से दिव्यांग बालिका और उसके परिजनों को राहत मिली। परिजनों ने सहयोग करने वाले भामाशाहों और प्रेरक शिव कुमार गोयल का आभार जताया।

70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद, 23 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहरनगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिक्री की राशि और कंप्यूटर कांटा भी बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार रविवार को जवाहरनगर थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए वासु पुत्र सतपाल छजगरिया(23 वर्ष) निवासी छजगरिया मोहल्ला, अशोकनगर बी, श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), बिक्री की राशि और कंप्यूटर कांटा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 451/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक नरेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पंजाब से हेरोइन लाकर श्रीगंगानगर में सप्लाई करता था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

कार ट्रक भिड़ंत एक की मौत, चार घायल

सीमा सन्देश# सूरतगढ़। अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाईवे पर रोही ठेठार के पास कार-ट्रक भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत और चार जनों के घायल होने के मामले में राजियासर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हादसा शनिवार सुबह करीब पौने 9 बजे चक 3टीटीडी के पास हुआ था। पुलिस के अनुसार हरियाणा के सिरसा जिले के मीरपुर निवासी रामनिवास ने रिपोर्ट दी कि उसका चचेरा भाई मनोज कुमार, भाई बलवंत, भाभी अंजू रानी, बहन कलावती और भतीजा आशीष हुंडई आई-20 कार से कतरियासर से लौट रहे थे। रोही ठेठार के पास आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक लेन बदल दी। इससे कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी। हादसे में मनोज कुमार की मौत हो गई। जबकि बलवंत, अंजू रानी, कलावती व आशीष घायल हो गए। घायलों को हनुमानगढ़ के सिविल चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम यहां राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक नूर मोहम्मद को सौंपी है।

डांडिया की थाप पर झूमे विद्यार्थी और अभिभावक

बिरला पब्लिक स्कूल में 'स्टार दशहरा कार्निवल' की धूम



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

बिरला पब्लिक स्कूल में 17 अक्टूबर को 'स्टार दशहरा कार्निवल' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्या सुशीला सहारण एवं प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने किया। कार्निवल में विद्यार्थियों द्वारा खान-पान, हस्तशिल्प और मनोरंजक खेलों के 45 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनसे बच्चों ने उद्यमिता व प्रबंधन के व्यावहारिक गुर सीखे। एक हजार से अधिक अभिभावकों व बच्चों ने डांडिया, स्वादिष्ट व्यंजनों और प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। फैंसी ड्रेस, सर्वश्रेष्ठ डांडिया नृत्य व परिधान विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उपप्राचार्या सुशीला सहारण व प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। आयोजन गतिविधि समन्वयक खुशबू झा एवं बर्सर सुमित चक्रवर्ती के पर्यवेक्षण में सभी समन्वयकों और शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सूरतगढ़ः ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में नवनिर्वाचित पार्षदों का अभिनंदन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र में नगरपालिका के नवनिर्वाचित मंडल का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। सेवा केंद्र संचालिका बीके रानी ने पार्षदों का सम्मान करते हुए जनसेवा में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़, बीके रानी, रमेश आसवानी, बीके पुष्पा और नरेश भाई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रमेश आसवानी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विश्व के 140 देशों में इसके सेवाकेंद्र संचालित हैं। बीके रानी ने कहा कि राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। आध्यात्मिकता और राजयोग से जनप्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता तथा सेवा भावना मजबूत होती है। पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए शहर विकास के लिए निष्पक्ष और सेवाभाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया। समारोह में पार्षदों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर

अखंड राम नाम संकीर्तन को कल दिया जाएगा विश्राम

नवरात्र की संध्या आरती में पहुंच रही श्रद्धालुओं की भीड़

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



सूरतगढ़ रोड स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में आयोजित 37वें वार्षिकोत्सव के तहत चल रहे दस दिवसीय अखंड राम नाम संकीर्तन और भंडारे का भक्तिमय माहौल चरम पर है। मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचकर श्रीराम दरबार में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। आयोजन के दौरान रविवार को प्रसिद्ध कथावाचक वृंदावनवास मारुतिनंदन शास्त्री तथा श्री चाणना धाम मंदिर के मुख्य महंत गोपी राम बगड़िया और उनकी संपूर्ण टीम का मंदिर परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। संत-महात्माओं के आगमन से मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया। कथावाचक वृंदावनवास मारुतिनंदन शास्त्री लगभग दो वर्ष पूर्व भी अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में दिव्य श्रीराम कथा का वाचन कर चुके हैं। उस दौरान शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया था। मंदिर में चल रहे अखंड राम नाम संकीर्तन में श्रद्धालु श्रद्धाभाव से शामिल होकर ह्यसियाराम जय-जय सियारामह्ण का जाप कर रहे हैं। प्रतिदिन भगवान श्रीराम को फलों की सवामणियों का भोग अर्पित किया जा रहा है, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाता है। मंदिर में संचालित विशाल भंडारे में सुबह और शाम श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। शाम की आरती में भी भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। वार्षिकोत्सव की पूर्णाहुति नजदीक आने के साथ ही शहर के दूर-दराज क्षेत्रों और आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना जारी है। दस दिवसीय अखंड राम नाम संकीर्तन एवं भंडारे का समापन कल विजयादशमी के दिन सुबह 12 बजे होगा। इस अवसर पर अखंड राम नाम संकीर्तन को विधिवत विश्राम दिया जाएगा।

मौसम

अधिकतम 34.0° | न्यूनतम 19.7°

आर्द्रता

सुबह 86% | शाम 49%

विंड स्पीड

8-9KM/h

आज का सूर्यास्त

06:00PM

कल का सूर्योदय

06:38AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,46,890

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,35,920

चांदी (प्रति किलो) ₹2,11,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

गणेश मंदिर में भजन संध्या व श्रीकृष्ण झांकी सजाई

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। सेतिया कॉलोनी स्थित हाथी वाले श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां शेरावाली महोत्सव के तहत भव्य भजन संध्या और श्री कृष्ण झांकी सजाई गई। श्री दादाजी व महिला संकीर्तन मंडल ने भजनों से समा बांधा, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर पुजारी शिवनारायण मिश्र ने बताया कि आज हवन और 251 कंजकों का पूजन होगा। इस 36 साल पुराने मंदिर के आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

श्रीगंगानगर ● पोस्टें लैप्स, ठेकेदार भागे, रख-रखाव के मामले फिलहाल पिछड़ रहा विभाग, 2-3 साल बाद पंचायतों के हवाले होगी व्यवस्था

जल जीवन मिशन; वर्तमान में 75 जॉइंट का सीमित कोटा, अगली सप्लाई कब आएगी... गारंटी खुद अफसरों के पास नहीं

जितेन्द्र शर्मा # सीमा सन्देश

1200 ज्वांइट्स पानी लीकेज निकालने के लिए मिले

4 डिवीजन में जेईएन की पोस्टें भी रिक्त, अस्थायी के भरोसे सप्लाई

? जिम्मेदार कौन....



श्रीगंगानगर। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना श्रीगंगानगर जिले में अफसरों की लापरवाही, बजट के कुप्रबंधन और प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। जिले में 'हर घर नल से जल' पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल की हकीकत इन दावों के बिल्कुल उलट है।

हाल यह है कि जिले में स्वीकृत 961 करोड़ रुपए के भारी-भरकम बजट में से 763 करोड़ रुपए पानी की तरह बहा दिए । गांवों में पाइपलाइन तो बिछा दी गईं, लेकिन उनके संचालन और रखरखाव के लिए जरूरी बुनियादी सामग्री का घोर अभाव है। स्थिति इतनी दयनीय है कि डेढ़ साल के लंबे इंतजार के बाद श्रीगंगानगर डिवीजन को महज 18 मीट्रिक टन एलम (फिटकरी) मिल पाई है। वह भी बरसाती सीजन के समाप्त होने के बाद।

रसायन के इस भारी अभाव के कारण वाटर वर्क्स से मटमैला और दूषित पानी सीधे उपभोक्ताओं के घरों में सप्लाई होता रहा। इतना ही नहीं लीकेज सुधारने के लिए भी डेढ़ साल बाद 1200 ज्वाइंट्स ही मिले। यानी जिले के 4 डिवीजनों के तहत आने वाले कनिष्ठ अभियंताओं के हिस्से में बमुश्किल 75 ज्वाइंट आए हैं। जो रोज आने वाली लीकेज की शिकायतों के आगे यह स्टॉक 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान है।

एक बार ये सीमित ज्वाइंट खत्म होने के बाद यदि दोबारा लाइन फूटी, तो मरम्मत के लिए जीरो स्टॉक बचेगा और पानी सड़कों पर बहता रहेगा। एक तरफ ठेकेदारों के काम छोड़ने और दूसरी तरफ रिटायरमेंट पर लगातार पद लैप्स होने से मैदानी अमला भी कमजोर पड़ रहा है। इस संबंध में जब एसईएन रामवतार सैनी के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया तो उनका फोन स्वीच आ रहा था। कार्यालय समय में वे नहीं मिले।

अनूपगढ़ एरिया में जेईएन के पद रिक्त

अनूपगढ़ डिवीजन के एक्सईएन प्राग स्वामी ने बताया कि जल जीवन मिशन पाइप लाइन डालने का आदि का काम ठेकेदार का होता है। विभाग की जरूरत के हिसाब से समय समय पर सामग्री मंगवाई जाती है। उसकी पूर्ति करते है। जहां कमी होती है वहां एकबारगी बाजार से खरीद कर पूरा किया जाता है। बाद में ऑर्डर होने पर उसकी पूर्ति कर दी जाती है। पहले एमएल नहीं था अब पूरा है। कर्मचारी जो सेवानिवृत हो रहे है उनके पद समाप्त हो रहे ऐसे मे जो कर्मचारी कार्यरत है वहीं है। अनूपगढ़, रायसिंहनगर, घड़साना इस डिवीजन में शामिल है। श्रीविजयनगर सूरतगढ़ में शामिल है। डिवीजन में 9 कनिष्ठ अभियंता की जगह वर्तमान में 3 पद रिक्त है।

15-20 दिन पहले ही दिया एलएम व ज्वाइंट

विभागीय जानकारी के अनुसार 15-20 दिन पहले ही 15 लाख के ज्वांइट और करीब 30 लाख रुपए की एलएम दी है। परन्तु विभागीय अधिकारियों की ओर से डिमाण्ड से अधिक की गई थी। ऐसे में जो सामग्री दी गई वह भी मांग के अनुरूप पूर्ति नहीं हो पाई। सूरतगढ़ एरिया में अण्डर में कई मंडिया आती है। जब अनूपगढ़ जिला बना तक श्रीविजयनगर उसके अधीन हो गया जो आज तक भी अनूपगढ़ में ही शामिल है। सूरतगढ़ में 3 में से एक जेईएन की पोस्ट खाली है। क्षेत्र में योजनाओं में काम चल रहे हैं। 2 एमडब्ल्यूएम, 19एलडी डब्ल्यू, 3-4बीबीएम योजनाओं की विभागीय पोर्टल पर आईडी नहीं बनने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। बींझवायला, 27 एमलए के टेंडर ड्यू है। टेंडर अप्रूवल नहीं हुए है। जिले में 702 योजनाएं है 698 के वर्क ऑर्डर चल रहे हैं। 372 योजनाएं फिजिकली पूर्ण हो चुकी है। 326 ऑन गोईंग है।

भविष्य के गर्भ में नई नीति, बंटेगा खर्च

विभागीय सूत्रों के अनुसार, सरकार जेजेएम के रखरखाव को लेकर एक नई व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है, हालांकि इसे धरातल पर आने में 2 से 3 साल का समय लग सकता है। जानकारी अनुसार योजना के तहत अब मिली जानकारी अनुसारवाटर वर्क्स की चारदीवारी के भीतर का पूरा रखरखाव और खर्च सरकार वहन करेगी। गांव के अंदर पाइप बिछाने, लीकेज दुरुस्त करने और आपूर्ति बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी पंचायत/सरपंच की होगी। इसके लिए सरकार 1-2 आदमियों के मानदेय का फंड भी उपलब्ध कराएगी।

ठेकेदार ने बीच में छोड़ा काम 77.34 करोड़ का प्रोजेक्ट अधर में

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार श्रीगंगानगर ग्रामीण डिवीजन—जिसके तहत पदमपुर, श्रीकरणपुर, सादुलशहर और श्रीगंगानगर का क्षेत्र आता है—वहां कुल 82 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिन पर 7,734 लाख रुपए (77.34 करोड़) खर्च होने हैं। इसमें 32 योजनाएं जनता जल योजना की हैं। इसमें वर्तमान में 4 बी, 2बी, 1 एमएल और 11जैड जैसे क्षेत्रों में काम जारी है। वहीं 21 जीजी, 4-5एचएच, 18 एफ और 13 एफ में ठेकेदारों ने घाटे और सरकार द्वारा काम के एवज में भुगतान में की जा रही देरी के कारण काम को बीच में ही छोड़ दिया है। अब विभाग इनके री-टेंडर कराने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जिन योजनाओं में ठेकेदार ने काम बीच में छोड़ा असल में वह लगभग पूरा हो चुका है। कुछ सौं मीटर की पाइप डालने का काम ही शेष है।

लीकेज सुधारने के लिए मिली सामग्री का ऐसे समझिए गणित

धरातल पर पीएचईडी का तकनीकी अमला लीकेज नहीं रोक पा रहा है। सूत्रों के अनुसार जिले के चार डिवीजनों में से एक डिवीजन को डेढ़ साल के लंबे इंतजार के बाद महज 1,200 जॉइंट आवंटित किए गए। प्रत्येक डिवीजन के तहत 1 एक्सईएन, 1 सहायक अभियंता और क्षेत्रफल के हिसाब से प्रत्येक डिवीजन क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक मंडी में 3-3 कनिष्ठ अभियंता कार्यरत हैं जबकि धरातल पर इनकी ही पोस्टें रिक्त पड़ी है। जानकारी अनुसार पिछले दिनों 1,200 जॉइंट को प्रति एईएन को बांटने पर हिस्से में 300 जॉइंट आए। जब यह सामग्री 4 जेईएन में विभाजित हुई, तो प्रति जेईएन को केवल

12 अक्टूबर को प्रकाशित रिपोर्ट


961 करोड़ मंजूर, 763 करोड़ खर्च फिर भी 'जल' का पता नहीं

75 जॉइंट ही हाथ लगे। ऐसे मे ग्राउण्ड पर रोजाना पाइपलाइन टूटने और लीकेज की समस्याएं सामने आती हैं। 75 जॉइंट से एक जेईएन महज 75 लीकेज ही दुरुस्त कर सकता है। इसके बाद अगर कुछ बची जो जिस डिवीजन या अधिकारी से उधार लेकर पहले काम चलाया उसे भी सामग्री लौटानी होगी। ऐसे में सामग्री लौटाने के बाद जो सामग्री बचेगी उसी से लीकेज सुधार का काम करना पड़ेगा। वहीं जिनके पास ज्वाईट और पाइप खत्म हो गए अगर उनके क्षेत्राधिकारी में दोबारा लाइन लीक हुई, तो ग्रामीणों को महीनों पानी बहने का तमाशा देखना पड़ेगा, क्योंकि अगली खेप कब आएगी, इसकी गारंटी खुद विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है,लेकिन पाइप लीकेज होना तय है।

श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि और संतान सुख की मनोकामना



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। डी ब्लॉक स्थित गांधी पार्क के सामने मिथिला समाज की श्री दुर्गा पूजा एकता सेवा समिति की ओर से आयोजित 30वें श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। मां भगवती दरबार के दर्शन करने और गोद भराई की धार्मिक रस्म निभाने के लिए अलसुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। पूरा दिन आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल बना रहा और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महोत्सव में गोद भराई यानी खोइछा भरने की पारंपरिक रस्म श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रही। महिला श्रृद्धालुओं ने पारंपरिक पूजा सामग्री, लाल चुनरी, चूड़ियां, सिंदूर, अक्षत, फल, नारियल और अन्य सुहाग सामग्री अर्पित कर मां भगवती का पूजन किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रद्धालु मां दुर्गा से गोद भरकर परिवार में सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली और संतान सुख की कामना करते हैं। इस दौरान महिलाओं सहित अन्य श्रृद्धालुओं ने भी मातारानी के समक्ष श्रद्धापूर्वक शीश नवाकर अपने परिवार एवं इलाके की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए मंगलकामना की। समिति अध्यक्ष संजय मंडल ने बताया रविवार अवकाश होने के कारण मनमोहक श्रृंगार में सजे-धजे दरबार में मां दुर्गा परिवार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दुर्गा परिवार का दर्शन दरबार विजयदशमी तक 24 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुला रहेगा।

आक्रोश ● भड़के लोगों द्वारा किए हंगामे के बाद पहुंचे अधिकारी, कर्मचारी हटाने का मिला आश्वासन

एलएंडटी की लापरवाही; खोखली हुईं मकानों की नींवें

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।

सद्भावना नगर सेक्टर नम्बर दो में एलएंडटी की घोर लापरवाही ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। वाटर स्टोरेज टैंक (जीएलआर) के ओवरफ्लो होने से निकलने वाला पानी लगातार लोगों के घरों की नींव में घुस रहा है। इससे मकानों के फर्श धंस गए हैं और मकानों की नींव में पानी चला गया। ऐसे में मकानों को खतरा पैदा होने से हर पल खौफ के साए में जीने को मजबूर गुस्साए लोगों का रविवार को आखिरकार सब्र टूट गया और उन्होंने मौके पर जोरदार हंगामा व विरोध प्रदर्शन किया।

फर्श उखड़ना शुरू, अंदर से खोखले हो रहे मकान

सद्भावना नगर सेक्टर नंबर-2 निवासी प्रिंस चलाना और एक अन्य पीड़ित परिवार के आशियानों को इस जलभराव से भारी नुकसान हुआ है। हालात ये हैं कि घरों के फर्श पर लगा मार्बल अपनी जगह छोड़ चुका है और दीवारों में दरारें आने लगी है। स्थानीय निवासी अरुण पूनियां ने बताया कि पीएचईडी और एलएंडटी के कर्मचारी टंकी भरने के बाद न तो मोटर बंद करते हैं और न ही वाल्व संभालते हैं। नतीजा यह है कि हर दूसरे दिन ओवरफ्लो होने वाला हजारों लीटर पानी सड़कों और खाली भूखंडों से होता हुआ सीधे लोगों के घरों की नींव को कमजोर कर रहा है। पीड़ित परिवार हर वक्त किसी बड़े हादसे के डर के साए में जी रहे हैं। लगातार शिकायतों के बाद भी

फर्श धंसे



अधिकारियों के कान पर जूं न रेंगने पर रविवार को स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना मिलते ही पीएचईडी और एलएंडटी के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे।

लोगों का दबाव बढ़ता देख मौके पर पहुंचे जिम्मेदार

लोगों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पाकर एलएण्डटी और पीएचईडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों से वार्ता की। लोगों की मांग पर एलएण्डटी अधिकारियों ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाकर नया स्टाफ तैनात करने और जिन-जिन मकानों को नुकसान पहुंचा है, कंपनी द्वारा उसकी पूरी भरपाई करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा ओवरफ्लो के पानी को सड़कों पर फैलने से रोकने के लिए उसे सीधे नाली में डालने की पुख्ता व्यवस्था की बात कही। इस दौरान पीड़ितों ने अधिकारियों को लिखित में परिवाद भी सौंपा और समस्या का जल्द से जल्द समाधान कर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग कि।

टंकी कुछ खाली रखने को कहा है

एलएंडटी प्रबंधन को लापरवाह कर्मचारी को हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही टंकी को ओवरफ्लो न करने और कुछ खाली रखने को कहा गया है। जेईएन को औचक निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। मकानों में हुए नुकसान की भरपाई एलएंडटी द्वारा करवाई जाएगी।
– **संजय बिश्नोई,** सहायक अभियंता, पीएचईडी

चुनाव प्रशिक्षणों में नाश्ते-भोजन का बहिष्कार व मतदान के दिन उपवास

सरकारी कर्मचारियों ने मांगे नहीं मानने पर लिया निर्णय



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी हितों के प्रति बरती जा रही असंवेदनशीलता और समर्पित अवकाश, जीपीएफ, राज्य बीमा व ग्रेच्युटी के नकद भुगतान पर लगाई गई अघोषित रोक के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की एक बैठक कृषि विस्तार कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने गहरा रोष प्रकट किया। आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव प्रशिक्षणों के दौरान राजकीय नाश्ते और भोजन का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा तथा मतदान के दिनों में कर्मचारी उपवास रखेंगे। धनतेरस के दिन वित्त मंत्री के आवास के बाहर काली दीवाली मनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 12 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रैली में भारी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सरकार कर्मचारियों के आर्थिक हकों पर कुठाराघात करना और उनके धैर्य की परीक्षा लेना तुरंत बंद करे। सभी लंबित भुगतानों पर लगी अघोषित रोक को तत्काल हटाकर भुगतान शुरू किए जाएं, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भूपसिंह कूकना, कृषि परिवेक्षक संघ के इंद्राज ,राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के अजीत शर्मा, जलदाय विभाग रमेशचंद, कुलदीप सिंह ,विक्रमजीत सिंह, ग्रामविकास अधिकारी संघ के सचिन सारस्वत ,जितेंद्र मीना, कृषि बिभाग रागा के रोहिताश कुमार ,महासंघ के ताराचंद लिम्वा , पवनकुमार छिम्पा सहित घटक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

महोत्सव ● कल रामलीला मैदान में होगा आयोजन, तीन-आयामी पुतले, इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण

विजयदशमी महोत्सव में दिखेगा 70 फुट के रावण का अद्भुत दहन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

श्री सनातन धर्म महावीर दल श्रीगंगानगर की ओर से सामाजिक एवं धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 75वां विजयदशमी महोत्सव मंगलवार, 20 अक्टूबर को सायं 3 बजे सुखाड़िया सर्किल स्थित रामलीला मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रधान श्रीकृष्ण लीला ने बताया कि महावीर दल पिछले 74 वर्षों से लगातार विजयदशमी महोत्सव का आयोजन करता आ रहा है, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु परिवार सहित भाग लेते हैं।



श्रीगंगानगर। प्रेस कान्फ्रेंस में महावीर दल के पदाधिकारी।

प्रमुख जनप्रतिनिधि व अधिकारी होंगे शामिल : मंत्री सीताराम शेरेवाला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जयदीप बिहाणी होंगे। अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद कुलदीप इन्दौरा, यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव, पूर्व मंत्री हीरालाल इन्दौरा, नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा तथा रिद्धि-सिद्धि होम डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक मुकेश शाह शामिल रहेंगे।

65-65 फुट के ऊंचे कुम्भकर्ण और मेघनाथ भी रणक्षेत्र में आएंगे नजर

इस वर्ष 70 फुट ऊंचा रावण तथा 65-65 फुट ऊंचे कुम्भकर्ण और मेघनाथ के तीन-आयामी पुतले तैयार किए गए हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी, विशेष ध्वनि प्रभाव, आंखों से अंगारे और रावण की नाभि में घूमने वाला आकर्षक चक्र दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। रावण को पारंपरिक राजस्थानी धोती और जूती पहनाई गई है। महोत्सव में भोला पंछी अंतरराष्ट्रीय भंगड़ा ग्रुप द्वारा भंगड़ा, गिद्धा एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। दर्शकों की सुविधा के लिए मैदान में विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी।

शोभायात्रा के बाद होगा रावण दहन

कार्यक्रम संयोजक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि श्री हनुमान राम नाटक समिति के भगवान श्रीराम एवं रावण के स्वरूप दोपहर 1 बजे रथ पर सवार होकर बैंड-बाजों और वानर सेना के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेंगे। ध्वज पूजन एवं रावण पूजन के बाद लंका दहन होगा। इसके पश्चात लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ तथा भगवान श्रीराम द्वारा कुम्भकर्ण और रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा।

साहित्य की विविध धाराओं का संगम

श्रीगंगानगर। गंगानगर कला मंच की ओर से अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओ.पी. वैश थे,



जबकि अध्यक्षता मंच अध्यक्ष मनीराम सेतिया ने की। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकार, प्रेम, आध्यात्म और जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। कवि बनवारी लाल शर्मा, रामचन्द्र गड़ई, बनवारी लाल बन्नी, कमलप्रीत सिंह बराड़, सुरजीत सिंह रंगीला और डॉ. कृष्ण कुमार 'आशु' ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि डॉ. ओ.पी. वैश ने भी काव्य पाठ किया। मंच संचालन कर रहे मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शिव कटारिया ने अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। समापन अवसर पर अध्यक्ष मनीराम सेतिया ने काव्य पाठ करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारी, सदस्य, साहित्यकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

गलतियाँ हमेशा माफ की जा सकती हैं, अगर किसी में उन्हें स्वीकार करने का साहस हो। - ब्रूस ली

संपादकीय

जब सुप्रीम कोर्ट को धमकी देनी पड़े, तो किस दरवाजे पर जाए?

देश सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के पास सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को 25 नवंबर तक सुधार के निर्देश दिए हैं। अदालत ने हल्के-फुल्के अंदाज में यहां तक कह दिया कि यदि हालात नहीं सुधरे तो न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विनोद चंद्रन खुद हाई कोर्ट के मुख्य गेट पर बैठ जाएंगे। यह टिप्पणी भले ही हास्य के रंग में कही गई हो, लेकिन इसके पीछे छिपा संदेश बेहद गंभीर है। देश की राजधानी में, जहां केंद्र सरकार के मंत्रालय, बड़े प्रशासनिक अधिकारी और तमाम व्यवस्थाएं मौजूद हैं, वहां हाई कोर्ट जैसे महत्वपूर्ण संस्थान के पास सड़क सुरक्षा की समस्या बनी रहना अपने आप में व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। जब दिल्ली में ऐसी स्थिति है तो देश के दूरदराज इलाकों में सड़कों की हालत का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है।

राजस्थान के सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर जैसे क्षेत्रों में भी सड़कों की समस्याएं किसी से छिपी नहीं हैं। यहां शहरों और कस्बों में लोग टूटी सड़कों, खराब यातायात व्यवस्था और दुर्घटना संभावित स्थानों से परेशान हैं। प्रशासनिक बैठकों में अक्सर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए जाते हैं। अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा जाता है, लेकिन असली सवाल यह है कि चिह्नित किए गए ब्लैक स्पॉट पर सुधार कब होगा? हकीकत यह है कि ब्लैक स्पॉट कोई रहस्यमय स्थान नहीं होते। जहां बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं, जहां लोगों की जान जाती है, वही ब्लैक स्पॉट है। समस्या पहचानने में नहीं, बल्कि समाधान लागू करने में है। बैठकों, रिपोर्टों और आश्वासनों का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन सड़कों की स्थिति अक्सर वहीं की वहीं बनी रहती है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का संकेत है कि शासन व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव केवल छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं है। फर्क इतना है कि राजधानी की समस्या पर सर्वोच्च अदालत की नजर पड़ जाती है, जबकि दूरदराज क्षेत्रों की आवाज अक्सर फाइलों में दब जाती है। विडंबना यह भी है कि देश में विरोध-प्रदर्शनों को लेकर बहस चल रही है। कहीं प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात होता है तो कहीं आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया जाता है। ऐसे माहौल में जब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ही अधिकारियों को काम कराने के लिए धरने जैसी भाषा का सहारा लेते हैं, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि आम नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किस स्तर तक जाए?

व्यंग्य की स्थिति यह है कि यदि कोई आम व्यक्ति अपनी सड़क, पानी या बिजली की समस्या को लेकर धरने पर बैठता है तो उसे अनुमति, कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक असुविधा जैसे सवालों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जब अदालत को व्यवस्था जगाने के लिए ऐसी टिप्पणी करनी पड़े तो यह प्रशासनिक संवेदनशीलता पर गंभीर टिप्पणी बन जाती है। लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती तभी साबित होती है, जब आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए किसी असाधारण दबाव की जरूरत न पड़े। सड़क सुरक्षा हो या अन्य नागरिक सुविधाएं, व्यवस्था का उद्देश्य केवल बैठकें करना नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव लाना होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को केवल एक मामले तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। यह पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए एक आईना है। सवाल यह नहीं कि कौन धरने पर बैठेगा, सवाल यह है कि जनता को अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए आखिर कब तक किसी बड़े हस्तक्षेप का इंतजार करना पड़ेगा?

प्रश्नोत्तरी

किसान पूछें-विशेषज्ञ बताएं

प्र.1: चने की बुआई कब तक करनी चाहिए, बुआई के लिए कितने बीज की आवश्यकता होती है, बतावें।

- पवन कुमार, नोहर

उ: सिंचित चने की बुआई 20 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक की जा सकती है, परन्तु 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक का समय सर्वोत्तम होता है, क्योंकि उस समय वातावरण का तापक्रम उपयुक्त होता है। बारानी चने की बुआई नमी के अनुसार अक्टूबर के प्रथम पखवाड़े में कर देनी चाहिए। कतार से कतार की दूरी 30 सें.मी. रखें। देरी से बुआई 25 नवम्बर तक की जा सकती है, इसमें कतार से कतार की दूरी 22.5 सें.मी. रखें। साधारण चने (छोटे) की बीज की मात्रा 15 किलो और मोटे दाने वाली किस्म जी.एन.जी. 469 (सम्राट) का 18 किलो बीज प्रति बीघा काम में लें। देरी से बुआई के लिए 20 किलो बीज प्रति बीघा काम में लें और कतार से कतार की दूरी 30 सें.मी. रखें।

प्र.2: सरसों की फसल में जिप्सम डालने से क्या फायदा होता है? प्रति बीघा खेत में इसकी कितनी मात्रा डालनी चाहिए?

- रेणु, संगरिया

उ: जिप्सम में गंधक की मात्रा 13-16% होती है, इसके कारण यह सरसों की फसल में रोग रोधी क्षमता, तेल की मात्रा और उपज बढ़ाने में मदद करती है। साधारण तौर पर 75 किलो जिप्सम प्रति बीघा खेत में बुआई से पहले अच्छी तरह मिला दें। मिट्टी परीक्षण के आधार पर जिप्सम व अन्य खादों का उपयोग लाभकारी होता है।

प्र.3: चने की फसल में यदि डी.पी.ए. का उपयोग करना हो तो अच्छी पैदावार के लिए प्रति बीघा खेत में कितनी डी.पी.ए. डालनी चाहिए?

- गुरनाम सिंह, अबोहर

उ: चने की फसल में बुआई के समय 22 किलो डी.पी.ए. प्रति बीघा खेत में डालने से मुख्य तत्वों की जरूरत पूरी हो जाती है।

प्र.4: सर्दियों में लाल प्याज की फसल लेने के लिए अच्छी किस्में बतावें। इसकी बुआई कब तक करनी चाहिए और खाद कितनी डालनी चाहिए?

- महिपाल, बीकानेर

उ: लाल प्याज की अच्छी किस्में नासिक रैड, पूसा रैड, एग्रोफाउण्ड रैड, अर्का कल्याण और उदयपुर 101 हैं। इसकी बुआई मध्य अक्टूबर से मध्य नवम्बर तक करें और पौध की रोपाई 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक करें। रोपाई के लिए खेत की तैयारी करते समय 100-125 किलो गोबर की अच्छी खाद, 25 किलो यूरिया (आधी मात्रा), 80 किलो सुपर फास्फेट और 40 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति बीघा खेत में डालें। यूरिया की बाकी की आधी मात्रा रोपाई के 30-40 दिन बाद खड़ी फसल में दें।

डॉ. ओ.पी. वैश्य
वरिष्ठ कीट विशेषज्ञ (से.नि.)
श्रीगंगानगर
मो. 0154-2463610

सही जांच के लिए किसी एक जगह के बजाय कम से कम 8 से 20 अलग-अलग जगहों से नमूना लेने की सलाह

रबी बुवाई से पहले कराएं मिट्टी की जांच; खेती की लागत होगी कम, मिट्टी को फायदा

रबी फसलों की बुवाई का समय नजदीक है। खरीफ की तरह केंद्र सरकार ने खेत बचाओ अभियान के तहत संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने का फैसला लिया है। किसान मिट्टी की जरूरत के हिसाब से खाद का उपयोग कर खेती की लागत को कम कर सकते हैं। वहीं, मिट्टी की सेहत के लिए भी खाद इस्तेमाल का यह तरीका काफी फायदेमंद होता है। संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए किसानों को सबसे पहले मिट्टी की जांच करानी चाहिए। जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि मिट्टी में किन पोषक तत्वों की कमी है। ऐसे में आपकों जांच के लिए मिट्टी का नमूना लेने का सही तरीका पता होना चाहिए।

खेत का चुनाव और नमूना लेने का सही तरीका : नमूना लेते समय खेत को मिट्टी के अलग रंग-असमान फसल विकास के आधार पर अलग-अलग हिस्सों में बांट लें। अब नमूना लेने से पहले घास-फूस हटा दें। सही जांच के लिए किसी एक जगह के बजाय



कम से कम 8 से 20 अलग-अलग जगहों से नमूना लेने की सलाह दी जाती है।

जमीन में 9 इंच गहरी वी आकार का गड्ढा खोदें, फिर गड्ढे की एक सतह से एक इंच मोटी मिट्टी की परत काट लें। यह तरीका 8 से 20 अलग-अलग जगहों पर लागू करें। इसके बाद मिट्टी को एक साफ बाल्टी में इकट्ठा कर लें। अगर खेत में फसल खड़ी है और बुवाई कतारों में हुई है, तो कतारों के बीच से नमूना लें।

जांच के लिए ऐसे तैयार करें मिट्टी

अब इकट्ठा की गई मिट्टी को अच्छी तरह मिला लें। अब जमीन पर फैलाकर इसे चार हिस्सों में बांट लें। आमने-सामने के दो हिस्सों की मिट्टी को रख लें और बाकी दो हिस्सों को हटा दें। यह प्रक्रिया तब तक दोहराएं जब तक कि कुल मिट्टी का वजन लगभग आधा किलो न रह जाए। इस आधा किलो मिट्टी को एक साफ थैली में भर लें। इसके बाद मोटे कागज के दो टुकड़ों पर किसान का नाम, खेत की पहचान या संख्या, पूरा पता, जमीन सिंचित है या असिंचित, जिस फसल के लिए खाद की सिफारिश चाहिए उसका नाम और कोई दूसरी समस्या लिख लें। इनमें से एक पर्ची को थैली के अंदर डाल दें और दूसरी पर्ची को धागे से थैली के मुंह पर अच्छी तरह बांध दें।

बाग लगाने वाले किसानों के लिए मिट्टी जांच के नियम

जो किसान खेतों में बागवानी करना चाहते हैं या बाग लगाना चाहते हैं, उनके लिए नमूना लेने का तरीका थोड़ा अलग है। ऐसे किसानों को गड्ढा खोदकर अलग-अलग गहराई से मिट्टी लेनी चाहिए। पहली परत ऊपरी सतह से 30 सेंटीमीटर तक, दूसरी 30 से 60 सेंटीमीटर, तीसरी 60 से 100 सेंटीमीटर और चौथी परत 100 से 150 सेंटीमीटर की गहराई से लेनी चाहिए। खुदाई के दौरान अगर कोई कठोर सतह या कंकड़ वाली जगह मिले, तो उसकी गहराई और मोटाई को लिखकर उसका नमूना अलग से लेना चाहिए।

कम पानी में तैयार होने वाली जलवायु अनुकूल किस्मों की बुवाई पर जोर

कृषि विभाग की एडवाइजरी: फसल विविधीकरण अपनायें काश्तकार

मॉनसून सीजन में हुई कम बारिश और जलाशयों के गिरते जलस्तर के कारण इस बार रबी फसलों के लिए सिंचाई पानी की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है. ऐसे में कृषि विभाग ने को फसल विविधीकरण अपनाने की सलाह दी है. विभाग का कहना है कि गेहूं के साथ कम पानी में तैयार होने वाली फसलों और जलवायु अनुकूल किस्मों का चयन करके सिंचाई पर दबाव और खेती की लागत दोनों को कम किया जा सकता है. कृषि (विस्तार) संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने किसानों से सीमित सिंचाई संसाधनों को ध्यान में रखते हुए सरसों, चना और जौ की उपयुक्त किस्मों की बुवाई करने को कहा है. इन फसलों का चयन स्थानीय मिट्टी, बुवाई के समय और उपलब्ध सिंचाई सुविधा के अनुसार करने की सलाह दी गई है.

जमीन के अनुसार चुनें किस्म

कृषि विभाग ने सरसों की खेती के लिए अलग-अलग भूमि परिस्थितियों के हिसाब से किस्मों के चयन का सुझाव दिया है. समय पर बुवाई और भारी जमीन वाले खेतों में आरएच-1975 और आरएच-1706 की बुवाई की जा सकती है. सेम प्रभावित क्षेत्रों के लिए सीएस-58, सीएस-60 और सीएस-62 का विकल्प दिया गया है. वहीं, रेतीली और टिब्बा भूमि में आरएच-1424, आरएच-725 और आरएच-761 किस्में अपनाने की सलाह है. अगर बुवाई में देरी हो जाए तो किसान आरजीएन-236 का चयन कर सकते हैं.

सिंचाई के हिसाब से चने का चयन

चना उत्पादन में भी खेत की स्थिति और बुवाई के समय को ध्यान में रखना जरूरी है. सिंचित क्षेत्र में समय पर बुवाई के लिए जीएनजी-2171 यानी मीरा किस्म का चयन किया जा सकता है. पछेती बुवाई के लिए जीएनजी-2261 यानी केशव किस्म



और असिंचित क्षेत्रों के लिए जीएनजी-2461 यानी मूमल किस्म अपनाने की सिफारिश की गई है.

छिलका रहित जौ बचाएगा पानी

कृषि विभाग ने छिलका रहित जौ की डीडब्ल्यूआरबी-223 किस्म को भी रबी में उपयोगी विकल्प के तौर पर सामने रखा है. यह किस्म भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल ने विकसित की है. विभाग के अनुसार, इसके दानों से रोटी, दलिया और बिस्किट जैसे खाद्य पदार्थ तैयार किए जा सकते हैं. गेहूं की तुलना में इस किस्म में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम पानी और उर्वरक की जरूरत पड़ती है. इसे लवणीय और क्षारीय जमीन में भी उगाया जा सकता है. इसकी औसत उपज करीब 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है.

पोषण के लिहाज से जौ उपयोगी

डीडब्ल्यूआरबी-223 को केवल पानी की बचत के लिहाज से ही नहीं, बल्कि पोषण के नजरिए से भी उपयोगी माना गया है. कृषि विभाग के अनुसार छिलका रहित जौ में ग्लूटेन की मात्रा कम, ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम और घुलनशील फाइबर अधिक होता है. इसमें प्रोटीन के साथ लोहा, जस्ता और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व भी मिलते हैं।

कम पानी में गेहूं खेती विकल्प

विभाग ने किसानों को पूरी तरह गेहूं से दूर रहने के बजाय सीमित सिंचाई वाले खेतों में पानी की जरूरत के हिसाब से किस्म चुनने की सलाह दी है. बदलते तापमान, मौसम की अनिश्चितता और बढ़ती उत्पादन लागत के बीच डब्ल्यूएच-1402, डब्ल्यूएच-1142 और डीबीडब्ल्यू-296 जैसी किस्मों को सीमित सिंचाई परिस्थितियों के लिए उपयोगी माना गया है।

डब्ल्यूएच-1402 में दो सिंचाई

डब्ल्यूएच-1402 की फसल के लिए दो सिंचाई की योजना अपनाई जा सकती है. पहली सिंचाई बुवाई के करीब 25 दिन बाद और दूसरी 70 से 80 दिन के बीच करने की सलाह है. यह किस्म करीब 147 दिन में तैयार होती है. इसकी औसत उपज 12 क्विंटल प्रति बीघा तक रहती है, जबकि अनुकूल परिस्थितियों में 17 क्विंटल प्रति बीघा तक उत्पादन हासिल किया जा सकता है.

डीबीडब्ल्यू-296 में 2-3 सिंचाई

डीबीडब्ल्यू-296 यानी करण ऐश्वर्या भी सीमित पानी वाले किसानों के लिए गेहूं का विकल्प है. कृषि विभाग के अनुसार इस किस्म में दो से तीन सिंचाई के साथ फसल तैयार की जा सकती है. इसकी औसत उपज करीब 14 क्विंटल प्रति बीघा रहती है और अनुकूल परिस्थितियों में उत्पादन 20 क्विंटल प्रति बीघा तक पहुंच सकता है. यह किस्म सूखे और अधिक तापमान की स्थिति को सहन करने की क्षमता रखती है. इसके आटे का इस्तेमाल रोटी, बिस्किट, ब्रेड और नान बनाने में किया जा सकता है। डब्ल्यूएच-1402 और डीबीडब्ल्यू-296 में पीला रतुआ, काला रतुआ, भूरा रतुआ और करनाल बंट जैसे रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता भी मिलती है।

गेहूं की नई किस्म

अच्छी पैदावार के साथ प्रोटीन, आयरन और जिंक से है भरपूर

दावा: औसत पैदावार करीब 56 क्विं. प्रति हेक्टेयर



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के इंदौर केंद्र ने विकसित की

रबी सीजन में गेहूं की बुवाई की तैयारी कर रहे किसानों के लिए पूसा बायोफोर्टिफाइड गेहूं सम्राट एचआई 1683 एक विकल्प हो सकती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, इंदौर ने इस किस्म को विकसित किया है। इसकी औसत पैदावार करीब 56 क्विंटल प्रति हेक्टेयर बताई गई है। अनुकूल परिस्थितियों में उत्पादन 77 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से अधिक तक पहुंच सकता है। इसकी खासियत यह भी है कि गेहूं के दानों में प्रोटीन, आयरन और जिंक अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं।

किस्म की खासियत

यह ब्रेड गेहूं की किस्म है। इसका इस्तेमाल रोटी, आटा और अन्य खाद्य उत्पाद बनाने में किया जा सकता है। इसकी बायोफोर्टिफाइड विशेषता के कारण यह पोषण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

बुवाई से पूर्व रखें ध्यान

किसान इस किस्म को चुनने से पहले अपने क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी और सिंचाई की उपलब्धता के अनुसार इसकी उपयुक्तता की जानकारी लें। बुवाई का सही समय, बीज की मात्रा और खाद प्रबंधन के लिए स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र या कृषि विशेषज्ञ से सलाह लेना बेहतर रहेगा।

मिट्टी व गोबर दोनों को बनाया कमाई का जरिया: नौकरी छोड़ खेती और नवाचार से बदली किस्मत

नौकरी के पीछे भागने के बजाय अगर खेती में नवाचार और तकनीक का मेल कर दिया जाए, तो यह मुनाफे का बड़ा जरिया बन सकती है। इसे साबित कर दिखाया है राजस्थान के अलवर जिले की कठूमर तहसील के कानेती गांव निवासी युवा किसान तारेश सैनी ने।

पारंपरिक खेती की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले तारेश ने नौकरी तलाशने के बजाय पुश्तैनी काम को ही अपना कॅरिअर चुना। उन्होंने अपनी पांच बीघा जमीन पर नींबू और बेर के बगीचे के साथ मौसमी सब्जियों व अन्य फसलों



की खेती शुरू की। वे खेती में आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। मोबाइल पर मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही फसलों में खाद और दवाओं का समय पर प्रबंधन करते हैं, जिससे लागत कम और उत्पादन बेहतर मिल रहा है।

खेती से अच्छी आमदनी के साथ उन्होंने अतिरिक्त आय के लिए अनूठी पहल की। एक भ्रमण के दौरान मिली प्रेरणा से उन्होंने करीब छह माह पूर्व गाय के गोबर से मूर्तियां और उपयोगी उत्पाद बनाने की शुरूआत की। वर्तमान में वे किसान मेलों में स्टॉल लगाकर इन्हें बेच रहे हैं। अब अपने बड़े भाई के सहयोग से वे इन उत्पादों को ऑनलाइन बाजार में उतारने की तैयारी में हैं। तारेश का कहना है कि युवा नई सोच और लगन अपनाकर खेती को एक सफल स्टार्टअप बना सकते हैं।

जैविक पद्धति से बैंगनी और पीली फूलगोभी की खेती से बेहतर मुनाफा

सिरोही जिले के आमथला (तपोवन) में किसान जैविक पद्धति से बैंगनी और पीली फूलगोभी की खेती कर बेहतर मुनाफा कमा रहे हैं। पारंपरिक सफेद फूलगोभी की तुलना में बड़े शहरों में इन रंगीन किस्मों की मांग काफी अधिक है, जिससे किसानों को सामान्य भाव से दो से तीन गुना तक अधिक दाम मिल रहे हैं। यह फसल ढाई से तीन महीने में तैयार हो जाती है। अगस्त-सितंबर में बुवाई के बाद दिसंबर-जनवरी तक इसकी कटाई की जाती है। कीटों से बचाव के लिए किसान किसी रासायनिक कीटनाशक के बजाय नीम की खली और छाछ से तैयार प्राकृतिक घोल का छिड़काव करते हैं। कम समय और जैविक तकनीक से तैयार यह रंगीन गोभी किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक मजबूत विकल्प बन रही है। इस सफल प्रयोग को देखने और सीखने आसपास के किसान भी पहुंच रहे हैं।



पशुपालन • गीर, साहीवाल, थारपारकर, राठी और कांकरेज की प्राकृतिक श्रेष्ठता सबसे श्रेष्ठ

भारतीय देसी गाय: विदेशी नस्लों की तुलना में अधिक गुणकारी-टिकाऊ



पशुपालन
सुरेश बुडानिया
असि. डायरेक्टर, टांटिया वि.वि. (पशुपालन)

भारतीय कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोवंश का महत्व सदियों से रहा है। आधुनिक डेयरी उद्योग में अधिक दूध उत्पादन के लिए विदेशी नस्लों (जैसे होल्स्टीन फ्रीजियन और जर्सी) को बढ़ावा दिया गया, लेकिन लंबे समय में भारतीय देसी नस्लों (जैसे गीर, साहीवाल, थारपारकर, राठी और कांकरेज) की प्राकृतिक श्रेष्ठता खुलकर सामने आई है। स्वास्थ्य, पर्यावरण अनुकूलता और आर्थिक लागत—हर पैमाने पर देसी नस्लें विदेशी गायों से कहीं अधिक टिकाऊ साबित होती हैं।

दूध की पौष्टिकता-स्वास्थ्य लाभ

भारतीय देसी गायों के दूध की सबसे बड़ी खूबी इसमें पाया जाने वाला ए 2 बीटा-केसीन प्रोटीन है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, अधिकांश विदेशी नस्लों के दूध में ए1 प्रोटीन पाया जाता है, जिसके पाचन



के दौरान बीसीएम-7 (बीटा-कैसोमॉर्फिन-7) नामक पेप्टाइड बनता है। यह तत्व कई लोगों में पाचन संबंधी विकार, एलर्जी और हृदय रोगों के जोखिम से जुड़ा माना गया है। इसके विपरीत, देसी गाय का ए2 दूध सुपाच्य होता है, आंतों के स्वास्थ्य को सुधारता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

जलवायु-मौसम सहने की क्षमता

भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय है, जहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर भी चला जाता है। विदेशी नस्लें अत्यधिक ठंड वाले यूरोपीय मौसम के अनुकूल विकसित हुई हैं, जिससे भारत की गर्मी और उमस में वे हीट स्ट्रेस (तनाव) का शिकार हो जाती हैं। इससे उनका दूध उत्पादन घटता है और प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है। वहीं, देसी गायों में विकसित पसीने की ग्रंथियां, ढीली त्वचा और पीठ पर मौजूद कूबड़ उन्हें भीषण गर्मी, सूखा और मौसमी बदलावों को बिना तनाव के सहन करने की प्राकृतिक क्षमता प्रदान करते हैं।

उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता

विदेशी गायों की त्वचा नाजुक होती है, जिससे वे चिचड़ी , जूं और परजीवियों से होने वाले रोगों (जैसे बबेसिओसिस और थाइलेरियासिस) के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं। देसी गायों की त्वचा सघन होती है और उनका प्रतिरक्षा तंत्र बेहद मजबूत होता है। उन्हें खुरपका-मुंहपका और अन्य संक्रामक रोग तुलनात्मक रूप से बहुत कम प्रभावित करते हैं, जिससे उनके इलाज और दवाओं पर होने वाला खर्च नगण्य रहता है।

कम रख-रखाव और पोषण लागत

विदेशी गायों को उच्च गुणवत्ता वाले महंगे चारे, साइलेज और वातानुकूलित या पंखों-फव्वारों वाले शेड की आवश्यकता होती है। इसके उलट, देसी नस्लें साधारण सूखे चारे, स्थानीय घासों और कृषि अवशेषों को भी कुशलता से पचाकर दूध में बदल सकती हैं। इन्हें बनाए रखने के लिए महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती, जो छोटे और सीमांत किसानों के लिए बहुत फायदेमंद है।

प्राकृतिक खेती का आधार: गोबर-गोमूत्र

विदेशी गाय केवल दूध उत्पादन तक सीमित रहती हैं, जबकि भारतीय गोवंश बहुउद्देशीय है। देसी गाय के गोबर और गोमूत्र में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या प्रचुर होती है। जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक खाद और कीटनाशक बनाने में देसी गाय का ही अंश कारगर होता है। यह रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता खत्म कर मिट्टी की उर्वरता लौटाने में सक्षम है। यद्यपि विदेशी गायें प्रतिदिन दूध की मात्रा अधिक देती हैं, लेकिन अत्यधिक स्वास्थ्य खर्च, छोटी जीवन अवधि और महंगे रख-रखाव के कारण उनका शुद्ध लाभ घट जाता है। देसी गायें लंबी उम्र तक प्रजनन करती हैं, कम लागत में टिकती हैं और पोषण से भरपूर ए2 दूध देती हैं, जो उन्हें आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों दृष्टियों से वास्तविक रूप में श्रेष्ठ बनाता है।

तेजदीप सिंह संधू भाजपा छोड़ फिर से कांग्रेस में शामिल हुए

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

पंचायत समिति के पूर्व प्रधान तेजदीप सिंह संधू ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। 25 बीबी गांव में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक रूपिंद्र सिंह कूनर ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। इस अवसर पर तेजदीप सिंह संधू के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में विधायक रूपिंद्र सिंह कूनर ने सभी नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। पंचायत चुनावों के मद्देनजर तेजदीप सिंह संधू का कांग्रेस में शामिल होना क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।



राजस्थानी लोक शैली में रामलीला का भव्य मंचन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

राजस्थानी रामलीला संस्थान की सातवीं रात हनुमान चौक पर हनुमान जी के लंका प्रवेश, रावण दरबार और लंका दहन सहित 14 प्रमुख दृश्यों का प्रभावशाली मंचन किया गया। राजस्थानी गीत-संगीत और लोकनाट्य शैली में प्रस्तुत रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ब्राह्मण धर्मशाला स्थित हनुमान चौक पर लीला का शुभारंभ भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आरती से हुआ। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार सिडाना एवं पं. रामेश्वरलाल गौड़ ने आरती की। सिडाना ने कहा कि राजस्थानी भाषा प्रदेश की संस्कृति और पहचान है, जिसे शिक्षा व्यवस्था में उचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल युग में राजस्थानी रामलीला सभी वर्गों को संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। सातवीं रात हनुमान जी को लंका भेजने, लंकिणी व विभीषण से भेंट, रावण-सीता संवाद, अशोक वाटिका उजाड़ने, अक्षय कुमार वध, मेघनाथ-हनुमान युद्ध, रावण-हनुमान संवाद, लंका दहन और चूड़ामणि लेकर लौटने तक के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। अंगद की भूमिका में राजकमल और लक्ष्मण के पात्र में प्रदीप जसूजा ने शानदार अभिनय किया। बड़ी मां के चरित्र में देव भारती ने राजस्थानी रम्मत शैली में प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तावणिया, वरिष्ठ सदस्य पृथ्वीराज स्वामी ने अतिथियों का सम्मान किया। निर्देशक मनोज कुमार स्वामी के संयोजन में कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया।

विधानसभा प्रभारी मूलाराम भादू ने एकजुटता का किया आह्वान, पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने संगठनात्मक मुद्दों पर रखी बात

पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस, कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

सीमा सन्देश # लालगढ़

आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को लालगढ़ जाटान स्थित व्यापार मंडल धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस विधानसभा प्रभारी मूलाराम भादू ने की। इसमें जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों को लेकर संगठन की मजबूती, संभावित उम्मीदवारों की दावेदारी और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़, सादुलशहर पंचायत समिति प्रधान निशान सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंतराम, लालगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष चेतराम जाखड़, जगदीश दोवण, काशीराम खटोड़, ओम सुथार, कृष्ण अलीपुर, सतपाल गोस्वामी, रामनिवास डूडी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान : विधानसभा प्रभारी मूलाराम भादू ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद दूर कर एकजुट होकर चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में सफलता के लिए मजबूत संगठन, कार्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल और आमजन से लगातार संपर्क जरूरी है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जांगिड़ ने उठाए संगठन से जुड़े मुद्दे: पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने विधानसभा प्रभारी से आग्रह किया कि कार्यकताओं की भावनाओं और संगठन से जुड़े विषयों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण की प्रक्रिया पार्टी की निर्धारित संगठनात्मक व्यवस्था के अनुसार होनी चाहिए, ताकि कार्यकर्ताओं में किसी प्रकार का भ्रम पैदा न हो। जांगिड़ ने पिछले सादुलशहर नगरपालिका चुनाव का उल्लेख करते हुए संगठनात्मक स्तर पर समीक्षा की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए पार्टी को कमजोरियों को दूर करना चाहिए और कार्यकताओं की राय को महत्व देना चाहिए।

चुनावी तैयारियों पर हुआ मंथन : बैठक में संभावित प्रत्याशियों के चयन, स्थानीय जनाधार, सामाजिक समीकरण और जनता के बीच स्वीकार्यता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए संगठन को मजबूत करने और सामूहिक प्रयासों के साथ मैदान में उतरने का संकल्प लिया।

नवरात्रा पर सूरतगढ़ में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

सीमा सन्देश# सूरतगढ़

शारदीय नवरात्रा के पावन पर्व पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, जागरण और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इंदिरा सर्किल स्थित श्री ब्राह्मणी धाम दुर्गा मंदिर में महिला भजन मंडली की ओर से महा कीर्तन आयोजित किया गया। मुख्य पुजारी पं. बलदेव राज ठाकरानी, पं. राजेंद्र शास्त्री एवं पं. नरेश ठाकरानी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कौशल्या देवी व कमला देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने माता के भजन प्रस्तुत किए तथा डांडिया रास कर नवरात्रा की खुशियां मनाईं। आदर्श कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा चिंतपूर्णी महाकाली मंदिर में भी भजन-कीर्तन हुए। मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोहर कवातड़ा ने बताया कि सोमवार रात जागरण और मंगलवार को हवन व कंजक पूजन होगा। ढाब के पास स्थित प्राचीन श्री करणी माता मंदिर में मां करणी का 639वां जन्म महोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। वहीं बाईपास रोड स्थित श्री करणी माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा के पाठ किए जा रहे हैं। श्रद्धालु मां दुर्गा के स्वरूपों की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।



बीकानेर: बज्जू चुनाव में देवरानी-जेठानी आमने-सामने

भाजपा-कांग्रेस ने एक ही परिवार की दो बहुओं को बनाया प्रत्याशी

सीमा सन्देश # बीकानेर

बज्जू खालसा पंचायत समिति के वार्ड संख्या एक का चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प हो गया है। यहां मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं, बल्कि एक ही परिवार की दो बहुओं के बीच भी हो रहा है। भाजपा ने परिवार की बड़ी बहू नख्तू देवी चंदेल को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने छोटी बहू रामप्यारी चंदेल पर भरोसा जताया है।

वार्ड संख्या एक में बरसलपुर, भुरासर और गोकुल राजस्व गांव शामिल हैं। भाजपा प्रत्याशी नख्तू देवी के पति दीपाराम चंदेल हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रामप्यारी के पति राजाराम चंदेल हैं। दोनों सगे भाइयों की पत्नियां हैं और उनके ससुर रामूराम चंदेल हैं।

बज्जू खालसा पंचायत समिति के प्रधान पद पर अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण लागू होने के बाद राजनीतिक समीकरण बदल गए। मजबूत उम्मीदवार की तलाश में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने वार्ड एक से ही परिवार की दो बहुओं को मैदान में उतार दिया। अब दोनों प्रत्याशी अपने-अपने दलों के चुनाव चिह्न के साथ मतदाताओं के बीच पहुंच रही हैं। एक ही परिवार की बहुओं के आमने-सामने होने से क्षेत्र में चुनावी चर्चा तेज हो गई है। मतदान के दिन जनता किसे समर्थन देती है, यह परिणाम के बाद ही स्पष्ट होगा।

सरस्वती शिक्षण समूह में गरबा-डांडिया और दशहरा की धूम



बींझबायला। सरस्वती शिक्षण समूह बींझबायला में 17 अक्टूबर को गरबा-डांडिया एवं दशहरा उत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आराधना के साथ हुआ। छोटी बालिकाओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूप धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की। अभिभावकों एवं अतिथियों ने नवदुर्गा स्वरूप बालिकाओं की पूजा-अर्चना की। वेणिका अरोड़ा ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की जानकारी दी। इसके बाद छात्राओं, महिलाओं और अभिभावक कपल्स ने उत्साहपूर्वक गरबा एवं डांडिया नृत्य में भाग लिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिभावक कपल्स को सम्मानित किया गया। भजन मंडली की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं नवरात्र से जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्था निदेशक अनिल खालिया ने नवदुर्गा की महिमा और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। सहनिदेशिका लेफ्टिनेंट डॉ. अन्नपूर्णा न्योल खालिया ने भी नवरात्र पर्व के धार्मिक महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 20 फुट ऊंचे रावण का दहन रहा। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों ने रामलीला की झलक प्रस्तुत की। रावण दहन के साथ रंगीन आतिशबाजी हुई और उपस्थित लोगों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

जिलेभर में रामलीलाओं में सीता हरण से लंका दहन तक के प्रसंगों ने मोहा मन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में रिद्धि सिद्धि कॉलोनी प्रथम स्थित प्लेटिनम पार्क में आयोजित हाईटेक रामलीला का सातवां दिन शनिवार को रोमांच और भावनाओं से भरपूर रहा। सीता हरण, जटायु युद्ध, शबरी भक्ति और हनुमान के लंका प्रवेश के प्रसंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रावण और वृद्ध मारीच के संवाद से हुआ। मारीच ने रावण को समझाने का प्रयास किया, लेकिन रावण के नहीं मानने पर उसने स्वर्ण मृग का रूप धारण किया। इसके बाद रावण ने साधु वेश में पहुंचकर सीता का हरण कर लिया। मार्ग में जटायु ने रावण को रोकने का प्रयास किया, जिसमें वे वीरगति को प्राप्त हुए। सीता हरण के बाद श्रीराम के विलाप का दृश्य दिनेश शर्मा और सुभेष देहडान ने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मारीच की भूमिका में सुधीर गोयल और सीता की भूमिका में हरप्रीत शकौर के अभिनय की दर्शकों ने सराहना की। शबरी प्रसंग में आंचल धींगड़ा ने भावपूर्ण अभिनय किया। आगे राम-लक्ष्मण की सुग्रीव से भेंट और हनुमान मिलन का मंचन हुआ। हनुमान की भूमिका में रवि सोनी ने शानदार अभिनय किया। इसके बाद बाली दरबार, सुग्रीव-बाली युद्ध, बाली वध, सुग्रीव राज्याभिषेक और हनुमान के लंका प्रवेश के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। विभीषण की भूमिका अर्श गोयल और बाली की भूमिका गौरव सोनी ने निभाई। मुख्य अतिथि डॉ. मोहित टांटिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।



श्रीगंगानगर



सूरतगढ़



गजसिंहपुर



खाजूवाला

सूरतगढ़। जगदंबा रामलीला क्लब की सातवीं रात भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की हनुमान और सुग्रीव से भेंट, बाली-सुग्रीव युद्ध, हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने तथा लंका दहन के रोमांचक प्रसंगों का मंचन किया गया। पुराने कलाकारों की शानदार प्रस्तुति देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर दर्शन मिढ्ढा, दिनेश आहूजा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कृष्ण राव, क्लब संरक्षक सुभाष नरूला, अध्यक्ष महेंद्र नागर सहित पदाधिकारियों ने आरती की। राम की भूमिका राकेश उर्फ बंटी डाबला, लक्ष्मण की मेघराज सोलंकी, सीता की अनिल खरोड़, रावण की विक्की होटला, बाली की राजेश बवेजा और सुग्रीव की भूमिका साहिल डाबला ने निभाई। क्लब अध्यक्ष महेंद्र नागर ने बताया कि 20 अक्टूबर को इसी मैदान में दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जारी हैं।

गजसिंहपुर। श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में बाल हनुमान जी की आरती के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंगलोर से आर्किटेक्ट केशव कन्हैया गुगनानी एवं सृष्टि विश्वास गुगनानी, भवन निर्माण कॉन्ट्रेक्टर रामसिंह थिंद 'भुट्टो जी', नगरपालिका पार्षद मोहन लाल 'मोनू' बंसल और पार्षद खजान चंद वर्मा उपस्थित रहे। आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। रामलीला में लंका दहन का रोमांचक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। अशोक वाटिका में माता सीता और हनुमान जी की भेंट, रावण-सीता संवाद तथा हनुमान जी और रावण के बीच संवाद का प्रभावशाली मंचन हुआ। हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने, अक्षय कुमार एवं मेघनाद से युद्ध और लंका दहन के दृश्यों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके बाद विभीषण का भगवान श्रीराम की शरण में जाना, रावण द्वारा कुंभकर्ण को जगाना और श्रीराम की ओर से अंगद को दूत बनाकर लंका भेजने के प्रसंगों का मंचन किया गया। अंगद के दूत बनकर लंका पहुंचने के दृश्य ने आगामी युद्ध की भूमिका तैयार की। रामलीला में रावण की भूमिका तिलक शर्मा, सीता की भूमिका रणवीर, सुग्रीव की भूमिका छगन व्यास, लक्ष्मण की भूमिका दिनेश शर्मा, अंगद की भूमिका तन्मय वधवा, अक्षय कुमार की भूमिका सतीश वधवा, हनुमान जी की भूमिका संजय जुनेजा, मेघनाद की भूमिका ओम जुनेजा और कुंभकर्ण की भूमिका गोपी बत्रा ने निभाई। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने सभी प्रसंगों को जीवंत बना दिया।

खाजूवाला। श्री रामलीला समिति खाजूवाला द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के सातवें दिन कलाकारों ने केवट प्रसंग, दशरथ मरण, भरत मिलाप, शूर्पणखा की नाक कटना, खर-दूषण वध तथा माता सीता हरण की लीलाओं का शानदार मंचन किया। कलाकारों के बेहतरीन अभिनय, आकर्षक मंच सज्जा और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों का मन मोह लिया तथा वातावरण भक्तिमय बना रहा। केवट प्रसंग में भगवान श्रीराम के प्रति केवट की अनन्य भक्ति और समर्पण को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। राजा दशरथ के मरण और भरत मिलाप के मार्मिक दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। भरत और श्रीराम के बीच प्रेम, त्याग एवं भाईचारे की भावना ने सभी को प्रभावित किया। शूर्पणखा की नाक कटने और खर-दूषण वध के प्रसंगों का रोचक मंचन हुआ। माता सीता हरण की लीला ने दर्शकों को भावविभोर करने के साथ ही आगामी प्रसंगों के प्रति उत्सुकता बढ़ा दी। अध्यक्ष बलराज गेरा ने बताया कि रामलीला मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, प्रेम, भाईचारे और धर्म की रक्षा का संदेश दिया जा रहा है। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने सराहना की। श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजन में सहयोग देने वाले लुंबाराम खिचड़, दीपजी माली, रामप्रताप भादू, रघुवीर सिंह खिची, हरीश बंसल, डूंगर सिंह एवं बलविंदर सिंह का सम्मान किया गया। मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया।

रामलीला में बाली वध का भावपूर्ण मंचन



पदमपुर। नगर पालिका प्रांगण में श्री रामा नाटक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में बीती रात श्री बालाजी की आकर्षक झांकी के बाद माता शबरी भक्ति प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने शबरी की श्रद्धा, समर्पण और भगवान श्रीराम के प्रति अटूट प्रेम को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव-बाली युद्ध और बाली वध के प्रसंगों का रोमांचक मंचन दर्शकों ने खूब पसंद किया। सीता वियोग में भगवान श्रीराम की व्याकुलता को कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से जीवंत किया। राम की भूमिका चिरंजीवी गुप्ता, हनुमान की विक्की मदान, लक्ष्मण की हरीश हरवानी, माता शबरी और सुग्रीव की भूमिका संजय गेरा तथा बाली का किरदार काकू मदान ने निभाया। कलाकारों के शानदार अभिनय ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

श्रीविजयनगर: रामलीला के दसवें दिन हनुमान की हुई महाआरती

सीमा सन्देश# श्रीविजयनगर। श्री महावीर रामलीला युवा क्लब की ओर से डीके फैक्टरी स्थित निर्मल विजया रेजीडेंसी में आयोजित रामलीला के दसवें दिन हनुमान जी की महाआरती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सुशील मिढ्ढा,भामाशाह महावीर मिढ्ढा शंकर अग्रवाल, भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष मनोज रुखाया, दिनेश सिंधीअरोड़वंश अध्यक्ष अशोक बलाना,पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक मिढ्ढा, न्यू होप कैम्पस के प्रबंध निदेशक जे.एस. दानेवालिया, निजी शिक्षण संस्थान अध्यक्ष भारत भूषण मोंगा, हनुमान मंदिर प्रबंध समिति आरसीपी कॉलोनी के प्रबंधक वेद चुघ, गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रबंधक सुरजीत सिंह, व्यापार संघ महासचिव मनोज लखोटिया, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम बतराणा, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल मेघवाल, सतीश बवेजा , रमेश लखोटिया, कमल कुक्कड़, रमेश चुघ, शशि सिडाना, राजेश शर्मा, राकेश मिढ्ढा, डॉ. पूनम बलाना,सरदूल सिंह, तुलसी चुघ, डॉ. जाखड़, डॉ. नक्षत्र सिंह, अशोक सदेवड़ा, ओमी नायक, मोंटी मिढ्ढा, साहिल छाबड़ा, भूषण चुघ,रोहित कुक्कड़,काला बत्रा एवं महेंद्र चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रीतू गाबा, मदन चुघ, सुशील अग्रवाल, मनीष कुमार लड्ढू एवं दीपक अनेजा, शिव लखोटिया, उमेश कच्छावा,मनीष शर्मा, शिव भगवान भाटी, लक्ष्मी चंद कटारिया एवं हरीश शर्मा, जतिन सोनी, बी.एम. शर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेकअप व्यवस्था में मुकेश कुमार एवं जीत पेंटर, वॉलंटियर व्यवस्था में अवतार संधू एवं लालजी चौहान, जलपान व्यवस्था में सोनू सैन तथा स्टोर व्यवस्था में वंश अरोड़ा एवं अरमान चौधरी ने अपनी सेवाएं दीं। क्लब के सभी पदाधिकारियों, कलाकारों एवं कार्यकताओं के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



सादुलशहर: कल मनाया जाएगा दशहरा पर्व, तैयारियां मुकम्मल



सीमा सन्देश # सादुलशहर

बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व मंगलवार को शाम सवा छह बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक गुरवीर सिंह बराड रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों को अग्नि देंगे।

कार्यकर्ताओं एवं सराहनीय सेवाएं देने वालों का सम्मान भी करेंगे। दशहरा कमेटी संयोजक एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, कार्यक्रम संयोजक विक्की बजाज, अर्शदीप सिंह लालगढिया, आशीष बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि दशहरा ग्राउंड में दशहरा मेले को आकर्षक बनाने के लिए सीमा वाटिका, देवी-देवताओं की सचेतन झांकियां, रंग-बिरंगी आकर्षक आतिशबाजी, विभिन्न तरीकों के पटाखे छोडे जाएंगे। फूड स्टॉल्स लगाई जाएंगी। झूले स्थापित करवाए जाएंगे।

वर्ग पहली क्रमांक 7953



बायें से दायें:- 1) योगिता, 14) आरंभिक, 15) वाक्यसमाप्ति का चिन्ह, 4) अंकुर, 16) पूँजी; मालमत्ता, युक्ति, 6) सांत्वना, 8) 18) बेफ़िक्र, 20) केवल,21) न्यायालय, 10) वैमनस्य, आख़िरी, 22) आकाशवाणी, 12) हाल में उत्पन्न, 13) 25) सदस्यता का शुल्क, 27) लीलना, 17) एक पक्षी, आप और मैं, 28) पर्यन्त. 19) ज़ोर, 20) मनमौजी, (उत्तरः अगले अंक में) 22) प्रबल प्रवाह *(भीड़ का)*, *पिछली पहेली का उत्तर*
23) होंठों से घिरा भाग, 24) नुस्ख़ा, 26) झंझट; बखेड़ा; विपत्ति; 29) सह-योग, 30) कहासुनी; टंटा.

ऊपर से नीचे:- 2) बड़ा, 3) राय, 4) निमग्न, 5) अज्ञातवासी भीम, 7) दो से विभाज्य, 8) न्यारा, भिन्न, 9) पुत्री, 11) प्रति-

प	र	वा	ना	■	च	क	ना	चू	र
ख	■	म	ल	म	ल	■	■	ज़ा	■
म	ही	न	■	दी	न	■	का	■	प
■	र	■	हि	ना	■	स	म	क	क्ष
■	क	ल्पि	त	■	ता	ज़ा	■	बू	■
घ	■	■	चिं	गा	री	■	■	त	भी
मा	र	फ़	त	■	ख़	ता	बा	र	■
सा	■	स	क	ता	■	ऋ	■	■	खो
न	क़ल	■	ब	ल	ब	ला	ह	ट	■

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 19 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:-

1689 - रायगढ़ किले में संभाजी की विधवा और उसके बच्चे ने औरंगजेब के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1889 - फ्रांसीसी नेता नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस की राजधानी से अपनी सेना हटाई।
1933 - जर्मनी मित्र राष्ट्रों की संधि से बाहर आया।
1924 - अब्दुल अजीज ने स्वयं को मक्का में पवित्र स्थानों का रक्षक घोषित किया।
1950 - मदर टेरेसा ने कलकत्ता (भारत) में मिशनरी ऑफ चैरिटिज की स्थापना की।
1952 - श्रीरामुलू पोट्टी ने पृथक आंध्र राज्य के लिये आमरण अनशन शुरू किया।
1970 - भारत में निर्मित पहला मिग-21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया।
1983 - भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक डाक्टर एस. चन्द्रशेखर को एक अन्य अमेरिकी वैज्ञानिक प्रो. विलियम्स फाउलर के साथ 1983 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार।
2003 - पोप जॉन पॉप द्वितीय ने मदर टेरेसा को धन्य घोषित किया। यह संत की उपाधि दिये जाने की दिशा में पहला कदम होता है।
2004 - अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने यह रहस्योद्घाटन किया कि अमेरिका की कोशिशों से भारत-पाकिस्तान युद्ध टला। चीन ने अपना पहला व्यावसायिक मौसम उपग्रह छोड़ा। सू विन म्यांमार के नये प्रधानमंत्री बने।
2005 - ईराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के खिलाफ बगदाद में सुनवाई शुरू।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एनएनएस) मंगलवार अश्विन सुदी दशमी को विजयदशमी है। गेहूं, जई, जौ, उड़द, तुवर, मलका, मटर, राजमा चित्रा, काबुली चना, मसूर, मूंग, उड़द, देशी चना, अजवायन, किशमिश, हल्दी, इमली, चिरौंजी, मगज तरबूज, अमचूर, दालचीनी, जीरा, गुड़, पारा, निकिल, बिनौला, अरंडी तेल, कॉपर, पीतल, टिटेनियम डाई आक्साईड में लाभ तथा बारीक चावल, ग्वार, ग्वार गम, मोठ, पोस्तदाना, धनिया, मखाना, लौंग, रीठा, कालीमिर्च, जावित्री, जायफल, तिल, सोयाबीन, कपास, कलौंजी, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, सीसा, टिन, चीनी में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 1-4-5-9 है। यात्रा विचार-दक्षिण दिशा की ओर 10.27 बजे पूर्वार्द्ध के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

19 अक्टूबर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल अष्टमी, नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा, योग-धृति, करण-बव, दिशाशूल-पूर्व, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा मकर राशि में, सूर्य बुध राशि में, शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और बड़ा ऑर्डर या लाभ मिलने का योग है। नई ऊर्जा और उत्साह बना रहेगा।

वृषभ: आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी। पहले किए गए प्रयासों का अच्छा परिणाम और धन लाभ के अवसर सामने आएंगे।

मिथुन: लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं या प्रयासों में सफलता मिल सकती है।

कर्क : कोई सुखद समाचार मिल सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, और किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात से करियर को लाभ मिलेगा।

सिंह: मानसिक शांति और संतुष्टि महसूस होगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आलस से बचकर अपने काम खुद पूरे करें।

कन्या: पुराने निवेश से भारी मुनाफा और रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। रचनात्मकता और जिम्मेदारियों में तालमेल बनाकर रखें।

तुला: परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। कारोबार और कार्यक्षेत्र में सुधार व संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी।

वृश्चिक: साझा आर्थिक मामलों की समीक्षा करें। जल्दबाजी में कोई वित्तीय निर्णय लेने से बचें।

धनु: सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव से बड़ा इंक्रीमेंट या आर्थिक लाभ मिल सकता है। दोस्तों या सहकर्मियों से उपयोगी जानकारी मिलेगी।

मकर: चंद्रमा का आपकी ही राशि में गोचर रहेगा, जिससे दीर्घकालिक लक्ष्यों और जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित होगा।

कुंभ: करियर से जुड़ी जिम्मेदारियों पर फोकस बढ़ेगा। आर्थिक सुधार होंगे और लंबित बिल या कर्ज चुकाने में सक्षम रहेंगे।

मीन: आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। बातचीत में मधुरता बनाए रखें और नए अवसरों का लाभ उठाएं।

साहित्य की नोबेल पुरस्कार विजेता ऐन कार्सन की कविताएं

ऐन कार्सन ऐसी लेखिका/कवियत्री रही हैं, जिनकी रचनाओं से आम भारतीय पाठक दूर रहा है। उन्हें साहित्य का नोबेल दिए जाने की घोषणा होने के बाद भारतीय पाठकों में उनके लेखन के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई। देश के प्रमुख अनुवादक संतोष अलेक्स ने उनकी कुछ कविताओं का 'सीमा सन्देश' के लिए अनुवाद किया है।

प्रचारक शहर

तुम्हारी मौत के बाद
हर दिन तेज हवा चलती थी
हर दिन
जैसे कोई दीवार हमारे रास्ते में खड़ी हो
हम आगे बढ़ते रहे
एक-दूसरे की तरफ चिल्लाते हुए
सड़क के किनारे-किनारे / सब बेकार था
हमारे बीच की जगह / सख्त हो गई
वे खाली जगहें हैं / फिर भी वे ठोस हैं
और काली और दुख भरी
जैसे किसी बूढ़ी औरत के
दांतों के बीच का खालीपन
जिसे तुम बरसों पहले जानते थे
जब वहखूबसूरत थी, और उसकी नसों में
महल की आग की तरह जोश दौड़ता था।

ब्रुकलिन में कमरा

यह / धीमा दिन / आगे बढ़ता है
कमरे में मैं सुनता हूँ
इसकी धुरियों कीआवाज
छत पर धीरे-धीरे फैलती
एक चमकमुझे देती है
वह तेज नीले-पीले रंग का अहसास
जैसे-जैसे घंटे गुजरते हैं
मेरी दोपहर के चौड़े रास्ते पर।

टहनी टूटने की आवाज वाला शहर

मुझे उनके चेहरे चाकू जैसे लगे
जिस तरह उन्होंने उन्हें मेरी ओर किया
और इंतजार किया
शिकारी वह होता है जो सुनता है
अपने शिकार की आवाज को
इतनी गहराई से सुनता है
कि शिकार खुद ही हथियार को
शिकारी के हाथ से खींचकर
उसमें खुद को ही घोंप लेता है



ऐन कार्सन : परिचय

ऐन पेट्रीसिया कार्सन (जन्म 21 जून, 1950) एक कनाडाई क्लासिसिस्ट, लेखिका, अनुवादक और शिक्षाविद् हैं। उन्होंने 24 किताबें प्रकाशित की हैं, जिनमें कविता, उपन्यास और निबंध संग्रह शामिल हैं। कार्सन ने दस प्राचीन ग्रीक त्रासदियों और सैफो की कविताओं का अंग्रेजी में अनुवाद प्रकाशित किया है। उन्हें साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। साहित्य का नोबल पुरस्कार मिलने के बाद से वे चर्चा में हैं।

आंधी ढ़ेर

एक पक्षी तेजी से गुजरा
जैसे कोई भूल हो गई हो
और फिर सब शुरू हो गया
हम ज़िंदगी की रफ़्तार के बारे में नहीं सोचते
हम नहीं सोचते कि जेजबेल से नफरत क्यों करें?
हम सोचते हैं कि वह कौन है जो घर पर पेड़ फेंक रहा है?
जेजबेल एक फोनीशियन थी
फोनीशियन तूफान सूखे और डरावने होते हैं
वे एक-दूसरे के भीतर घुमावदार अंडाकार आकृतियों की तरह आते हैं

प्यार का छोटा सा, उदास पर आनंदमय अहसास

मुझे आँखें बंद करके पूरी रात तुम्हारे साथ रहना अच्छा लगता है
कितनी अच्छी किस्मत है
तुम यहाँ तारों के बीच से चले आ रहे हो!
मैंने अपने मन और दिल में एक लंबी यात्रा की
और वहाँ तुम मिले
सड़क के किनारे अपने छोटे से टूलकिट के साथ
घुटनों के बल बैठे
कुछ ठीक कर रहे थे
मुझे एक नई दुनिया दो, क्योंकि जो दुनिया मैं थी, उसे तो तुमने ले लिया है।

दुल्हन शहर

दिन के उजाले में कालेपन पर लटका हुआ
जैसे बिना किसी आदमी के
पहना हुआ ओवरकोट
एक ठंडी और चमकदार सुबह
दोपहर में 'मांगने वाला' मेरा इंतजार कर रहा था

संतोष अलेक्स : परिचय



डॉ. संतोष अलेक्स, कोच्चि (केरल) में मत्स्य विभाग में उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर कार्यरत हैं। उनकी अब तक लगभग 75 पुस्तकें आ चुकी हैं। इनमें से अधिकांश उनके द्वारा किए गए अनुवादित की गई कृतियां हैं। वे इंटरनेशनल ट्रांसलेशन अकेडमी, कोच्चि से भी जुड़े हुए हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में युवा पीढ़ी को अनुवाद से जोड़ने और उन्हें इस क्षेत्र में सक्रिय करने के लिए प्रयासरत हैं।

कन्या पूजन कर दिया महिला सम्मान और सुरक्षा का संदेश



सीमा सन्देश#खाजूवाला।

नवरात्र के पावन अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुल्लुवाली में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश बिश्नोई ने छात्राओं को तिलक लगाकर तथा उनके चरण स्पर्श कर कन्या पूजन किया। विद्यालय के छात्रों और अध्यापकों ने भी छात्राओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। इस आयोजन ने धार्मिक परंपरा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता से सामने रखा। विद्यालय में नवरात्र के दौरान आयोजित कन्या पूजन को केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रखते हुए इसे महिला सम्मान और बालिका सुरक्षा से जोड़कर मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ पीईईओ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय 28 केजेडी की छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

राजस्थानी रामलीला में जीवंत हुए प्रसंग

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

ब्राह्मण धर्मशाला के पास हनुमान चौक पर राजस्थानी रामलीला संस्थान द्वारा आयोजित रामलीला की छठी रात लोकगीत-संगीत और सशक्त अभिनय से सराबोर रही। इस दौरान सूर्पनखा प्रसंग, खर-दूषण वध, मारीच-रावण संवाद, सीता हरण, शबरी-राम मिलन और बाली-सुग्रीव युद्ध के दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा की मान्यता व विकास के लिए जनसंघर्ष तेज करने का संकल्प भी लिया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विशाल छाबड़ा, चरणजीत सिंह चन्नी व ओम स्वामी ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आरती कर किया। आयोजन समिति के संरक्षक मुरलीधर उपाध्याय व लेखक-निर्देशक मनोज कुमार स्वामी ने अतिथियों का सम्मान किया। अंत में अर्जुन जोशी ने आभार जताया।

वीजीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ

स्मार्ट तकनीक और सतत विकास पर वैज्ञानिकों ने साझा किए विचार



सीमा सन्देश # जयपुर।

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'स्मार्ट मैटेरियल्स एंड ऑटोमेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (एसएमएएसडी-2026)' का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के 196 से अधिक वैज्ञानिक, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ, शोधार्थी और युवा नवप्रवर्तक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) उपेंद्र पंडेल, वीजीयू के संस्थापक एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. के.आर. बागड़िया, प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) डी.वी.एस. भगवानुलु, प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) बलदेव सिंह तथा बॉश लिमिटेड के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। विभागाध्यक्ष डॉ. वी.के. पांडे ने बताया कि सम्मेलन में स्मार्ट मैटेरियल्स, उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा प्रणाली और डिजिटल तकनीक पर शोध प्रस्तुत किए जा रहे हैं। चयनित शोध पत्रों को 'स्कोपस' और 'वेब ऑफ साइंस' में स्थान मिलेगा। प्रो. (डॉ.) उपेंद्र पंडेल ने स्मार्ट तकनीक को सतत विकास के लिए आवश्यक बताया। डॉ. के.आर. बागड़िया ने युवाओं को वैश्विक शोध से जोड़ने पर जोर दिया। प्रो. (डॉ.) डी.वी.एस. भगवानुलु ने उद्योग-अनुकूल नवाचारों को उच्च शिक्षा की प्राथमिकता बताया, जबकि प्रो. (डॉ.) बलदेव सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स के साथ नैतिक मूल्यों के संतुलन की आवश्यकता जताई। बॉश लिमिटेड के मिलन उनियाल और कमलेश गुप्ता ने ऑटोमेशन एवं रोबोटिक्स क्षेत्र में तकनीकी बदलावों की जानकारी दी। सम्मेलन में डॉ. नरेंद्र कुमार खत्री और डॉ. बीके शर्मा ने भी व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन, शिक्षक, उद्योग प्रतिनिधि और शोधार्थी उपस्थित रहे।

112 शहरों के 20 करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का लक्ष्य

फिलिप्स होम अप्लायंसेज का 'सोने पे डबल सुहागा' कैंपेन शुरू, सोना-हीरा जीतने के मौके

श्रीगंगानगर।

पिछले त्योहारी सीजन में 'सोने पे सुहागा' कैंपेन की सफलता के बाद फिलिप्स होम अप्लायंसेज इस बार 'सोने पे डबल सुहागा' नाम से नई पेशकश लेकर आया है। कंपनी का उद्देश्य त्योहारी खरीदारी को ग्राहकों के लिए और अधिक लाभदायक एवं रोमांचक बनाना है। इस ऑफर के तहत फिलिप्स होम अप्लायंसेज खरीदने वाले ग्राहकों को निश्चित तोहफे के साथ सोना और हीरा जीतने का अवसर भी मिलेगा।

खरीदारी के साथ आकर्षक पुरस्कार

कंपनी के अनुसार, 11 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस कैंपेन में 1,500 रुपये या उससे अधिक एमआरपी वाले चुनिंदा फिलिप्स होम अप्लायंसेज खरीदने वाले प्रत्येक ग्राहक को एक निश्चित उपहार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राहकों के पास हर घंटे 9,999 रुपये का सोना और हर दिन 50,000 रुपये का हीरा जीतने का मौका रहेगा। कंपनी का दावा है कि यह कैंपेन देश के 112 शहरों में 20 करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद के साथ शुरू किया गया है।

त्योहारी परंपरा से जुड़ा है कैंपेन

भारतीय संस्कृति में सोने और हीरे को समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने इन कीमती पुरस्कारों को कैंपेन का हिस्सा बनाया है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को केवल छूट या ऑफर देने के बजाय खरीदारी के साथ एक यादगार अनुभव प्रदान करना है। पिछले वर्ष 'सोने पे सुहागा' कैंपेन को 70 शहरों में ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने का प्रयास

वसुनी इंडिया की मुख्य विपणन अधिकारी पूजा बैद ने कहा कि आज ग्राहक त्योहारी खरीदारी में अधिक सोच-समझकर निर्णय लेते हैं। 'सोने पे डबल सुहागा' के माध्यम से कंपनी खरीदारी में निश्चित लाभ के साथ उत्साह और सरप्राइज का अनुभव जोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय खुशियों और नई शुरूआत का अवसर होता है। कंपनी का उद्देश्य अपने उत्पादों के माध्यम से घरों को सुविधाजनक बनाने के साथ ग्राहकों के त्योहारी अनुभव को और खास बनाना है।

विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों, सड़क जाम और यातायात बाधित होने से त्योहारी सीजन में व्यापार पर बड़ा असर पड़ रहा है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि बाजारों में ग्राहकों की संख्या घट गई है, बुकिंग रद्द हो रही हैं और कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के अनुसार, अक्टूबर में अब तक दिल्ली के व्यापारियों को करीब 3000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। संगठन ने आशंका जताई है कि यदि प्रदर्शन जारी रहे तो दीपावली तक नुकसान 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। कनॉट प्लेस, खान मार्केट, सदर बाजार और चांदनी चौक जैसे प्रमुख बाजारों में व्यापारियों ने बिक्री प्रभावित होने की बात कही है। नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन के अनुसार, प्रदर्शन वाले दिनों में बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम हो जाती है, जिससे प्रतिदिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भी चेतावनी दी है कि लंबे व्यवधान से खुदरा, थोक व्यापार, परिवहन, होटल और सेवा क्षेत्र प्रभावित होंगे। संगठन ने सरकार से दीपावली तक प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में व्यवस्था बनाए रखने और व्यापारियों को राहत देने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार और कारोबार करने का अधिकार दोनों का संतुलन जरूरी है।

गंगनहर का वरीयताक्रम

19 अक्टूबर 2026, सोमवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
बीबी	448 (8)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रात : 3 बजे
एमके	546 (7)	13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे
एच	853 (6)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
वाई	884 (6)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
जैड	1039 (6)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
डी-भागसर	1057 (6)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	1098 (6)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
पीएस	1258 (6)	15 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
समेजा	1460 (3)	17 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	25 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
आरबी	1730		
एचएच	1765		
रिडमलसर	1776		
फार्म	1837		
जीजी	2038		
हिरणावाली	2060		
नेतेवाला	2081		
एमएल	2141		
एमएलए	2182		
ईईए	2242		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	2519		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	2532		16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एफ	3035		14 अक्टूबर सायं 6 बजे
करणीजी	3365		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में रविवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1588 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	8986	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	350
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	7592
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

रविवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 18.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66
पानी की आवक - 10950 क्यूसेक, निकासी- 13020 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.09
पानी की आवक- 5393 क्यू., निकासी- 9540 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

लापरवाही व तेज गति का नतीजा; तीन अलग-अलग भीषण दुर्घटनाओं में 32 की मौत, 47 गंभीर घायल

ग्वालियर में मंदिर के गेट से टकराया ट्रक, 18 की मौत



ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं पर अनियंत्रित ट्रक चढ़ जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज जयारोग्य अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में जारी है। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। नवरात्रि के कारण मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चीनोर की ओर से आ रहा धान से भरा ट्रक पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर मंदिर मार्ग में घुस गया और लोगों को कुचलते हुए दुकानों व मंदिर गेट से जा टकराया। इस दौरान कई लोग मलबे में दब गए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। ट्रक की तकनीकी जांच के लिए टीम भेजी गई है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 2-2 लाख रुपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

भीषण टक्कर में पांच श्रद्धालुओं की मौत

बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा माजलगांव तालुका के शिंदेवाड़ी फाटा के पास करीब 11 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, माजलगांव का एक परिवार देवी तुलजा भवानी के दर्शन के लिए तुलजापुर जा रहा था। इसी दौरान शिंदेवाड़ी जंक्शन के पास कार की राज्य परिवहन की बस से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान ओंकार महादेव गिरी (24), गजानन महादेव नामदास (38), मौली गजानन नामदास (11), सोमनाथ बाडे (23) और अनिल आचार्य (40) के रूप में हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने राजमार्ग पर जाम लगाकर विरोध जताया। उनका आरोप है कि शिंदेवाड़ी जंक्शन पर सड़क की खामियों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा उपायों की मांग की है।

कार ने मनरेगा मजदूरों को कुचला, 9 की मौत

संगरूर। पंजाब के संगरूर जिले में लहरागागा-जाखल मार्ग पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में नौ मनरेगा मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गांव अलीशेर और चोटियां के बीच उस समय हुआ, जब करीब 23 महिला-पुरुष मजदूर सड़क निर्माण कार्य में लगे थे। तभी तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने मजदूरों को कुचल दिया। मृतकों में अधिकांश महिलाएं बताई जा रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पूरे क्षेत्र में घटना से शोक का माहौल है।

हादसे में 3 की मौत

वाराणसी। औराई कोतवाली क्षेत्र के इटवा गांव के सामने रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मेदनीपुर निवासी विवेक बिंद (29), सूरज बिंद (20) और विकास बिंद (19) के रूप में हुई है। तीनों महराजगंज से घर लौट रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

कार डिवाइडर से टकराई, तीन मरे

सहारनपुर। नागल थाना क्षेत्र के बेलडा चौराहे के पास रविवार तड़के तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आगरा निवासी सक्षम उपाध्याय (23), साहिल तिवारी (25) और राहुल सिंह (25) की मौत हो गई, जबकि सचिन व हेमंत घायल हो गए। पुलिस के अनुसार कार सवार मसूरी घूमने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 95वां संस्करण आयोजित

नई दिल्ली। द्वारका स्थित नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) में रविवार को 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 95वें संस्करण का आयोजन किया गया। 'पेडल फॉर फिटनेस, राइड फॉर ए हेल्दीयर वर्ल्ड' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, फिटनेस प्रेमियों, स्वास्थ्य समर्थकों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर पब्लिक हेल्थ एंड फूड सेफ्टी (सीपीएचएफएस) और फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के सहयोग से किया गया। इसमें शारीरिक सक्रियता, संतुलित खान-पान और बेहतर स्वास्थ्य के बीच संबंधों पर जागरूकता फैलाई गई। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एनएसयूटी के स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. प्रवीण सरोहा, फिट इंडिया एंबेसडर मनीषा सिंह, हेल्थ इन्फ्लुएंसर उत्सव घोष, फिट इंडिया एंबेसडर राकेश सैनी और अभिनेता-निमार्ता रोहित चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे। एनएसयूटी के कुलपति प्रो. आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि साइकिलिंग से छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और उनकी ऊर्जा व एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण सरोहा ने प्रतिभागियों को 'नशा मुक्त भारत' की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने 5 किलोमीटर साइकिलिंग के साथ योग, इंटरैक्टिव गेम्स और गरबा जुम्बा जैसी गतिविधियों में भाग लिया। आयोजकों ने फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

सड़क हादसे में मृत इंजीनियर के परिवार को 1.43 करोड़ का मुआवजा

नई दिल्ली। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दिल्ली विकास प्राधिकरण के 59 वर्षीय एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के परिवार को 1.43 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा देने का आदेश दिया है। सितंबर 2022 में आरके पुरम में कार खड़ी बस से टकरा गई थी, जिसमें इंजीनियर की मौत हो गई थी। ट्रिब्यूनल ने बीमा कंपनी को पहले राशि जमा करने और बाद में जिम्मेदार पक्षों से वसूली का अधिकार दिया है।

विजयादशमी पर होगा पथ संचलन

सीमा सन्देश# खाजूवाला। शक्ति और शौर्य के प्रतीक विजयदशमी के पावन पर्व पर नगर में भव्य पथ संचलन होगा। संघ कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी कि पथ संचलन 20 अक्टूबर को नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा। इसका प्रचल गायत्री मंदिर के पास से होगा। संचलन में नगर के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश शंखनाद के साथ एक समान ,एक जैसे, एक ही ध्येय के लिए पथ संचलन करेंगे। जिला संघचालक नरेंद्र भार्गव ने बताया स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में संचलन में सहभागी बनेंगे।

गैंग पकड़ी

जयपुर। जवाहर नगर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय नकबजनी गैंग के मुख्य आरोपी मोमिन उर्फ मोहसिन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले पिलखुवा निवासी प्रवीण कुमार वर्मा को भी पकड़ा है। आरोपी सूने मकानों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई कर वारदात में इस्तेमाल स्कूटी व औजार जब्त किए हैं।

माँ ने दो बच्चों की हत्या की

अलवर। खेड़ली थाना क्षेत्र के दातिया गांव में मां ने कथित रूप से अपने दो बच्चों पर कैंची से हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद महिला ने खुद पर भी वार कर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों में नंदिनी (4) और मुकुल (5) शामिल हैं। पुलिस ने तीनों शव मोर्चरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

6 महीने से फरार 10,000 का इनामी बदमाश हरियाणा से गिरफ्तार

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। पुलिस ने गौवंशीय पशु अधिनियम के एक मामले में पिछले 6 महीनों से फरार चल रहे ?10,000 के इनामी वांछित आरोपी को हरियाणा के बिलासपुर से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। वृत्ताधिकारी वृत्त ग्रामीण श्री भूपेंद्र सोनी के सुपरविजन में थानाधिकारी श्री सुभाष बिश्नोई (पु.नि.) के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम में अनुसंधान अधिकारी श्री कंवरपाल सिंह (स.उ.नि.) और कांस्टेबल बाबूजान शामिल रहे। इस टीम ने तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों के बाद आरोपी गुरमीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मेहता चौक, वार्ड नंबर 8, अमृतसर (पंजाब) को नूंह रोड, बिलासपुर (हरियाणा) से दबोच लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 10,000 का इनाम घोषित किया गया था। परिवादी करण कुमार पुत्र रमेश कुमार (निवासी भागसर) और अन्य गौसेवकों ने गत 05 अप्रैल 2026 को पुलिस थाना लालगढ़ जाटान में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट के अनुसार 3 अप्रैल 2026 की रात्रि करीब 09:30 बजे अबोहरिया से भागसर लिंक रोड पर पंजाब की ओर जाने वाला एक संदिग्ध वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकराया हुआ मिला था। घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित होने और सूचना मिलने पर गौसेवक व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त किया, जिसमें क्रूरतापूर्वक गौवंश भरे हुए थे। वाहन से कुल 14 गौवंश बरामद किए गए, जिनमें से 1 की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि शेष 13 सुरक्षित गौवंशों को लालगढ़ जाटान स्थित गौशाला में सुपुर्द किया गया था।

2.12 करोड़ की ठगी, जिम ट्रेनर गिरफ्तार

जयपुर। भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग के एडीजी को डिजिटल अरेस्ट कर 2.12 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में जयपुर साइबर क्राइम पुलिस ने महाराष्ट्र से एक जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रविंद्र जितेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ अक्षय उर्फ देवा टेलीग्राम चैनल के जरिए साइबर ठगों के संपर्क में आया था। पुलिस के अनुसार, वह बैंक खाते उपलब्ध कराने, दस्तावेज और सिम कार्ड मुहैया कराने तथा रकम के लेनदेन में सहयोग करता था। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पिता ने ही मैगी में जहर मिलाया था

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत के मामले में जांच में नया मोड़ आया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में फूड पॉइजनिंग नहीं, बल्कि जहर देने के संकेत मिले हैं। आशंका है कि महेश ने ही मैगी में जहर मिलाया था। उसके मोबाइल से मिले एक ऑडियो के आधार पर दो बहनों और एक जीजा को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम में विषाक्त पदार्थ के संकेत मिले हैं तथा विसरा जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस संपत्ति विवाद और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर (राज.)

आपत्ति सूचना

क्रमांक:-931 **दिनांक :- 16/10/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद श्रीगंगानगर क्षेत्र में निम्न लिखित भूखण्डधारीयों द्वारा नियम 69-ए के तहत एवं योजना क्षेत्र / कच्ची बस्ती / स्टेट ग्राण्ट एक्ट के तहत पट्टा हेतु आवेदन किया जा रहा है। नियम 69-ए के तहत एवं योजना क्षेत्र (दस्तावेज सर्म्पण कर पट्टा जारी करने के विरूद्र यदि कोई आवंटी या हिताधिकारी अपना पक्ष या एतराज करना चाहे तो इस सार्वजनिक आपत्ति सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में परिषद कार्यालय में मय सबूत के लिखित में प्रस्तुत करें, अन्यथा इस निर्धारित अवधि में कोई एतराज प्राप्त नहीं होने पर अन्तिम क्रेता के पक्ष में नियमितिकरण कर पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी तथा निर्धारित अवधि के पश्चात किसी प्रकार का एतराज मान्य नहीं होगा। नियमितिकरण करने वाले भूखण्डो की सूचना निम्नप्रकार से है :-

स्वीकृत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की सूची :-

क्र.स.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	भूखण्ड संख्या मय योजना नाम	साईज
1	पवन कुमार	गणपतराम	1122 अगसैन नगर	30'×48'7''
2	अजय गोयल	महावीर प्रसाद	160 अग्रसेन नगर	30'×52'1''
3	हरेन्द्र पाल सिंह	प्रीतम सिंह	6 ई 10 जवाहरनगर	15×21 फीट
4	करतार सिंह	मेहर सिंह	30 डी पब्लिक पार्क	8×20 फीट

69 ए के तहत प्राप्त आवेदनों की सूची -

क्र.स.	आवेदक का नाम	पिता/पति/पुत्री का नाम	भूखण्ड संख्या मय योजना नाम	साईज
1	पूजा मित्तल	गोपाल कृष्ण	41 सी ब्लॉक	30'×60' फीट
2	भूपेन्द्र सिंह	लालचन्द	844-844 पुरानी आबादी	26.8'×50'
3	संजय गोयल व मीनू गोयल	लीलूराम गोयल व संजय गोयल	79 ई ब्लॉक	25'×60'
4	देवेन्द्र कुमार	किशोरचन्द गुप्ता	83 एल ब्लॉक	25'×50'
5	रमेश कुमार	नौरंग राय	72 के ब्लॉक	25×40 फीट
6	मनजीत सिंह सैनी	कर्मसिंह सैनी	1136 पुरानी आबादी	21.5×26.5/2 व 42+39.8/2 फीट
7	रमेश चन्द्र	नानूराम	1084 पुरानी आबादी	19×72 फीट
8	चिमनलाल	रामचन्द्र	139 जी ब्लॉक	30×50 फीट
9	कन्हैयालाल गोयल	मंगतराय	53 ई ब्लॉक	45×50 फीट
10	पूजा मित्तल	गोपाल कृष्ण मित्तल	40 सी ब्लॉक	30×30 फीट
11	दीपक कुमार जैन	सुशील कुमार जैन	6 ई बलॉक सैकिण्ड	9×50 फीट
12	ममता जैन	दीपक जैन	6 ई बलॉक सैकिण्ड	9×50 फीट
13	सुरेन्द्र कुमार भाटिया	रामनाथ	22 एल ब्लॉक	14×50 फीट
14	मुकेश बंसल	किशन गोपाल	60 जे बलॉक	25×50 फीट
15	महेश बसल	श्यामलाल	52 जी ब्लॉक	24×25 फीट
16	टेकचन्द चौधरी	बालचन्द चौधरी	219 मुकर्जीनगर	15×50 फीट
17	रमेश कुमार	बालचन्द चौधरी	219 मुकर्जीनगर	15×50 फीट
18	शकुन्तला देवी	सीताराम	43 व 44 थर्ड ब्लॉक पुरानी आबादी	22×72 फीट
19	कशिश धूडिया	नेम प्रकाश	369 विनोबा बस्ती	15×25 फीट
20	रेणु बाला	नन्द किशोर	65 सी ब्लॉक	20.3×17.1 फीट
21	दीपक खुराना	साधूराम खुराना	131 जी ब्लॉक	24×25 फीट
22	रोशन धींगड़ा	गोकुलचन्द धींगड़ा	43 कैनाल ब्लॉक पुरानी आबादी	60×70 फीट
23	विनोद कुमार सोनी, कामिनी सोनी	सत्यनारायण सोनी, विनोद कुमार	128 तहबाजारी	7.6×18 फीट
24	कृष्णा देवी	सत्यनारायण सोनी	07 के ब्लॉक	25×25 फीट
25	सत्यनारायण	कुन्दनलाल	56 ई ब्लॉक	42×50 फीट

स्टेट ग्रांट के तहत आवेदनों की सूची -

क्र.स.	आवेदक का नाम	पिता/पति/पुत्री का नाम	भूखण्ड संख्या मय योजना नाम	साईज
1	मोहम्मद अली	लाल खान	वा न 18, सुखयत सिनेमा रोड, पुरानी आबादी	27×47 फीट
2	आत्माराम	बनवारीलाल	998 वार्ड नम्बर 18 पुरानी आबादी	15×99 फीट
3	आयशा	लाल खान	1154 सुखवत सिनेमा रोड, पुरानी आबादी	20.6×49 फीट
4	जितेन्द्र कुमार	कन्हैयालाल	वार्ड 17 पुरानी आबादी	19+23/2×27.6 फीट
5	निको देवी	खेताराम	वार्ड नम्बर 18 पुरानी आबादी	(16.9+23)/2×76 फीट
6	गुरमीत कौर	रूपिन्द्र सिंह	वार्ड नम्बर 17 पुरानी आबादी	4050 फीट
7	मदन पुरी	राजकुमार	वार्ड नं.13 पुरानी आबादी	39.6 गुणा 43,6 फोट
8	विजय कुमार	राम सिंह	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	20 गुणा 60 फीट
9	साहब राम लिम्बा	पतराम	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	10 गुणा 10 + 86 गुणा 19 + 15 गुणा 52 फीट
10	अशोक इन्दोरा	कृष्णलाल	वार्ड नं. 47 इन्द्रा चौक	8 गुणा 40 फीट
11	पार्वती देवी	राधेश्याम	मकान नं 26 वार्ड न० 48/64 मोची मोहल्ला	10 गुणा 20 फीट
12	जगत कुमार शर्मा	मदन लाल	वार्ड नं. 10/14 पुरानी आबादी	20 गुणा 32 फीट
13	मदन लाल	हरबंस लाल	वार्ड नं. 18 पुरानी आबादी	15 गुणा 60 फीट
14	खुशबु शर्मा	राजीव शर्मा	वार्ड नं. 10/14 पुरानी आबादी	31 गुणा 36 फोट
15	दिनेश	बनवारी लाल	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	31 गुणा 48 फीट
16	ज्योति	दिनेश	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	29 गुणा 44 फीट
17	भानी राम	भूणराम राम	वार्ड नं. 46 पुरानी आबादी	22 गुणा 30 फीट
18	सुनीता रानी	नरेश मनचंदा	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	18 गुणा 436 फोट
19	मंगतराम	रामसिंह	वार्ड नं. 13 पुरानी आबादी	20 गुणा 70 फीट
20	जयलाल	देवीलाल	903 सुखवत पैलेस रोड, पुरानी आवादी	34×88 फीट
21	रुपिन्द्र सिंह	हरनेक सिंह	वार्ड नम्बर 17 पुरानी आबादी	30×47
22	परमेश्वरी देवी	बीरबलराम	399 वार्ड नम्बर 13 पुरानी आबादी रवि चौक	13×50

उपरोक्त सूची में वर्णित आवेदको का यदि पूर्व में पट्टा जारी हो तो आवेदन पत्र व आपत्ति में नाम स्वतः निरस्त माना जावेगा।

आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

AAVAS APKE SAATH HAMAARA

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी / गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छपाप्ति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार सांम्पिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	मांग सूचना की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
कालू राम, कमला देवी खाता सं. 241214003569532	06 अक्टूबर 2026 ₹ 292954/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 02, बुक नं. 329, जी.पी. फरीदसर, तहसील-सूरतगढ़, जिला-श्रीगंगानगर, राजस्थान (भारत)-335705/ **क्षेत्रफल 1456 वर्ग फीट**
रमेश कुमार, संतोष जमानतदार : हरफूल कुमार खाता सं. 161209500386935	06 अक्टूबर 2026 ₹ 404283/- 05 अक्टूबर 2026	प्लॉट नं. 32, चक 15 एच.एम.एच., हनुमानगढ़, राजस्थान (भारत)-335513/ **क्षेत्रफल 1225 वर्ग फीट**
राम लाल, माधा माया, चिमन लाल जमानतदार : बलजीत सिंह खाता सं. 211214001862559	06 अक्टूबर 2026 ₹ 265036/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं 65, बुक नं. 220, चक 3 एसएचपीडी, ग्राम पंचायत 8 एसएचपीडी, तहसील सूरतगढ़, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान, 335804 **क्षेत्रफल 224 वर्ग गज**
गौमती गौमती, राम स्वरूप जमानतदार : पवन कुमार खाता सं. 171209500648525	06 अक्टूबर 2026 ₹ 269232/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 45, बुक नं. 10, ग्राम पंचायत मैटरिया वाली ढाणी, तहसील व जिला हनुमानगढ़, राजस्थान 335526 **क्षेत्रफल 2494 वर्ग फीट**
तारा चन्द स्वामी, ललिता, रॉबिन स्वामी जमानतदार : नाथू राम खाता सं. 211200402104688	06 अक्टूबर 2026 ₹ 1062701/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 34, बुक नं. 494, ग्राम पंचायत 10 जेड़, तहसील श्री गंगानगर, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान 335001 **क्षेत्रफल 3600 वर्ग फीट**
जगदीश प्रसाद, रोशनी देवी, रमेश रमेश, संजना संजना खाता सं. 171200400576284 व 181200401017361	06 अक्टूबर 2026 ₹ 708832/- व ₹ 213649/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 62, बुक नं. 140, ग्राम पंचायत छापावाली, तहसील-सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर, राज. 335062 **क्षेत्रफल 2679.00 वर्ग फीट**
कालूराम कालूराम, विद्या देवी, हंसराज हंसराज जमानतदार : पृथ्वीराज पृथ्वीराज खाता सं. 211209502047182 व 251209504881333	06 अक्टूबर 2026 ₹ 298562/- व ₹ 115441/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 09, बुक नं. 10, ग्राम पंचायत अमरपुरा बेड़ी, तहसील व जिला हनुमानगढ़, राजस्थान 335513 **क्षेत्रफल 1914 वर्ग फीट**
सुरेन्द्र कुमार, किरणबाला किरणबाला खाता सं. 221222202329883	06 अक्टूबर 2026 ₹ 1273181/- 05 अक्टूबर 2026	प्लॉट सर्वे नं. 393, एम.एन 67, वार्ड नं. 03, पदमपुर, जिला श्री गंगानगर, राजस्थान (भारत)-335041/ **क्षेत्रफल 33*33 वर्ग फीट**
रतन लाल, संतरो देवी खाता सं. 241210704169976	06 अक्टूबर 2026 ₹ 723463/- 05 अक्टूबर 2026	एम.एन. 09, पी.एन 209/51, के. नं. 22/1, चक 12 एमएलडी-ए, तहसील घड़साना, हनुमानगढ़, राजस्थान **क्षेत्रफल 641.30 वर्ग मीटर**
विनोद कुमार, शान्ति शान्ति खाता सं. 251211205933474	06 अक्टूबर 2026 ₹ 1722426/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 17, बुक नं. 185, ग्राम पंचायत घंड, पंचायत समिति भादरा, जिला-हनुमानगढ़, राजस्थान 335501 **क्षेत्रफल 2754.27 वर्ग फीट**
स्वर्गीय श्री चन्दुराम चन्दुराम जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती सुन्दर देवी, श्री पाला राम, पाला राम, सुन्दर देवी जमानतदार : रणजीत खाता सं. 171211200654253	06 अक्टूबर 2026 ₹ 560557/- 05 अक्टूबर 2026	पट्टा नं. 22, ग्राम पंचायत धनसिया, तहसील-नोहर, हनुमानढ, राजस्थान 335523 **क्षेत्रफल 305.77 वर्ग गज**
माला राम, बृज लाल, शान्ति जमानतदार : प्रभु सिंह खाता सं. 161208000298892	14 अक्टूबर 2026 ₹ 200208/- 13 अक्टूबर 2026	ग्राम सतधुन पर स्थित आवासीय सम्पत्ति, तहसील तारानगर, चुरू राजस्थान पिन-331001 **क्षेत्रफल 225 वर्ग मीटर**

स्थान : राजस्थान दिनांक 19.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

न्यूज इन ब्रीफ

अन्य दलों के कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को बीकानेर संभाग प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम के सानिध्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू के नेतृत्व में अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर आए कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा का दुपट्टा पहनाकर नवागत सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अमित चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई, जिला चुनाव प्रभारी दीपक पारीक, जिला महामंत्री प्रदीप ऐरी, जिला मंत्री मुरलीधर सोनी, जिला प्रवक्ता आशीष पारीक, मंडल अध्यक्ष नितिन बंसल, सीताराम बिश्नोई और गुरदास बराड़ सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्गा अष्टमी पर घर-घर हुआ कंजक पूजन



सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर गांव में घर-घर कंजक पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रथम नवरात्र से रखे व्रत खोलकर मां भवानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कन्याओं को भोजन करवाकर उनके चरण स्पर्श किए गए तथा चुनरी, नारियल और अन्य वस्तुएं भेंट की गईं। दुर्गा अष्टमी पर हर गली-मोहल्ले में कन्याओं के पूजन को लेकर उत्साह नजर आया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पौत्र के दसोटन पर अनाथ बच्चों को कराया भोजन

सीमा सन्देश # बरवाली। अंकित सहारण के पुत्र कनिष्क चौधरी के दसोटन के अवसर पर सहारण परिवार ने गोगामेड़ी स्थित अपना घर अनाथ आश्रम पहुंचकर बच्चों को भोजन कराया और सेवा कार्य किया। वैद्य विनोद कुमार सहारण ने बताया कि परिवार में किसी भी आयोजन के अवसर पर वे गोगामेड़ी पहुंचकर अनाथ बच्चों की सेवा करने का प्रयास करते हैं। इस बार भी पौत्र के दसोटन पर उन्हें सेवा का अवसर मिला। आश्रम संचालक सतपाल बरोड़ ने बताया कि आश्रम जनसहयोग से संचालित होता है और क्षेत्र के नागरिक इसमें सहयोग कर रहे हैं।

आज महाअष्टमी पर लगेगा भोग; 20 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन, करीब 600 साल पुराना मंदिर

आयोजन : मां की आराधना के साथ शुरू हुआ पचीसिया कुटुम्ब सम्मलेन





सीमा सन्देश # नोहर। पचीसिया परिवार का तीन दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को शुरू हुआ। ये कार्यक्रम 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा। समारोह में मां भगवती की पूजा-अर्चना, भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं और वरिष्ठजनों के सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। आयोजन का उद्देश्य पारिवारिक एकता, संस्कारों और पूर्वजों की गौरवशाली परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम मे रविवार को अग्रसेन भवन में महासप्तमी के अवसर पर पूजा-अर्चना, फलाहार और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। 19 अक्टूबर को महाष्टमी पर मां भगवती का भोग, आरती एवं प्रसाद के साथ परिवार के वरिष्ठजनों का अनुभव रत्न सम्मान किया जाएगा। इस दौरान विजयरत्न जागा परिवार के इतिहास एवं वंश परंपरा पर व्याख्यान देंगे। महाष्टमी की रात भूकरका स्थित मां भगवती मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें पचीसिया गौरव सम्मान और उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह के साथ परिवार के कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। नोहर के गायक महिपाल सैनी लोकसंगीत से समां बांधेंगे। 20 अक्टूबर को मंदिर में सामूहिक आरती, धार्मिक रीति-रिवाजों और भंडारे के साथ समारोह का समापन होगा।

देश भर का एकमात्र मंदिर

आयोजन से जुड़े राजमोहन पचीसिया बताया कि देश भर के अलग-अलग कोनों में रह रहे पचीसिया परिवार नोहर के ही हैं। नोहर पचीसिया माता का मंदिर कुल माता का मंदिर है जहां देशभर से पचीसिया परिवार के लोग धोक लगाने पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि यह मंदिर करीब 600 साल पुराना है। वर्तमान में मंदिर का जीर्णोद्धार भी करवाया गया है। नोहर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, पटना, बीकानेर, अबोहर, श्रीगंगानगर सहित अनेक स्थानों से पचीसिया परिवार पहुंचे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान युवा पीढ़ी का जन्म भूमि के प्रति लगाव बना रहे इसके लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। राजमोहन पचिसिया ने बताया कि नोहर के विकास में प्रवासियों का अहम योगदान है। नोहर का प्रवासी चाहे देश के किसी भी कोने में रह रहा हो मगर जन्मभूमि के प्रति उसका लगाव विकास की ललक सदैव बनी रहती है।

शस्त्र पूजन के साथ सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा का दिया संदेश

कदमताल करते स्वयंसेवक, गूंजता राष्ट्रभाव और पुष्पवर्षा से स्वागत

विष्णु नेगी

सीमा सन्देश # भादरा। विजयादशमी का उत्साह, पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवक, मार्गों पर पुष्पवर्षा करते नगरवासी और वातावरण में राष्ट्रभक्ति का भाव। कुछ ऐसा ही दृश्य रविवार को भादरा के रामलीला मैदान से निकले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल पथ संचलन के दौरान देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भादरा के तत्वावधान में आयोजित विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के सम्मान में निकाले गए पथ संचलन ने नगर में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। ना का संदेश दिया। कार्यक्रम में संतों का सानिध्य, वैदिक परंपराओं के अनुरूप शस्त्र पूजन और स्वयंसेवकों का अनुशासित संचलन प्रमुख आकर्षण रहे। नगर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। जगह-जगह वे हुए स्वागत से आयोजन का उत्साह और भव्यता बढ़ती नजर आई।



स्त्र पूजन के साथ राष्ट्रसेवा का संकल्प

रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रामतलाई आश्रम के पूज्य संत श्यामानंद महाराज तथा पंचदेव धाम, भांगवा के रामदास महाराज का गरिमामय सान्निध्य प्राप्त हुआ। वैदिक परंपराओं और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत वातावरण में शस्त्र पूजन किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ पथ संचलन में भाग लिया।

संघ यात्रा और राष्ट्र निर्माण पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीगंगानगर विभाग प्रचारक अशोक विजय ने बौद्धिक उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के विचारों को सुनने के लिए आज विश्वभर में जिज्ञासा दिखाई देती है। संघ पिछले 101 वर्षों से वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से देश-विदेश में अनेक संगठन समाजसेवा, जनजागरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। विदेशों में हिंदू स्वयंसेवक संघ तथा भारत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, अधिवक्ता परिषद सहित विभिन्न संगठनों के माध्यम से समाज को जागरूक और संगठित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। संचलन के मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। जगह-जगह नागरिकों की सहभागिता और स्वागत ने आयोजन को उत्सवमय बना दिया। अनुशासित कदमताल के बीच नगर के प्रमुख मार्गों पर दिखाई दिया उत्साह आयोजन की व्यापक सामाजिक सहभागिता को दर्शाता रहा।

सत्य, अहिंसा व पवित्रता का वरदान लेना है: नीलिमा

सीमा सन्देश# रावतसर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुख शांति भवन में नवरात्र अष्टमी के उपलक्ष में चैतन्य देवियों की झांकी सजाई गई । ब्रह्माकुमारी नीलिमा बहन ने नवरात्रि के आध्यात्मिक अर्थ को बताते हुए कहा यह देवियां कोई आसमान से नहीं उतरी है। यह भारत की ही कन्याएं और माताएं हैं जिन्होंने सर्वशक्तिमान शिव से शक्ति लेकर शक्ति स्वरूप बन अपने अंदर में छिपे हुए काम क्रोध लोभ मोह अहंकार आदि असुरों का संघार किया। मां दुर्गा अर्थात दुर्गुणों को हरने वाली है । देवी देवताओं के लिए कहा गया कि वह संपूर्ण अहिंसक है उनका अहिंसा परमो धर्म है तो सोचो क्या वह हिंसा कर सकते हैं। मां दुर्गा के आठ हाथ अष्ट शक्तियों का प्रतीक है देवी के हाथ में जो गदा खड्ग त्रिशूल तलवार आदि दिखाएं हैं। यह कोई हिंसक शस्त्र नहीं है यह सब ज्ञान के ही अस्त्र शस्त्र है। मां लक्ष्मी श्रेष्ठ ज्ञान धन की देवी है।



इस दौरान यह रहे उपस्थित

मां सरस्वती सत्य ज्ञान का प्रकाश देने वाली पवित्रता और शांति का प्रतीक सफेद वस्त्र धारी हंस वाहिनी है। हमें इन देवियों से सत्य अहिंसा पवित्रता का वरदान लेना है । इस अवसर पर पार्षद चांद बतरा, पार्षद रणजीत छापोला, पार्षद जयकिशन ढूढानी, सुभाष गोदारा, पृथ्वीराज देहड़ू , अब्दुल गफार आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । बहन निलमा ने सभी का आभार व्यक्त किया

शीतला माता की शोभायात्रा निकली



सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। गांव में रविवार को शीतला माता की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा शीतला माता मंदिर से रवाना होकर गांव की प्रमुख गलियों से गुजरी। इसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सेवादारों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। शाम को यात्रा वापस शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

105 रोगियों की हुई नेत्र जांच

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। लायंस क्लब हनुमानगढ़ द्वारा जन सेवा समिति श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जंक्शन स्थित नेकी की रसोई में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आंखों की विभिन्न समस्याओं से पीड़ित बड़ी संख्या में रोगी पहुंचे। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध करवाना तथा आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित मरीजों को राहत प्रदान करना रहा। शिविर के प्रकल्प प्रभारी लायन सुरेश महिपाल ने बताया कि जन सेवा समिति श्रीगंगानगर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा रोगियों की आंखों की जांच की गई। शहर के जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि त्रेहन ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। लायंस क्लब हनुमानगढ़ के अध्यक्ष अशोक सुथार ने बताया कि शिविर में लगभग 105 रोगियों की नेत्र जांच की गई, जिनमें करीब 30 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए।

बिजली केबल में फॉल्ट से ढंढेला-टोपरिया की जलापूर्ति ठप

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव में जल विभाग के बिजली ट्रांसफार्मर की केबल कई दिनों से खराब होने के कारण ढंढेला और टोपरिया गांवों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। केबल में बार-बार फॉल्ट आने और जलने से मोटर नहीं चल पा रही, जिससे दोनों गांवों के सैकड़ों घरों में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। इसके चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल सप्लायर पवन तिवाड़ी ने बताया कि केबल खराब होने की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से जल्द केबल ठीक करवाकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।



जंक्शन थाना पुलिस की कार्रवाई, 51.37 ग्राम हेरोइन जब्त, डीएसटी सेक्टर की रही विशेष भूमिका

10 लाख का चिट्टा बरामद, पंजाब की दो महिलाएं गिरफ्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत जंक्शन थाना पुलिस ने दो महिलाओं को 51.37 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। दोनों आरोपित पंजाब की रहने वाली हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द और वृत्ताधिकारी मीनाक्षी के निकटतम सुपरविजन में तथा जंक्शन थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक साहबराम की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने सतीपुरा में मदान स्कूल के पास से रीना रानी (26) पत्नी बूटासिंह निवासी सरूपेवाला जिला फिरोजपुर हाल जोधाभेणी जिला फाजिल्का, पंजाब तथा सिमरजीत कौर (32) पत्नी हरमन्द्र सिंह निवासी तपाखेड़ा जिला मुक्तसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से कुल 51.37 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में जंक्शन थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान महिला पुलिस थाना प्रभारी चन्द्रकला कर रही हैं। पुलिस आरोपितों से मादक पदार्थ की आपूर्ति और तस्करी से जुड़े पहलुओं के संबंध में जांच कर रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक साहबराम, हेड कांस्टेबल मेजर सिंह, कांस्टेबल दर्शना, संदीप कुमार और सुभाषचन्द्र शामिल रहे। कार्रवाई में डीएसटी सेक्टर हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही।



रबी सीजन में उर्वरक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की समीक्षा, खाद देने के निर्देश

अनियमितता वाले क्षेत्रों में चैक पोस्ट से होगी निगरानी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रबी सीजन 2026-27 में किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर उर्वरक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रविवार को हनुमानगढ़ में उर्वरकों की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉकवार बुवाई क्षेत्रफल और उर्वरकों की मांग के आधार पर डीएपी एवं यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने, वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने तथा अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। कृषि आयुक्तालय राजस्थान के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में जिला प्रभारी अधिकारी टीसी गुप्ता ने कहा कि उर्वरकों की आपूर्ति संबंधित क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुरूप की जाए। जिन क्षेत्रों से उर्वरकों के अन्यत्र डायवर्जन की आशंका है, वहां चैक पोस्ट स्थापित कर प्रभावी निगरानी की जाए, ताकि किसानों को बुवाई के समय आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सके। अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार), खंड श्रीगंगानगर हरबंस सिंह ने आवश्यकता से अधिक यूरिया एवं डीएपी खरीदने वाले किसानों के मामलों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अनियमितता सामने आने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही उर्वरकों के वितरण पर लगातार निगरानी रखने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिक्री सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में उर्वरकों की निर्धारित दरों पर बिक्री, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।



गुणवत्ता युक्त उर्वरक समय पर उपलब्ध करवाना

बैठक के बाद अतिरिक्त निदेशक एवं जिला प्रभारी अधिकारी ने मंडी क्षेत्र में विभिन्न उर्वरक विक्रेता फर्मों और गोदामों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपलब्ध रिकॉर्ड और स्टॉक की स्थिति संतोषजनक पाई गई। सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) डॉ. संजीव भादू ने कहा कि कृषि विभाग का उद्देश्य रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक समय पर उपलब्ध करवाना है, ताकि बुवाई कार्य प्रभावित नहीं हो और वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) यशवंती, उपनिदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. केशव कालीराणा, उपनिदेशक आत्मा डॉ. सुभाषचंद्र डूडी, उपनिदेशक उद्यान डॉ. रमेश बराला, सहायक निदेशक कृषि राधेश्याम पारीक, रामप्रताप गोदारा, राकेश मुहाल सहित मंडी प्रभारी, अधिसूचित उर्वरक निरीक्षक, थोक उर्वरक विक्रेता, उर्वरक निर्माता एवं विपणन कंपनियों के प्रतिनिधि और सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर लगाया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। महावीर क्लब हनुमानगढ़ की ओर से महावीर इंटरनेशनल केन्द्र में आमजन के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई तथा एक्यूप्रेशर पद्धति के माध्यम से उपचार संबंधी परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। महावीर क्लब के अध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि यह शिविर 18 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह और शाम दो सत्र निर्धारित किए गए हैं। सुबह का सत्र 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम का सत्र 4 से रात 8 बजे तक रहेगा। निर्धारित समय के दौरान लोग महावीर इंटरनेशनल केंद्र पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं एक्यूप्रेशर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर किया स्वागत

कार्यक्रम : एम.डी. महाविद्यालय में फेयरवेल एवं फ्रेशर पार्टी आयोजित

सीमा सन्देश# रावतसर। एम.डी. महाविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की विदाई के उपलक्ष्य में संगम-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरलाल ढ़ाका प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चाईया, रामप्रताप सहारण वाइस प्रिंसिपल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, 4 सीवाईएम, रामप्रताप रेवाड़ डायरेक्टर, एसडी स्कूल, रावतसर, दयाराम चबरवाल डायरेक्टर, सीकर स्कूल, रावतसर, संस्था चेयरमैन चौधरी रणजीत सिंह थैंच, निदेशक चौधरी कैलाश सींवर, सह-निदेशक डॉ. सुनील थैंच, प्रबंधन सदस्य रणदीप सिंह चौधरी एवं प्राचार्य डॉ. मांगीलाल सिहाग ने किया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया

इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में आपसी सौहार्द, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया गया। मंच संचालन ईश्वर सिंह सूडा, अरुणा शर्मा, निकिता एवं रोमिका ने किया। मंचीय गतिविधियों का संचालन एकता, मोनिका एवं तनिशा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सतपाल बेरवाल, एम.पी. सुथार, रोहिताश छिम्पा, राजबाला चौधरी, अमृतपाल कौर, भूपेन्द्र यादव, पवन सिहाग, निर्मल कुमार, दीपक दहिया, महावीर प्रसाद, कानाराम, दयाराम सहित अन्य संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

3 व 14 नवंबर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, 5 व 16 नवंबर को सरपंच एवं वार्ड पंच के लिए होगा मतदान

तृतीय चरण में शामिल 6 पंचायत समितियों के सदस्यों के नामांकन आज से

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 दो चरणों में होंगे। इसके तहत एक जिला परिषद, 10 पंचायत समितियों और 325 ग्राम पंचायतों में चुनाव करवाए जाएंगे। जिला परिषद के 37 सदस्यों, पंचायत समितियों के 208 सदस्यों तथा ग्राम पंचायतों में 3,385 वार्ड पंचों के लिए मतदान होगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के तृतीय चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 19 अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 अक्टूबर को होगी, जबकि नाम वापसी 26 अक्टूबर अपराह्न 3 बजे तक की जा सकेगी। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित कर अभ्यर्थियों



की सूची जारी होगी। हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा एवं राजपुरा (8 बीएचडी) में 3 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से होगी। जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवंबर तथा उप जिला प्रमुख का चुनाव 26 नवंबर को होगा। पंचायत समितियों के प्रधान और उप प्रधान के चुनाव क्रमशः 27 और 28 नवंबर को होंगे। सरपंच एवं पंच पदों के लिए तृतीय चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में निर्वाचन लोक सूचना 19 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन 4 नवंबर को सुबह 8 से 11 बजे तक, संवीक्षा सुबह 11.30 से दोपहर 2 बजे तक तथा नाम वापसी दोपहर 2 बजे के बाद होगी। मतदान 5 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होगी तथा उपसरपंच का चुनाव 6 नवंबर को होगा। सरपंच एवं वार्ड पंच के चुनाव मतपेटियों, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे।

फोटो पहचान पत्र अनिवार्य

मतदाताओं को मतदान के समय मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अभाव में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त बैंक पासबुक सहित राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 11 वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज दिखाना होगा। दस्तावेज निर्वाचन की घोषणा से पहले जारी होना चाहिए।

चुनाव खर्च की सीमा तय

जिला परिषद सदस्य के लिए अधिकतम तीन लाख, पंचायत समिति सदस्य के लिए डेढ़ लाख तथा सरपंच पद के लिए एक लाख रुपए खर्च सीमा निर्धारित की गई है। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति जरूरी होगी। रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

21 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान



हनुमानगढ़। जंक्शन की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मैदान में सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में 34वें दुर्गा पूजा महोत्सव का विधिवत आगाज शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुआ। प्रतिमा का अनावरण उद्योगपति शिवशंकर खड़गावत, पार्थ खड़गावत, चिमन मित्तल, वीरेन्द्र गोयल, सुरेश गुप्ता, लवली चावला और पवन गर्ग ने किया। इस दौरान जयकारों से समूचा परिसर गुंजायमान हो उठा। यह धार्मिक महोत्सव 21 अक्टूबर तक श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। आगामी कार्यक्रमों के अनुसार 18 अक्टूबर को श्रीराम प्रभात फेरी व भजन संध्या होगी। 19 अक्टूबर को दोपहर में लंगर और रात 8:15 बजे भव्य जागरण सजेगा। 20 अक्टूबर को सुबह 10:15 बजे सुख-समृद्धि की कामना के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। महोत्सव के अंतिम दिन 21 अक्टूबर को विजयदशमी पर पूर्णाहुति, सिंदूर दान और प्रतिमा विसर्जन की रस्में निभाई जाएंगी। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे हैं।

सेवा भारती ने 201 कन्याओं का पूजन कर मनाई दुर्गा अष्टमी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सेवा भारती समिति की ओर से दुर्गा अष्टमी पर दुर्गा मंदिर धर्मशाला में कन्या पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सेवा बस्तियों की 201 कन्याओं का तिलक लगाकर पूजन किया गया और उन्हें भोजन करवाया गया। संस्था के सचिव नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ समाज में समानता, आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल, अध्यक्ष बृज किशोर तिवाड़ी, डॉ. निशांत बत्रा, इन्द्र हिसारिया, अशोक सुथार, तीर्थराज शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना की।

बारहवें दिन सजी दक्षिण मुखी बालाजी की अलौकिक झांकी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित नगर परिषद रंगमंच पर श्री रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के 12वें दिन दक्षिण मुखी बालाजी की भव्य झांकी सजाई गई। श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती की। इसके बाद अंगद-रावण संवाद का प्रभावशाली मंचन हुआ। अंगद के शांति प्रस्ताव को रावण ने ठुकरा दिया। अंगद ने दरबार में पैर जमाकर अपनी शक्ति का परिचय दिया। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि रामलीला 66 वर्षों से आयोजित हो रही है। श्रद्धालुओं की आस्था का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हनुमान जी की पोशाक वर्ष 2038 तक बुक हो चुकी है।

कार्रवाई : पुलिस का बड़ा एक्शन, 70 लाख की 380 पेटी अवैध शराब जब्त

सब्जियों की खाली कैरेट की आड़ में शराब की खेप बरामद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ हनुमानगढ़ टाउन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला मार्ग पर चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब से भरा कैंटर जब्त किया है। कैंटर से विभिन्न ब्रांड की 380 पेटी में भरे 18,240 पव्वे बरामद किए गए हैं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने कैंटर सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सब्जियों की कैरेट की आड़ में शराब की खेप चंडीगढ़ से गुजरात ले जा रहे थे। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद बिश्नोई, वृत्ताधिकारी मीनाक्षी सहारण के सुपरविजन तथा टाउन थाना प्रभारी लखवीर सिंह गिल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामकेर की टीम ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान कैंटर नंबर



आरजे 49 जीए 0885 को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी में चंडीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप मिली।

पुलिस ने बताया

बरामद शराब में रॉयल चैलेंज व्हिस्की की 180 पेटियों में 9,120 पव्वे तथा ऑल सीजन गोल्डन कलेक्शन व्हिस्की की 180 पेटियों में 9,120 पव्वे शामिल हैं। कुल 380 पेटियों में 18,240 पव्वे शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ कैंटर को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय उर्फ संजू (20) पुत्र माडूराम नायक निवासी वार्ड नंबर 11, पक्कासारणा पीएस सदर हनुमानगढ़ तथा विनोद कुमार (26) पुत्र भागाराम नायक निवासी चक 9 एसपीडी, पंचायत सरदारपुरा खर्था पीएस सूरतगढ़ सिटी जिला श्रीगंगानगर के रूप में हुई है। इस संबंध में हनुमानगढ़ टाउन पुलिस थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले का अनुसंधान थाना प्रभारी लखवीर सिंह गिल कर रहे हैं।

भगवान वाल्मीकि जी की मूर्ति स्थापना पर उमड़े लोग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भगवान वाल्मीकि प्राचीन मंदिर सेवा समिति की ओर से रविवार को जंक्शन के वार्ड नंबर 16 स्थित गांधीनगर के भगवान वाल्मीकि प्राचीन मंदिर प्रांगण में भगवान वाल्मीकि जी की मूर्ति स्थापना का भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान वाल्मीकि जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए भजन संध्या से की गई। भजन संध्या में कलाकारों ने भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान वाल्मीकि जी की महिमा का गुणगान किया। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भजनों का आनंद लेते हुए भगवान वाल्मीकि जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर प्रांगण में पंडित बलवीर रत्नागर जी सिरसा द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की।

सेवा : फाटक गौशाला में गोवंश को खिलाया हरा चारा व गुड़



हनुमानगढ़। लॉयन्स क्लब हनुमानगढ़ सिटी की ओर से शनिवार को टाउन स्थित फाटक गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने गोवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाकर सेवा की। क्लब कोषाध्यक्ष योगेश गर्ग ने बताया कि असहाय जीवों के प्रति करुणा और सेवा भावना को बढ़ावा देना ही क्लब की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गोवंश के संरक्षण व देखभाल में आमजन की सहभागिता बेहद जरूरी है। इस मौके पर राधाकृष्ण सिंगला, सोनू नागपाल, साहिल जिंदल, बनीत गर्ग व विकेश गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने सामाजिक सरोकार के कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

स्टेट प्रतियोगिता में कमान अल्ताफ खान का चयन

सीमा सन्देश # नोहर। माउंट आबू (सिरोही) में 22 अक्टूबर से आयोजित होने वाली राजस्थान स्टेट सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ की टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान अल्ताफ खान को सौंपी गई है, जबकि पुलकित तिवाड़ी को उपकप्तान बनाया गया है। जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ के सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 18 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। टीम में मोहम्मद आसिफ, अमित स्वामी, सौरभ, सर्वेश राव, नीतीश कुमार,



संजय शर्मा, हितेश सेन, दानिश, पारस शर्मा, सचिन साहू, निर्मल सिंह, सुनील कुमार, चैतन्य, तौसीफ, शिवम सहारण सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि माउंट आबू में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की 22 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा। यह टीम अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ की टीम पिछली राजस्थान स्टेट सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही थी। ऐसे में इस बार भी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। प्रतियोगिता में टीम के खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की टीम में स्थान बनाने के लिए मैदान में उतरेंगे।

जरूरतमंद परिवारों की मदद व महिला सशक्तिकरण के प्रयासों पर चर्चा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक किरण जान्दू ने श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वाग्भट वेलनेस आयुष रिसर्च सेंटर के संस्थापक बाबूलाल जुनेजा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, बेटियों की शिक्षा, जरूरतमंद परिवारों की सहायता, युवा जागृति और स्वास्थ्य चेतना जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बाबूलाल जुनेजा ने किरण जान्दू के सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए जनसेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया। किरण जान्दू पूर्व में महाराजा सूरजमल संगठन की जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं। उनकी सामाजिक गतिविधियों में जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को राज्य स्तर तक पहुंचाने के प्रयास तथा महिलाओं और बेटियों के सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

कन्या पूजन से दिया नारी सम्मान संदेश



हनुमानगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) की पहल पर जिले के विद्यालयों में कन्या पूजन अभियान की शुरूआत हुई। चक 16 एमडी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा के नेतृत्व में कक्षा एक से पांच तक की बालिकाओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर और रक्षा सूत्र बांधकर विधिवत पूजन किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में नारी सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक समरसता विकसित करने का माध्यम है। संस्था प्रधान दर्शना रानी ने नारी सम्मान को आचरण में उतारने पर बल दिया। शिक्षिकाओं ने बालिकाओं को फल, मिठाई और शिक्षण सामग्री भेंट की।

अशोक वाटिका, लंका दहन का हुआ मार्मिक मंचन

दुर्गा अष्टमी पर किया 108 कन्याओं का महापूजन, लिया आशीर्वाद

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की भट्टा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर स्वामी विवेकानंद रंगमंच सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला में अशोक वाटिका, लंका दहन और सेतु बंधन के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। हनुमान जी की वीरता, रावण की लंका में अशोक वाटिका का दृश्य और समुद्र पर रामसेतु निर्माण के प्रसंगों ने दर्शकों को आकर्षित किया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के वॉलिंटियर्स के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्यारहवें दिन के मंचन में हनुमान जी के लंका



पहुंचने, अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट करने तथा रावण की लंका में उत्पात मचाने के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। लंका दहन के दृश्य का मंचन हुआ।

हनुमानगढ़ : सीडब्ल्यूसी बेंच मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

मां ब्राह्मणी मेले में बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम रोकने की पहल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पल्लू में आयोजित मां ब्राह्मणी मेले में बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के बेंच मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बच्चों को भिक्षा के रूप में नकद राशि नहीं देने की अपील की। साथ ही मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को छोटे बच्चों से काम नहीं करवाने के लिए समझाइश की। गोयल ने स्थानीय



और अन्य राज्यों से आए प्रवासी दुकानदारों से बालश्रम नहीं करवाने संबंधी पाबंद पत्र भी भरवाए। उन्होंने कहा कि बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाना और उनसे श्रम कराना उनके बचपन, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के साथ अन्याय है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति अवॉर्ड की दौड़ में जिले के सात रोवर, जांच शिविर जारी



हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के पीरकामड़िया क्रू और रेयान कॉलेज जंडावाली के सात रोवर का चयन राष्ट्रपति अवॉर्ड प्रमाण पत्र जांच शिविर के लिए हुआ है। बीकानेर के रिड़मलसर पुरोहितान स्थित मंडल मुख्यालय पर आयोजित शिविर में साहिल, अनुराग, अक्षय, विजय, इरज, सोनू और विनोद अपनी दक्षताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीओ स्काउट भारत भूषण ने बताया कि राष्ट्रीय टीम द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, पायनियरिंग व समाज सेवा में प्रतिभागियों का परीक्षण किया जा रहा है। यहां सफल अभ्यर्थी सीबीटी परीक्षा देंगे, जिसके बाद नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

'स्वच्छता से समृद्धि' कार्यक्रम,पर्यावरण संरक्षण को मौलिक कर्तव्य बताया

जागरूकता : विद्यार्थियों ने टाउन रेलवे स्टेशन पर किया श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय एवं यूजीसी के निर्देशानुसार शनिवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने टाउन रेलवे स्टेशन पर व्यापक श्रमदान किया। विधिक सेवा क्लीनिक के तत्वावधान में आयोजित 'स्वच्छता से समृद्धि' कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। प्राचार्य डॉ. सीताराम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता गांधीजी का सपना और हर नागरिक का दैनिक दायित्व है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 51-क का उल्लेख करते हुए पर्यावरण संरक्षण को मौलिक कर्तव्य बताया।

सार्वजनिक स्थलों की सफाई रखने की अपील

क्लीनिक प्रभारी डॉ. बृजेश अग्रवाल के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न टोलियां बनाकर स्टेशन पार्किंग, प्लेटफॉर्म और शौचालय परिसर में झाड़ू लगाई तथा कचरा निस्तारित किया। विद्यार्थियों ने यात्रियों से सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की। स्टेशन अधीक्षक प्रशांत ने इस पुनीत कार्य के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार जताया। मौके पर डॉ. केबी ओझा व डॉ. मोहम्मद इमरान सहित फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

महिलाओं व छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा

बस स्टैंड और शिक्षण संस्थानों के आसपास निगरानी

विष्णु नेगी

सीमा सन्देश # भादरा। उपखंड में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय भूमिका निभा रही है। यूनिट की तैनाती से सार्वजनिक स्थानों, गांधी पार्क, बस स्टैंड, स्कूल-कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों के आसपास कालिका पुलिस निगरानी से मजबूत हुई है। इससे आवागमन करने वाली महिलाओं और छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ रहा है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में तैनात प्रियंका ने बताया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूनिट लगातार निगरानी रखती है, ताकि वे बिना किसी भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें। विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों में आने-जाने वाली छात्राओं की



सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, कालिका यूनिट-08 भादरा की मंजुलता ने बताया कि वर्तमान में नवरात्र पर्व, रामलीला और डांडिया महोत्सव जैसे आयोजनों को देखते हुए हमारे सथ-साथ पुलिस भी पूरी सतर्कता बरत रही है। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है।

निजी स्वास्थ्य संस्थानों को डिजिटल पहचान देने का अभियान शुरू

हनुमानगढ़। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों और पेशेवरों को डिजिटल तंत्र से जोड़ने के लिए 15 से 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इसके तहत निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, लैब व फार्मेसी की एचएफआईडी (हेल्थकेयर फैसिलिटी आईडी) तथा चिकित्सकों की एचपीआईडी (हेल्थकेयर प्रोफेशनल आईडी) बनाई जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल प्रबंधन हेतु एचएमआईएस सॉफ्टवेयर अपनाने को प्रेरित किया जा रहा है। सीएमएचओ ने तकनीकी सहायता स्वास्थ्य भवन से लेने व सभी से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की है।

गोरव लोछव व सुहानी यादव का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

सीमा सन्देश # लालगढ़





बास्केटबॉल अकादमी लालगढ़ जाटान के होनहार खिलाड़ी गौरव लोछव तथा गुरु नानक बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीगंगानगर की खिलाड़ी सुहानी यादव का राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अकादमी के कोच भानीराम भादू ने बताया कि 10 से 12 अक्टूबर तक बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन किया गया। अब वे पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली 41वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन पर बास्केटबॉल एसोसिएशन श्रीगंगानगर के सचिव कृष्ण बिश्नोई, हैंडबॉल संगठन के सचिव राजेश गोदारा, प्राचार्य बलजिंदर सिंह, स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओमजी पारीक, कोषाध्यक्ष मदन शर्मा, समाजसेवी अरविंद गोदारा तथा बास्केटबॉल कोच मनोज कसवां ने खुशी व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

श्रीकरणपुर की भावना नेटबॉल प्रतियोगिता की टॉप स्कोरर बनी

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



श्री गुरु नानक गर्ल्स पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय महिला नेटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में श्री गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, श्रीगंगानगर ने राजकीय महिला महाविद्यालय, तारानगर (चूरू) को रोमांचक मुकाबले में 19-18 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में श्रीकरणपुर की होनहार खिलाड़ी भावना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक गोल किए और टॉप स्कोरर का गौरव हासिल किया। उनके उत्कृष्ट खेल ने टीम की जीत में अहम योगदान दिया। इससे पहले सेमीफाइनल में श्री गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ने पूर्व चैंपियन श्री बल्लूराम गोदारा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। भावना की उपलब्धि से श्रीकरणपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

सादुलशहर विकास के साथ नशा मुक्त होना भी जरूरी : खीचड़



सीमा सन्देश # सादुलशहर

नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड ने कहा कि सादुलशहर के विकास के साथ-साथ नशा मुक्त होना भी जरूरी है। वे रविवार सुबह सांझी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित मैराथन दौड को बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्था के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा यह अच्छी शुरूआत की गई है। खीचड ने कहा कि सेवारत रहने के दौरान भी इन पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं दीं हैं और अब सेवानिवृति के बाद इस उम्र में भी नशे के खिलाफ जनजागृति अभियान में योगदान देना बहुत ही सराहनीय एवं गर्व की बात है। वाइस चेयरमैन कृष्ण धमीजा ने भी इसे अच्छा कदम बताया। इन्होंने सभी प्रतिभागियों से अनुशासन बध होकर दौडने की बात कही।

मैराथन दौड का व्यापार मंडल संरक्षक रतनलाल गोयल, अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, महासचिव अमित तरड, कोषाध्यक्ष नीरज मित्तल, उपाध्यक्ष कमल गोयल, पूर्व संरक्षक सुनील अग्रवाल, पार्षद रणजीत सहारण आदि ने स्वागत किया। इस दौरान एसआई शंभूदयाल स्वामी, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा, रविंद्र मोदी, कांता सिंह ढिल्लों, सचिव पीडी शर्मा आदि मौजूद थे।

साइबर फ्रॉड के नाम पर पूरा खाता फ्रीज करना गलत : हाईकोर्ट

सीमा सन्देश # सादुलशहर



राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने साइबर शिकायत के नाम पर पूरे बैंक खाते को फ्रीज करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाते हुए एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायाधीश डॉ. नूपुर भाटी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता लीलाधर पुत्र मेघाराम निवासी चक 2 केबीएम, रावतसर, हनुमानगढ़ की याचिका को निस्तारित किया।

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अभिषेक अग्रवाल ने न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि आईसीआईसीआई बैंक, शाखा रावतसर ने साइबर शिकायत का हवाला देकर उनके मुवक्किल के खाता संख्या 672551200570 में पड़ी पूरी राशि पर लियन लगा दिया है, जबकि नियमानुसार केवल विवादित राशि ही रोकी जा सकती है। इस पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने अधिवक्ता अभिषेक अग्रवाल के तर्कों से सहमत होते हुए आदेश दिया कि बैंक केवल उतनी ही राशि को होल्ड पर रखे जो अवैध रूप से खाते में आई बताई जा रही है। शेष बची हुई राशि से याचिकाकर्ता को लेन-देन की पूरी छूट दी जाए। यदि बैंक के पास विवादित राशि की सटीक जानकारी नहीं है तो वह संबंधित इन्वेशटीगेशन ऑफिसर साइबर पुलिस को पत्र लिखकर जानकारी मांगे। पत्र मिलने के 7 दिन के भीतर पुलिस को बैंक को बताना होगा कि कितनी राशि होल्ड करनी है। यदि पुलिस 7 दिन में जवाब नहीं देती है तो बैंक इस आदेश के अनुसार स्वतः ही शेष राशि को अनफ्रीज कर दे। इस आदेश के बाद अब बैंक याचिकाकर्ता की पूरी राशि नहीं रोक सकेगा।

कीकरवाली: अष्टमी पर कन्या पूजन

सीमा सन्देश # कीकरवाली। मां भगवती के मंदिर पर अष्टमी के अवसर पर सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से पूजा अर्चना करते हुए इलाके की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। छोटी- छोटी कन्याओं को मां शक्ति का स्वरूप मानते हुए उनका पूजन कर उन्हे भोजन व उपहार दिए गए। 101 बालिकाओं को इस दौरान मंदिर पर आमंत्रित किया गया। गांव 58 आर बी के मां जीण के मंदिर पर जागरण हुआ। लोक कलाकारों द्वारा बड़े ही सुन्दर ढंग से मां जीण भवानी की महिमा का गुणगान किया गया। अटूट लंगर बरताया गया।

सादुलशहर: मैराथन दौड़ प्रतिभागियों का समारोहपूर्व किया गया सम्मान

क्षेत्र को नशामुक्त करने के लिए लगातार जनजागृति अभियान चलना चाहिए : बराड़

सीमा सन्देश # सादुलशहर



विधायक गुरवीरसिंह बराड के प्रतिनिधि पूर्व डायरेक्टर बलदेव सिंह बराड ने कहा कि सादुलशहर क्षेत्र को नशा मुक्त करने की दिशा में लगातार ठोस कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहने चाहिए। वे रविवार सुबह सवा सात बजे सांझी सेवा ट्रस्ट श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित दौडेगा सादुलशहर, जीतेगा सादुलशहर मैराथन दौड के विजेताओं को सम्मानित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अंबेडकर चौक पर संगठन के फाउंटर कंवरजीत सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि मैराथन दौड से नशे के खिलाफ जागृति आएगी, वहीं युवा वर्ग फीट रहेंगे। खेलों के प्रति आकर्षित होंगे। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उज्ज्वल भविष्य भी बनाएंगे। ऐसी हम सबको उम्मीद है। बराड ने आग्रह किया कि मेडिकल स्टोर्स कतई प्रतिबंधित दवाइयां न बेचे। वहीं बार संघ से भी आह्वान किया कि एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों की पैरवी न करें, ताकि उन्हें सख्त सजा मिल सके। सेवानिवृति पुलिस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पुलिस पुलिस निरीक्षक कांता सिंह ढिल्लों, सचिव पीडी शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से जनजागृति अभियान लगातार जारी रहेगा। पूर्व पुलिस निरीक्षक कृष्ण पारीक, भूराराम एवं पूर्व एएसआई पाल सिंह, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों का सौभाग्य है कि सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड ने जीत हासिल करने के तुरंत बाद श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरू ग्रंथ साहिब की हजूरी में शपथ ली थी कि वे नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाएंगे। किसी तरह की न तो सिफारिश होगी, न ही किसी तरह का सहयोग होगा, चाहे वोट कम मिले अथवा ज्यादा। ऐसी ही शपथ सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को लेनी चाहिए।

इनका हुआ सम्मान: मैराथन दौड के प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मैडल पहनाए गए। वहीं मैराथन दौड में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र अमृतपाल, छात्रा कल्पना, द्वितीय स्थान पाने वाले पंकज एवं आरती माथुर, कोमल, तृतीय स्थान पाने वाली कोमल, संजय को मुख्य अतिथि बराड द्वारा स्मृति चिन्ह एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सराहनीय सेवाएं देने वालों एसआई शंभू दयाल स्वामी, पूर्व एसआई सुभाष सांवरिया, एडवोकेट रेशम सिंह, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट रविंद्र मोदी, एडवोकेट अमन सिंह, व्यापार मंडल के प्रवक्ता प्रवेश गोयल, पार्षद प्रतिनिधि दुलीचंद वर्मा, पूर्व पार्षद विक्की बजाज, रवि गोयल, अभिषेक सहारण, मनवीर सिंह ढिल्लों, पूर्व पार्षद गुरप्रीत सिंह बुट्टर का भी संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

महिलाओं को स्वावलम्बन और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

रायसिंहनगर में घुमंतू समाज का मातृशक्ति सम्मेलन

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर



घुमंतू जाति उत्थान न्यास, जिला श्रीगंगानगर के खंड केंद्र रायसिंहनगर की ओर से रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। गाड़िया लोहार, बंजारा भाट सहित विभिन्न समाजों की 83 मातृशक्ति, 14 बालक-बालिकाएं और 18 पुरुष वर्ग के लोगों ने सहभागिता की। सम्मेलन की विशेषता रही कि मंच संचालन और मंचासीन सभी दायित्व मातृशक्ति द्वारा निभाए गए। बहिन अनुपमा ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करवाकर महिलाओं से परिचय एवं संवाद किया। सरिता बिश्नोई ने महिला उद्यमिता, स्वयं सहायता समूह, कौशल प्रशिक्षण, पारंपरिक कला, सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। श्रीमती कोमल आर्य ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. चारू अग्रवाल ने किशोरी विकास, महिला स्वास्थ्य और माता-शिशु पालन से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया। समाज कल्याण अधिकारी रायसिंहनगर श्रीमती पूनम ने घुमंतू समाज की महिलाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुरुष वर्ग ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जिला संयोजक रमेश ढींगरा ने घुमंतू कार्य का परिचय देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खंड संयोजक अनूपगढ़ बुलाराम, खंड संघ चालक रायसिंहनगर सत्यनारायण, सेवा भारती के गोपाल वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पदमपुर: लाखों की नगदी सहित 13 जुआरी गिरफ्तार

सीमा सन्देश# पदमपुर। पशु चिकित्सालय रोड पर एक चौबारे पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 13लोगों को ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए पकड़ा है। आरोपितों से मौके पर सात लाख 55 हजार की नगदी भी बरामद की है। सूत्रों के अनुसार बीती रात डीएसटी टीम ने गुप्त तरीके से गोशाला रोड पर एक चौबारे पर देकर दबिश अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई के बाद मंडी में चर्चाओं का दौरा शुरू हो गया है कि इससे पूर्व भी डीएसटी की टीम के द्वारा कई बड़ी कारवाइयां कर चुकी है। ऐसे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों व कार्मिकों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं कि गंगानगर पुलिस अधिकारियों/ टीम को जुआरियों के ठिकाने की पुख्ता सूचना मिल सकती है तो यहां वालों को कैसे नहीं। बताया जा रहा है कि पदमपुर में और भी जुआ के अड्डे काफी समय से चल रहे हैं। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में अंकुर कुमार पुत्र रवि कुमार अरोडा, अनुपगढ़ सुभाष चन्द्र पुत्र सूरजाराम बिश्नोई सूरतगढ़, हेमन्त पुत्र बालकृष्ण जाति अरोड़ा, ज्योति पुत्र बलदेव राज जाति अरोडा अनूपगढ़, प्यारेलाल पुत्र सीताराम अरोड़ा, लखविन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र गगन सिंह राजपुत गोरव, राजकुमार, प्रताप राम, पंकज पुत्र मंगतराम अरोड़ा, प्रदीप कुमार पुत्र कृष्णलाल अरोड़ा, पंकज कुमार पुत्र धर्मचन्द अरोड़ा पदमपुर को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में डीएसटी टीम गंगानगर व थानाधिकारी सुमन जयपाल, रेशम सिंह एएसआई, कालुराम हैड कानि.,अमित कुमार, कलबन्त कानि., दीपचन्द कानि. शामिल रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक; पंचायती राज चुनाव को लेकर 48 आवेदन मिले

सीमा सन्देश# श्रीविजयनगर



रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्रीविजयनगर की बैठक बाबा रामदेव मंदिर धर्मशाला में रायसिंहनगर विधायक सोहनलाल नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विधानसभा क्षेत्र रायसिंहनगर के पंचायती राज चुनाव प्रभारी गोविंद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक सोहनलाल नायक ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और आपसी समन्वय को चुनाव में सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर पंचायती राज चुनाव प्रभारी गोविंद पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के दौरान कर्मठ, निष्ठावान एवं संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान पंचायती राज चुनाव के लिए आवेदन प्रक्रिया के तहत पंचायत समिति के 19 जोन के लिए 42 आवेदन तथा जिला परिषद के 6 आवेदन प्राप्त हुए। बैठक में चुनाव की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान परमजीत सिंह रंधावा,पंचायत समिति सदस्य राजेश सारस्वत सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

आरएसएस का शौर्य पथ संचलन

गजसिंहपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विजयदशमी उत्सव के अवसर पर रविवार को गजसिंहपुर में भव्य शौर्य पथ संचलन आयोजित किया गया। इसमें गजसिंहपुर खंड के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शस्त्र पूजन के साथ हुआ। शस्त्र पूजन श्रीगंगानगर विभाग संघचालक चिमनलाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर मेजर सिंह एवं विभाग के विनोद सिडाना ने बौद्धिक उद्बोधन देते हुए विजयदशमी के महत्व, राष्ट्रभावना, अनुशासन, संगठनात्मक एकता और समर्पण के विषय पर विचार व्यक्त किए। समापन के बाद स्वयंसेवकों ने अनुशासित एवं लयबद्ध तरीके से शौर्य पथ संचलन निकाला। संचलन मंडी के मुख्य मार्गों सहित नगर के विभिन्न रास्तों से होकर गुजरा। आयोजन के माध्यम से राष्ट्र सेवा, सामाजिक सद्भाव और संगठन की एकता का संदेश दिया गया।



पदमपुर : एसएस आदर्श विद्यालय ने कलाकारों को भेंट की टी-शर्ट

सीमा सन्देश # पदमपुर



एसएस आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से श्री रामा नाटक क्लब के तीन दर्जन से अधिक कलाकारों को उच्च गुणवत्ता की टी-शर्ट वितरित की गई। विद्यालय अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया और डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों को यह सौगात प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की लीला का भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंचन युवा पीढ़ी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कलाकारों के माध्यम से नशामुक्त जीवन अपनाने और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूरी बनाए रखने का संदेश समाज तक पहुंचाना सराहनीय कार्य है। क्लब पदाधिकारियों ने एसएस आदर्श विद्यालय प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था सामाजिक कार्यों में सदैव समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ अपनी भूमिका निभाती रही है। उन्होंने विद्यालय के सहयोग को कलाकारों के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम | दुर्गा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ शस्त्र पूजन

भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

सीमा सन्देश # पदमपुर



श्री दुर्गा मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान पुजारी प्रदीप शर्मा के सानिध्य में शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ शस्त्र पूजन किया तथा हिंदू संस्कृति एवं धर्म की सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विजय अरोड़ा, प्रदीप शर्मा और सनी चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शस्त्र पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसका उद्देश्य समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। कार्यक्रम में नारी शक्ति ने भी अपनी भागीदारी निभाई। महिलाओं ने कहा कि समाज और राष्ट्रहित में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक चुनौतियों को देखते हुए एकजुटता, संस्कार और जागरूकता आवश्यक है। नवरात्रि उत्सव एवं शस्त्र पूजन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां भगवती की आराधना की। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने धर्म, संस्कृति और समाज सेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

'विकसित भारत' थीम पर बनाई कलाकृति को निर्णायकों ने सराहा



सीमा सन्देश # पदमपुर। पीएम श्री राबाउमावि, पदमपुर की छात्रा विनीता ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और श्रीगंगानगर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता केंद्र व राज्य सरकार के 'विकसित भारत जनसेवा अभियान' तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राज्य के चयनित पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विनीता ने 'विकसित भारत' विषय पर अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक चित्र बनाया, जिसकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों और निर्णायक मंडल ने सराहना की। विनीता की उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य पुष्पा पांडे, वरिष्ठ शिक्षक दौलत सुथार एवं विद्यालय स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए सम्मानित किया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने भी विनीता की इस सफलता पर खुशी व्यक्त की।

न्यूज इन ब्रीफ

थार प्राकृतिक फार्म का छात्राओं ने भ्रमण

सीमा सन्देश#कीकरवाली। ग्राम 58 आर बी के थार प्राकृतिक फार्म का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबला की छात्राओं ने व्यावसायिक शिक्षा के तहत शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया गया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार सहारण ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थार फार्म पर पहुंचने पर प्रबंधक सरदार नवरुपसिह ने कृषि एवं पशुपालन से सम्बंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने देशी साहिवाल नस्ल की गायों की विशेषता, देखभाल और वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से जाना। विद्यार्थियों ने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशक के बिना प्राकृतिक और जैविक खेती के तौर तरीके भी समझे। इसके साथ औषधीय पौधे की पहचान, उनके उपयोग ओर लाभ एवं पर्यावरण अनुकूल पारंपरिक मड हाउस की निर्माण शैली की जानकारी प्राप्त की गई। विद्यार्थियों ने राजस्थानी खाना का आनंद लेते हुए ग्रामीण संस्कृति को नजदीकी से देखा। इस दौरान विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी एवं कृषि व्याख्याता विजय कुमार गोदारा के नेतृत्व में शिक्षक बलजीत, प्रदीप कुमार, दीपक, राहुल कुमार का सहयोग रहा। नवदीप सिंह गिल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए 2000 से अधिक पौधे लगाए गए है।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

रावला मंडी। क्षेत्र के 7 डीओएल निवासी सीमा संदेश सहयोगी



सतपाल राठौड़ की पोती अर्चना के जन्मदिन पर पड़दादा-दादी रामस्वरूप चावली देवी, दादा-दादी सतपाल-विमला, मम्मी-पापा कृष्ण-बृजलाल, चाचा-चाचा कान्ता-इंद्राज, भाई चंदन, भूपेंद्र, प्रिंस एवं राठौड़ परिवार की बधाई।

ग्लोबल न्यूज

फ्रांस में प्रदर्शनों के बीच डांस करते दिखे राष्ट्रपति मैक्रों और उनकी पत्नी; हुई आलोचना



फ्रांस में विरोध-प्रदर्शनों के बीच सेलिन डियोन के कॉन्सर्ट में डांस करते दिखने के बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट की तीखी आलोचना हो रही है। उनकी तुलना मैरी एंटोनेट से हो रही, जो फ्रांसीसी क्रांति से पहले फ्रांस की आखिरी रानी थीं। व्यापक गरीबी/भुखमरी के बावजूद उन्हें अपनी भव्य जीवनशैली के लिए आलोचना झेलनी पड़ी थी।

क्या एआई आपकी जीभ और चेहरे की तस्वीरों से हृदय रोग का पता लगा सकता है?



चीन में किए गए एक अध्ययन में एआई प्रणाली ने 104 लोगों पर किए परीक्षण में 98% सटीकता के साथ कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) के सभी 40 मरीजों की सही पहचान की। हालांकि, उसने 2 स्वस्थ लोगों को भी इस बीमारी से पीड़ित बता दिया। यह प्रणाली चेहरे और जीभ की तस्वीरों का डीप लर्निंग तकनीक से विश्लेषण करती है।

ईरान को 8 महीने बाद मिला नया रक्षा मंत्री, पहले ही दिन ट्रंप को दे डाली चेतावनी



मेहरदाद अखलाकी रविवार को नए ईरानी रक्षा मंत्री बन गए। उन्होंने अजीज नसीरजादेह की जगह ली जो फरवरी में अमेरिका-इजराइल संग शुरू हुई जंग के पहले दिन हमले में मारे गए थे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को चेताते हुए कहा, एक भी बम गिराया तो...देखना होगा कि उनके कितने सैनिक...इलाके से (शव के रूप में) बाहर निकलते हैं।

क्लॉड ने सिर्फ 30 मिनट में सुलझाई दशकों पुरानी क्रिप्टोग्राफी की गुत्थी



एंथ्रोपिक ने बताया है कि उसके क्लॉड एआई ने दशकों पुरानी क्रिप्टोग्राफी की गुत्थी सिर्फ 30 मिनट में सुलझा दी। यह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी द्वारा 1990 के दशक में अमेरिकी सरकार को दिए गए एलिप्टिक कर्व्स से जुड़ा मामला था। क्लॉड ने कर्व्स का सोर्स पुराने उ सॉफ्टवेयर-लाइब्रेरी में इस्तेमाल होने वाले रैंडम-नंबर जनरेटर तक खोज निकाला।

ऑनलाइन पेमेंट से क्यों डरता है पाकिस्तान? लोग आज भी रखते हैं खूब नकदी



पाकिस्तान में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल बढ़ने के बावजूद लोग अब भी नकदी पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इसकी वजह ऑनलाइन धोखाधड़ी का डर, तकनीकी जानकारी की कमी, इंटरनेट की समस्या और बैंकिंग सुविधाओं तक सीमित पहुंच बताई गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बाजार में चल रही नकदी एक साल में 1,108-अरब से बढ़कर 1,294-अरब पाकिस्तानी रुपये हो गई।

पृथ्वी के बनने के समय से ही संभवतः उसके केंद्र से हो रहा हाइड्रोजन और हीलियम का रिसावः स्टडी



चीन के यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी के शोधकताओं ने पृथ्वी के भीतर हाइड्रोजन की गति का विश्लेषण किया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, संभवतः पृथ्वी के बनने के समय से ही उसके केंद्र से हाइड्रोजन-हीलियम का रिसाव हो रहा है। आइसलैंड जैसी जगहों से संकेत मिलते हैं कि संभवतः ये तत्व आज भी बाहर निकल रहे हों।

अमेरिकी स्टार्टअप ने मस्क पर कसा तंज, अपनी कार को टेस्ला रोडस्टर के ऊपर 'उड़ते' हुए दिखाया



अमेरिकी स्टार्टअप एलेफ एयरोनॉटिक्स ने वीडियो जारी किया है जिसमें उसकी इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार को टेस्ला की साइबरट्रक और रोडस्टर के ऊपर उड़ते हुए दिखाया गया। कंपनी ने कहा, 'फ्लाइंग कार की रेस में मस्क का स्वागत है! हम 11 वर्षों से इस रेस में हैं!' इस स्टार्टअप ने 2019 में अपनी पहली फ्लाइंग कार का प्रोटोटाइप तैयार किया था।



नेत्रानी द्वीप

कर्नाटक के मुरुडेश्वर तट के पास स्थित नेत्रानी द्वीप (पिजन आइलैंड) अपने दिल के आकार और नीले पारदर्शी पानी के लिए मशहूर है। यहाँ 25 से 30 मीटर गहराई तक साफ पानी दिखता है, जिससे यह राज्य में स्कूबा डाइविंग व स्नोकेर्लिंग का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। गोताखोरी के दौरान पर्यटक दुर्लभ कोरल, रंग-बिरंगी मछलियाँ और विशाल व्हेल शार्क देख सकते हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के साथ इस द्वीप पर एक प्राचीन मंदिर, चर्च और मस्जिद के अवशेष भी स्थित हैं।

क्रिकेट • न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से पहला टेस्ट मैच, सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल के फाइनल में पहुंचने के लिए अहम

भारतीय कप्तान गिल रणजी मैच में 1 रन बनाकर आउट: छत्तीसगढ़ के अजय ने बोल्ड किया; हर्षल पटेल के 250 फर्स्ट क्लास विकेट

भारतीय टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने पहले मैच में एक रन पर आउट हो गए हैं। उन्हें रविवार को छत्तीसगढ़ के अजय मंडल ने बोल्ड कर दिया।

चंडीगढ़ में चल रहे इस मैच में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब ने पहली पारी में 3 विकेट पर 89 रन बना लिए हैं।

एक अन्य मुकाबले में गुजरात के हर्षल पटेल ने दिल्ली के 2 विकेट झटक लिए हैं। उनके फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 250 विकेट हो चुके हैं।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए रणजी खेल रहे हैं शुभमन गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी के लिए रणजी ट्रॉफी का मैच खेलने उतरे हैं। 2 दिन पहले जारी टीम में उन्हें टेस्ट और शुरूआती 3 वनडे मैच के लिए भारत का कप्तान बनाया गया है। टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से वेलिंग्टन में पहला टेस्ट मैच खेलना है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल के फाइनल में पहुंचने के लिए अहम है।



सौराष्ट्र टीम के गेंदबाजों ने कर्नाटक को दिए शुरूआती झटके

जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया की स्विंग गेंदबाजी के सामने कर्नाटक की टीम मुश्किल में नजर आई। टीम ने शुरूआती दौर में 22 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। रोहन पाटिल और विजयकुमार वैशाख आउट हुए, जबकि मयंक अग्रवाल और केवी अनीश नाबाद हैं। सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। रविवार को उनादकट का 35वां जन्मदिन भी है।

साई ने लक्ष्य को आउट किया

तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने उत्तराखंड के खिलाफ लंच से ठीक पहले भारत की अंडर-19 टीम के खिलाड़ी लक्ष्य रायचंदानी को 15 रन पर आउट किया। लंच तक उत्तराखंड ने 41 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुरूआती तीन विकेट लेकर उत्तराखंड के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

गुजरात के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल का शानदार प्रदर्शन

गुजरात के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने दिल्ली के खिलाफ सनत सांगवान को आउट कर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे किए। इसके बाद उन्होंने यश ढुल को भी पवेलियन भेजा। दूसरी ओर, दिल्ली के ओपनर प्रियांश आर्य ने 55 गेंदों में अपना दूसरा फर्स्ट क्लास अर्धशतक पूरा किया। दिल्ली ने 94 रन पर 2 विकेट गंवाए थे।

लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी को अटलांटा यूनाइटेड पर जीत दिलाई

वॉशिंगटन (वार्ता) लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने शनिवार को अटलांटा यूनाइटेड पर एमएलएस के मैच में 3-1 से जीत हासिल की। हाफटाइम से ठीक पहले जर्मन बटेर्राम ने लुइस सुआरेज के क्रॉस पर हेडर से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिला दी। मियामी ने 56वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी और इस बार बटेर्राम ने गोल किया, मेसी के साथ एक शानदार वन-टू खेला, मेसी ने अपने मार्कर के चारों ओर से गोलकीपर लुकास होयोस को छकाते हुए एक शॉट मारा। मेसी ने चार मिनट बाद फिर से गोल किया जब वह सुआरेज के पास पर दौड़े और जूनियर अलोंसो के चारों ओर से ड्रिबल करते हुए गोल को दूर कोने में पहुंचा दिया। मेजबान टीम ने 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट की पेनल्टी से एक गोल वापस कर लिया, लेकिन फ्लोरिडा की टीम ने इस सीजन की अपनी 15वीं जीत हासिल की।



डेविडोविच फोकिना ने जीता पहला मास्टर्स 1000 खिताब

शंघाई (वार्ता) अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने रविवार को रोलेक्स शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा टाइटल जीतने के लिए रोमांचक जीत का एक हफ्ता पूरा किया। 27 साल के स्पेन के खिलाड़ी ने किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना में अपने हमवतन राफेल जोडार को 1-6, 7-6(5), 6-4 से हराकर अपनी पहली एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीती। डेविडोविच फोकिना, जिन्होंने तीसरे राउंड में फ्रांसेस टियाफो के खिलाफ मैच पॉइंट बचाया था और एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ह्यूबर्ट हर्काज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव दोनों को हराकर फाइनल में पहुंचे थे, उन्होंने जोडार के खिलाफ 1-6, 2-3 से एक



सेट और एक ब्रेक से पीछे होने के बाद भी जीत हासिल की। अपनी दो घंटे, 28 मिनट की जीत के साथ, डेविडोविच फोकिना ने अपनी तीसरी और सबसे बड़ी एटीपी टूर ट्रॉफी जीती। सितंबर के आखिर में चेंगदू में उस रन ने डेविडोविच फोकिना के लिए टूर में शानदार वापसी की, जो पिछले दो महीने पीठ की चोट के कारण बाहर थे।

यूएई • एर्विन-टेलर में 150 रन की साझेदारी

वनडे ट्राई सीरीज-जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 99 रन से हराया

जिम्बाब्वे ने यूएई में चल रही वनडे ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 99 रन से हरा दिया। 93 रन बनाने वाले क्रेग एर्विन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने बैटिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन बनाए। ब्रेंडन टेलर ने भी 81 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे की पारी संभाली। जवाब में बांग्लादेश 33.4 ओवर में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्रैड इवांस ने 45 रन देकर 4 विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी चुनी। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने



शुरूआती स्पेल में तीन विकेट लेकर जिम्बाब्वे को दबाव में डाल दिया। उन्होंने सात ओवर के अंदर ब्रायन बेनेट, बेन करन और तफादजवा त्सिगा को आउट किया। इसके बाद जिम्बाब्वे का स्कोर 24 रन पर 3 विकेट हो गया।

हर दिन सजती रही कुटिया, हर क्षण रहा राम का इंतजार

नवरात्र श्रृंखला- 10

वानरराज सुग्रीव की राजधानी किष्किंधा, ऋष्यमूक पर्वत पर स्थित थी. इसी के निकट ही मातंग ऋषि का आश्रम था.राजा सुग्रीव का भाई बाली, उनके प्राणों का प्यासा था. पर मातंग ऋषि के श्राप के कारण बाली, इस ऋष्यमूक पर्वत पर नहीं आ सकता था. और सुग्रीव यहां निर्भय थे. महातपस्वी और ज्ञानी ऋषि के सिद्ध आश्रम में किष्किंधा के बहुत से बालक शिक्षा प्राप्त करते. इन शिष्यों में नल, नील, अंगद, और हनुमान जी भी सम्मिलित हैं।

ऋषि मातंग अपनी सिद्धियों के बल पर हर दिन किसी तीर्थ पर स्नान को जाया करते. एक बार वह अस्वस्थ हुए. ऋषि के तीर्थ स्नान नियम ना टूटें, अतः उनके सम्मान में पवित्र नदियां और सातों समुद्र एक साथ, पास के एक सरोवर में प्रगट हो गए. उस का नाम पड़ा पंपासरोवर. जो आज भी एक प्रमुख स्नान तीर्थ है. एक दिन ऋषिवर इस पम्पासर में स्नान के लिए पहुंचे. वहां पास ही एक छोटी सी कन्या खेल रही थीं. ऋषि ने उनका परिचय और इस वन में होने का कारण पूछा. कन्या बोलीं - 'मेरा नाम श्रमणा है. दूर पहाड़ी के पीछे एक शाबर (भील) समुदाय की हूं. क्योंकि पिता जी मेरा ब्याह एक भील बहेलिए से कराना चाहते थे. मुझे पशुओं को तंग करने वाले जरा भी नहीं भाते. इसलिए मैं वहां से भाग आई.' कन्या के भोलेपन पर ऋषि की चिंता और बढ़ गई. बियाबान वन था, और छोटी सी बच्ची की सुरक्षा का प्रश्न भी था. ऋषि उसे अपने साथ आश्रम ले आए. चंचल, और मनमोहिनी श्रमणा अब आश्रम में रहती . वह शाबर समुदाय के बीच से आई थी. इसलिए अब वह गुरु माताओं की दुलारी शाबरी थी, और आश्रम के अन्य शिष्यों की प्रिय 'शबरी' थी. यह शबरी, जो बन पड़े वैसे अनेक कार्य कर दिया करती. जैसे अपने छोटे-छोटे हाथों से आंगन बुहार देना, फूल चुन लाना, पौधे सींच देना आदि-आदि . सब उससे मुग्ध रहते.

ऋषि मातंग, अब शबरी के लिए पिता ही थे. गुरु माताओं को भी उससे बहुत स्नेह था. परन्तु वह दिन भर ऋषि के आस-पास बनी रहती. आश्रम में सुन- सुन कर 'गुरुजी' शब्द सीख लिया था. सो अब दिन भर गुरुजी - गुरुजी कहकर हजार प्रश्न. आप तपस्या क्यों करते हैं, भगवान जी कौन है. क्या भगवान मुझसे भी मिलेंगे, आप मुझे भी तप करना सिखा दीजिये. और ऋषि भी उसके उत्तर, विस्तार से दिया करते. गुरु ने अपने इस अमूल्य रत्न को पहचान



लिया था. हर शिक्षा के लिए औपचारिक दीक्षा आवश्यक होती है, और उससे संबंधित नियम, पाठ्यक्रम होते हैं. पर यहां तो बिना किसी पाठ्यक्रम के, दिन रात शिक्षण चल रहा था. और गुरु, अपनी शिष्या के जीवन से अज्ञान के कंकर चुनते चल रहे थे. कभी नारायण अवतारों के कथा सुनाते, तो कभी भक्त के गुणधर्म बताते. कभी भगवान् की माया का परिचय देते, तो कहीं उन भक्तवत्सल की करुणा का बखान करते खुद ही भावुक होकर रो पड़ते. शबरी भी बूंद-बूंद कर, गुरु वचनों को आत्मसात् करती रहती.



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

दशकों बीत गए. गुरु अब अति वृद्ध हो चुके थे. शबरी भी वृद्धा हो चली थी. गुरु को अब देह त्यागनी थी. शबरी भी उनके साथ जाने की हठ किए बैठी थी. पर गुरु को शबरी के लिए भक्ति के परम-वैभव गढ़ने थे. ऋषि मातंग ने इतने वर्षों में, शबरी को नाप-जप की लौ लगा दी थी. सदगुरू ने शिष्या के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था. नाम दीक्षा, अनायास ही हो चुकी थी. और - 'तुम यहीं प्रतीक्षा करना, श्री राम तुमसे मिलने आएंगे' की आज्ञा दे कर गुरु श्रीधाम सिधारे.

गुरु के ये वचन उसी क्षण से जीवन का आधार बन गए . शबरी ने कोई वेद-पुराण नहीं पढ़े, पर यदि गुरुजी ने कहा है, तो श्री राम को आना ही होगा. इसमें कोई संशय नहीं. या शायद आते ही हों. अभी से ही कुछ तैयारी करनी होगी.- 'चलूँ उठूं, थोड़ा जल भर लाऊँ. ओह, राह में कितनी कंटीली झाड़ियां हैं, ऐसा करती हूं राह बुहार लेती हूं. जाने किस ओर से प्रभु का आना हो,' यह सोचती शबरी ने आश्रम के चारों ओर कई कोस तक मार्ग सींच रखे थे. हर दिन फूल चुन लाती. कंदमूल भी खोज लाती. दूर से आयेंगे राम, भूख लगी होगी प्रभु को. पर अब तो रात घिर आई. दीपक लगा देती हूं. राम को अंधेरा न लगे. वह रात में जागी-जागी सी सोती, हर खटके पर उठ बैठती. आ गए क्या? नहीं-नहीं भ्रम है शायद. दिन में लगातार कुछ न कुछ ऐसे तैयारी कर रही होती, जैसे अभी-अभी कोई आहट सुनी हो, और राम कुछ क्षणों में आ पहुंचेंगे. हर समय राम को सोचती, राम के लिए सोचती. कभी शबरी को राम से मित्र बोध होता, कभी उन्हें बालक जैसे मान लेतीं. एक बार तो राम का विराट स्वरूप भी देख लिया था मन में. कैसे दिखते होंगे प्रभु? गोरे चिट्टे, या श्यामल और ऊंचे पूरे होंगे. किस रूप में आएं क्या पता.. हां.. गुरुजी ने बताया था. संन्यासी वेष धर कर आयेंगे. राम को पाने की व्याकुलता बढ़ती जाती, पर धैर्य न छूटता. दिनों की प्रतीक्षा वर्षों में बदल गई. पर उस महा-तपस्विनी का न तो उत्साह कम होता, ना दिनचर्या ही बदलती. बस हर क्षण राम,राम और राम.

पर आज सुबह से देह थोड़ी ठीक नहीं. वन में बहुत दूर तक गईं थीं. लेकिन आज केवल ये बेर मिले सके. आज प्रभु आ गए, तो निरे बेर ही तो नहीं खिला सकती ना? थोड़ा सुस्ता लिया, अब वन की दूसरी ओर जा कर देखती हूं, शायद कहीं कुछ और मिले तो. खुद से बतियाती शबरी कुटिया से बाहर निकली. पर यह कस्तूरी चंदन सी सुगन्ध कहां से आ रही है. सूर्य का प्रकाश भी कुछ ज्यादा चमकीला है आज. आस-पास के पशु भी एक ही ओर निहारते जमा हैं कुटिया के बाहर क्या हो रहा है , देखूं तो.. ***(क्रमशः)***

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

चुनाव हारना-जीतना चलता रहता है, उसकी हमें चिंता नहीं है। परिसीमन में जो बेईमानी हुई और उसके ऊपर पुलिस की जो गुंडागर्दी रही, वह चिंताजनक है। पुलिस अधिकारी अब खुद कह रहे हैं कि हम पर भारी दबा था। - **अशोक गहलोत**



अनूपगढ़ नहर में पानी छोड़ने और सिंचाई व्यवस्था बदलने की मांग पर आंदोलन जारी

बिरधवाल हैड कूच से पहले किसानों को जगह-जगह रोका, 10 हिरासत में

सूरतगढ़/श्रीगंगानगर।

जिले में सिंचाई पानी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों को रविवार शाम बिरधवाल हेड से करीब दो किलोमीटर पहले पुलिस ने रोक दिया। पुलिस के अनुसार, इस दौरान प्रदर्शन कर रहे 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। किसान अनूपगढ़ शाखा नहर में पानी छोड़ने, रबी फसलों की बुवाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने और नहर संचालन व्यवस्था में बदलाव की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

अवरोधक हटाकर आगे बढ़े किसान, पुलिस से हुई झड़प

किसानों ने बिरधवाल हेड की ओर कूच करने के दौरान रास्ते में लगाए गए पुलिस अवरोधकों को हटाने का प्रयास किया। सूरतगढ़-छतरगढ़ मार्ग पर कई स्थानों पर पुलिस ने नाकाबंदी की थी और ट्रकों को खड़ा कर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। इसके बावजूद किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के काफिले के साथ आगे बढ़ते रहे। पुलिस के अनुसार, 270 आरडी के पास किसानों और पुलिस के बीच मामूली झड़प हुई। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मार्ग को बंद कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर पुलिस बल के साथ बिरधवाल हेड पर तैनात रहे।

वार्ता विफल के बाद किया कूच

इससे पहले जयपुर में सिंचाई मंत्री सुरेश रावत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय वार्ता में नहर में पानी छोड़ने की व्यवस्था में बदलाव को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। इसके बाद रविवार को घड़साना में हुई वार्ता भी विफल रही। नाराज किसानों ने बिरधवाल हेड की ओर कूच करने का निर्णय लिया। 'खेत बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति' के नेतृत्व में किसान लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है कि वर्तमान नहर संचालन व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर सिंचाई पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रबी फसलों पर संकट मंडरा रहा है।

पुलिस ने रोका काफिला

किसानों के आगे बढ़ने की सूचना के बाद सूरतगढ़-छतरगढ़ मार्ग पर 330 आरडी गोपालसर चौराहे के पास पुलिस ने अवरोधक लगाए। यहां अनूपगढ़ के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अशोक सांगवा और पुलिस अधिकारियों ने किसानों से बातचीत की, लेकिन किसान आगे बढ़ गए। इसके बाद 285 आरडी बीरमाना से पहले तीन स्थानों पर काफिले को रोकने की कोशिश की गई। शाम करीब साढ़े चार बजे 270 आरडी पर पुलिस ने दोबारा रोकने का प्रयास किया, जहां हल्की झड़प हुई। शाम करीब साढ़े पांच बजे किसानों को बिरधवाल हेड से पहले रोक दिया गया।

आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

रोकने के बाद किसान वन विभाग कार्यालय के सामने एकत्र हो गए। प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। किसान नेताओं ने कहा कि उनका आंदोलन किसी टकराव के लिए नहीं, बल्कि सिंचाई व्यवस्था में स्थायी सुधार और किसानों को पर्याप्त पानी दिलाने के लिए है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

भारी पुलिस बल तैनात, हल्का बल प्रयोग

सीमा सन्देश#खानुवाली।

खेत बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर घड़साना में धरना दे रहे हजारों किसान आज ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के साथ बिरधवाल हेड की ओर कूच कर गए। किसान हेड को खुलवाने और सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर आगे बढ़े। किसानों के कूच को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह उन्हें रोकने का प्रयास किया। हालांकि, किसानों ने अवरोध हटाकर आगे बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान प्रशासन की ओर से किसानों के साथ वार्ता की गई, लेकिन देर शाम तक कोई समाधान नहीं निकल पाया। जानकारी के अनुसार, किसान जब बिरधवाल हेड से करीब 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। किसानों के आगे बढ़ने के प्रयास के दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

रविवार को सत्संग में करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं सत्संग का लाभ उठाया

धन-दौलत जुटाने की दौड़ में इंसान को जीवन का असली उद्देश्य नहीं भूलना चाहिए:हुजूर जी



शिवशंकर सारड़ा

सूरतगढ़। धन-दौलत जुटाने की दौड़ में इंसान को अपने जीवन का असली उद्देश्य नहीं भूलना चाहिए। परिवार व समाज के प्रति जिम्मेदारियां निभाते हुए परमात्मा का स्मरण, अच्छे कर्म व रूहानियत का मार्ग अपनाना ही सार्थक जीवन का आधार है। यह संदेश रविवार को लालपुरा-पालीवाला स्थित राधा स्वामी डेरा के मेजर सेंटर में आयोजित रूहानी सत्संग में अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन हुजूरजी जसदीप सिंह गिल ने विभिन्न राज्यों से उमडी.संगत को दिया।

हुजूरजी ने कहा कि आध्यात्मिक जीवन का अर्थ सांसारिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ना नहीं है। पति-पत्नी के संबंधों, माता-पिता व संतान के प्रति कर्तव्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन जीवन की जरूरतों व सामाजिक कार्यों में उपयोगी है, लेकिन जरूरत से अधिक दौलत जमा करने में पूरी जिंदगी लगा देना उचित नहीं है। इंसान को बाहरी संपत्ति के साथ रूहानियत की कमाई पर भी ध्यान देना चाहिए।

सत्संग के दौरान डेरा प्रमुख ने चेतावनी भजन ओथे अमला दे होने ने नब्बेड़े, किसने नहीं जात पूछनी के माध्यम से कर्मों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि परमात्मा के दरबार में इंसान की जात-पात नहीं, बल्कि उसके कर्मों का हिसाब होता है। इसलिए केवल अच्छी बातें सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार व जीवन में उतारना जरूरी है। डेरा प्रबंधन के अनुसार रविवार को सत्संग में करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं सत्संग का लाभ उठाया। पंजाब सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई संगत की बड़ी संख्या के चलते सत्संग स्थल ही नहीं हाईवे पर पर दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा।



नामदान लेने वालों में मची रही होड़

राधा स्वामी डेरा में नामदान लेने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाती है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने वाले पंजीकृत श्रद्धालुओं को रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुजूरजी ने नामदान दिया। नामदान लेने वालों में भी होड़ मची रही। इसके बाद शाम 4 बजे उन्होंने लालपुरा-पालीवाला डेरा से प्रस्थान किया।

सेवादार व्यवस्थाओं में सक्रिय रहे

विशाल सत्संग के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखना भी बड़ी चुनौती रही। डेरा के सेवादारों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था संभाली। सूरतगढ़ से कैंचिया तक सूरतगढ़-श्रीगंगानगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेवादारों ने लगातार दो दिन सेवाएं देकर वाहनों की आवाजाही सुचारू रखने में सहयोग किया। आयोजन में उमड़ी भीड़ के बीच यातायात प्रबंधन के लिए सेवादार सक्रिय रहे। इसके अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भी डेरा अनुयाई पिछले तीन दिनों से ड्यूटी लगाकर विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

पुरुष-महिलाओं ने अपनी सेवाएं दी

सीमा सन्देश # बींझबायला।

सत्संग में हजारों की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने अपनी सेवाएं दी। किसी ने ट्रैफिक सेवा तो किसी ने लंगर में, किसी ने सफाई तो किसी ने मेडिकल सेवा की व्यवस्था में अपनी सेवा दी। पदमपुर, श्रीकरणपुर व इस रोड से सत्संग में जाने वाले श्रद्धालुओं को बीझबायला क्षेत्र के सेवादारों द्वारा मेन रोड स्थित राधा स्वामी डेरे बींझबायला में ठंडे पानी व चाय-नाश्ते की सेवाएं प्रदान की गईं।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528